जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11

खेल




टी 20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित, हरलीन देओल को नहीं मिला मौका


Page 09

देश




अब मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास पढ़ेंगे छात्र, एमएसयू ने शुरू किया नया कोर्स


कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 04 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 151 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,50,930 | ₹ 2,65,000 |

## आज का इतिहास

**1436 :** स्वीडिश विद्रोही और बाद में राष्ट्रीय नायक एन्गेलब्रेट एंगेलब्रेक्टसनसन ने एंजेलब्रेक विद्रोह के बीच हत्या कर दी।

**1886 :** अज्ञात हमलावर ने पुलिस की भीड़ में बम फेंक दिया, जिससे शिकागो में हेमार्केट नरसंहार में एक शांतिपूर्ण श्रमिक रैली हो गई, जिसमें सात पुलिस अधिकारियों और कई लोगों की मौत हो गई।

## न्यूज बाइट्स

### बीपीएससी परीक्षाओं में बड़ा बदलाव : अब प्री-मेंस सिस्टम, इंटरव्यू भी संभव

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अब बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। टीआरई-4 और एईडीओ समेत सभी प्रमुख परीक्षाओं को दो चरणों—प्री और मेंस—में आयोजित करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जरूरत पड़ने पर इंटरव्यू भी लिया जाएगा, जिसके आधार पर अंतिम चयन होगा। बीपीएससी ने इस संबंध में प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग बिहार को भेज दिया है। विभाग की मंजूरी मिलने के बाद इसे कैबिनेट में रखा जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सख्त और पारदर्शी बनाना है। नई प्रणाली के तहत अभ्यर्थियों की मार्कशीट का सत्यापन परीक्षा के दौरान ही एक चरण में किया जाएगा। इससे फर्जी अभ्यर्थियों की भागीदारी पर प्रभावी रोक लग सकेगी। हाल के वर्षों में पेपर लीक, परीक्षा केंद्रों पर नकल और कॉपियों में हेराफेरी जैसी घटनाओं को देखते हुए आयोग ने यह कदम उठाया है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार पहले चरण (प्री) में सफल अभ्यर्थियों को ही दूसरे चरण (मेंस) में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी मेंस परीक्षाएं पटना में आयोजित करने की योजना है, जहां केंद्रीकृत मॉनिटरिंग के जरिए कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में पहली बार शिक्षा अधिकारियों की भर्ती बीपीएससी के माध्यम से की जा रही है। 935 पदों पर भर्ती के लिए 14 से 21 अप्रैल के बीच नौ पालियों में परीक्षा आयोजित हुई थी। चयनित अभ्यर्थियों को सीधे नियुक्ति दी जाएगी। इससे पहले शिक्षा विभाग स्वयं ही इन पदों पर भर्ती करता था।

अब सरकार खुद गांव-गांव जाकर सुनेगी शिकायतें

# पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर, 30 दिन में होगा समस्याओं का समाधान : सीएम

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए पटना जिले में 'सहयोग शिविर' की शुरुआत की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर से मुक्ति दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अब अधिकारी खुद पंचायत स्तर पर पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और मौके पर ही कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करेंगे। जिला प्रशासन ने इस योजना को व्यवस्थित तरीके से लागू करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। तय किया गया है कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी पंचायतों में नियमित रूप से 'सहयोग शिविर' लगाए जाएंगे। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत 19 मई से होगी। पहले ही दिन पटना जिले की 40 पंचायतों में एक साथ शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे इस पहल को व्यापक स्तर पर लागू करने का संदेश जाएगा। पंचायतवार रोस्टर पहले से तैयार कर लिया गया है, ताकि किसी भी पंचायत को इस सुविधा से वंचित न रहना पड़े। शिविर में आने वाले लोग अपनी शिकायतें लिखित रूप में दर्ज करा सकेंगे। मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर संबंधित विभाग को सौंपा जाएगा और प्राथमिक जांच या कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी जाएगी। कई मामलों में, जैसे दस्तावेजों की कमी, प्रमाण पत्र से जुड़ी त्रुटियां या छोटे स्तर की प्रशासनिक बाधाएं, उनका निपटारा उसी दिन करने की भी व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया को परिणाममुखी बनाने के लिए स्पष्ट समयसीमा तय की है। प्रत्येक शिकायत का अधिकतम 30 दिनों के भीतर निपटारा करना अनिवार्य होगा। इसके लिए एक ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे हर आवेदन की स्थिति पर नजर रखी जा सके। संबंधित अधिकारी को तय समय के भीतर कार्रवाई पूरी करनी होगी, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी। इन शिविरों में जिन प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जाएगा, उनमें सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में गड़बड़ी, पेंशन स्वीकृति या भुगतान में देरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा मजदूरी भुगतान, जमीन से जुड़े विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, अतिक्रमण, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों से संबंधित समस्याएं शामिल हैं। इसके अलावा, किसी भी सरकारी योजना या सेवा से जुड़ी शिकायत, सुझाव या मांग को भी दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। केवल कागजी कार्रवाई पूरी करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिले। इसके लिए जिला स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी भी तय की गई है, जो समय-समय पर शिविरों का निरीक्षण करेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे। प्रशासन का जोर इस बात पर है कि 'सहयोग शिविर' केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न बनकर जन-समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बने। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी शिकायत को बंद करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो। अब तक आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड या जिला कार्यालयों का रुख करते थे, जहां समय और संसाधनों की काफी खपत होती थी।

कई मामलों में लंबी प्रक्रिया और जानकारी के अभाव में लोग परेशान होते थे। 'सहयोग शिविर' के माध्यम से सरकार ने प्रशासन को सीधे गांवों तक पहुंचाने की पहल की है, जिससे शासन और जनता के बीच दूरी कम होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह न केवल शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करेगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाएगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का प्रशासन पर भरोसा भी मजबूत होगा।

### वन-स्टॉप सॉल्यूशन व्यवस्था

'सहयोग शिविर' की सबसे बड़ी खासियत इसकी "वन-स्टॉप सॉल्यूशन" व्यवस्था है। आमतौर पर लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड, अंचल, जिला मुख्यालय और विभिन्न विभागों के दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस नई व्यवस्था में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, बिजली, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहेंगे। इससे न केवल समय और संसाधन की बचत होगी, बल्कि शिकायतों के समाधान की गति भी तेज होगी।

# दिल्ली दौरे के बाद तेज हुई कैबिनेट विस्तार की कवायद

## अमित शाह समेत एनडीए नेताओं से मिले सम्राट चौधरी

निज संवाददाता | पटना/नई दिल्ली



बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इन बैठकों को राज्य में प्रस्तावित कैबिनेट विस्तार से सीधे तौर पर जोड़कर देखा जा रहा है।

रविवार को हुए इस दौरे के दौरान सम्राट चौधरी ने बिहार एनडीए के प्रमुख नेताओं जीतन राम मांझी, ललन सिंह और नित्यानंद राय से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन बैठकों की तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि बिहार के विकास, राजनीतिक समन्वय और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। नित्यानंद राय के साथ हुई बैठक को मुख्यमंत्री ने सकारात्मक करार देते हुए कहा कि 'विकसित भारत और समृद्ध बिहार' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस तरह का संवाद आवश्यक है। वहीं, ललन सिंह के साथ राज्य के विकास कार्यों और आपसी तालमेल को मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ, जबकि जीतन राम मांझी के साथ मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य बिहार मंत्रिमंडल के विस्तार को अंतिम रूप देना है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ भी बैठक कर मंत्रियों के नामों पर सहमति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जिसके बाद से अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो पाया है। फिलहाल सरकार में दो उपमुख्यमंत्री—विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव—ही कार्यभार संभाल रहे हैं। ऐसे में दिल्ली दौरे के बाद यह उम्मीद और प्रबल हो गई है कि बिहार को जल्द ही पूर्ण मंत्रिमंडल मिल सकता है। राजनीतिक हलकों में अब सबकी निगाहें आगामी कैबिनेट विस्तार पर टिकी हैं, जो राज्य की प्रशासनिक गति और राजनीतिक संतुलन दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### राज्यपाल ने 'बिहार एजुकेशन समिट' में शिक्षा, संस्कृति और नवाचार पर दिया जोर



**पटना(नि.सं.)।** बिहार के राज्यपाल सय्यद अता हसनैन ने राजधानी पटना के होटल मौर्या में आयोजित "बिहार एजुकेशन समिट" में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन इवेंटजिक मीडिया द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षा के विभिन्न आयामों पर व्यापक चर्चा हुई। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है और विकास के कई महत्वपूर्ण आयाम सामने आए हैं, लेकिन इन उपलब्धियों को देश और दुनिया तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने की आवश्यकता है।

# बिहार मिट्टी जांच में बना अग्रणी राज्य दो वर्षों में आठ लाख नमूनों की जांच

निज संवाददाता | पटना

बिहार देश में मिट्टी स्वास्थ्य जांच के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ अग्रणी राज्य बन गया है। कृषि विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान करीब आठ लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई है। यह उपलब्धि न केवल कृषि प्रबंधन को वैज्ञानिक आधार प्रदान करती है, बल्कि किसानों को फसल उत्पादन में बेहतर निर्णय लेने में भी मददगार साबित हो रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में पांच लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई, जबकि वर्ष 2025-26 में तीन लाख नमूनों का परीक्षण किया गया। सामान्यतः तीन वर्षों के अंतराल पर मिट्टी की जांच की जाती है, ताकि उसकी उर्वरता, पोषक तत्वों की स्थिति और आवश्यक सुधारों का आकलन किया जा सके। इस दिशा में बिहार का प्रदर्शन उसे देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर रहा है।

राज्य सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए मिट्टी जांच की सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 25 जिलों में अनुमंडल स्तर पर कुल 32 नई मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में पहले से 14 अनुमंडल स्तरीय प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से किसानों को समय पर और सटीक जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है।

# सड़क हादसा : कार-ट्रक टक्कर में चार की मौत, दो घायल

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार और ट्रक की भीषण टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार चारों युवकों—कृष्णा, सोनू, मंतोष और कुंदन—की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में दो अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया भी पुलिस द्वारा जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार मोतिहारी की ओर से आ रही थी और उसने पहले एक बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद चालक तेज रफ्तार में भागने की कोशिश कर रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के दौरान दो लोग कार से बाहर जा गिरे, जबकि दो अन्य वाहन के अंदर ही फंस गए थे, जिन्हें बाद में बाहर निकाला गया। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एलपीजी कालाबाजारी पर सख्ती

## 32 हजार छापेमारी, 145 एफआईआर

निज संवाददाता | पटना

राज्य में रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति और कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने व्यापक अभियान छेड़ दिया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार के नेतृत्व में चल रहे इस राज्यव्यापी अभियान का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को समय पर और तय दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना है। लगातार निगरानी, छापेमारी और सख्त कार्रवाई के चलते अब इसका असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक पूरे राज्य में 32 हजार से अधिक स्थानों—गैस एजेंसियों, गोदामों और संदिग्ध वितरण केंद्रों—पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की जा चुकी है। जहां भी अनियमितता पाई गई, वहां तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए 145 एफआईआर दर्ज की गई है। इसके साथ ही अवैध या व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे दो हजार से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

यह कार्रवाई न केवल कालाबाजारी करने वालों के लिए सख्त संदेश है, बल्कि वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम भी माना जा रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभाग ने राज्य स्तर पर एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इस कंट्रोल रूम के शुरू होने के बाद शिकायत निवारण व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। पहले जहां प्रतिदिन 400 से अधिक शिकायतें दर्ज हो रही थीं, वहीं अब यह संख्या घटकर औसतन 10 से 15 प्रतिदिन रह गई है।

# नीट यूजी : कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा, 35 जिलों में 1.60 लाख अभ्यर्थी शामिल

निज संवाददाता | पटना



देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 रविवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच आयोजित हुई। बिहार के 35 जिलों में 150 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां करीब 1.60 लाख अभ्यर्थी परीक्षा दिए। वहीं देशभर में लगभग 23 लाख छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया गया था, जो दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे तक चला। इस बार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए थे। राजधानी पटना समेत कई जिलों में परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गईं। निर्धारित समय के बाद केंद्रों पर एंट्री पूरी तरह बंद कर दी गई। अभ्यर्थियों को केवल सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी रही कि परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से गुजरना पड़ा। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ, ईयरफोन, हेडफोन, माइक्रोफोन, कैलकुलेटर, डिजिटल घड़ी, फिटनेस बैंड, पेन ड्राइव और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या वायरलेस उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। यहां तक कि छोटे-छोटे छिपे डिवाइस की भी विशेष जांच की गई। मुजफ्फरपुर समेत कई केंद्रों पर छात्राओं की नोज पिन तक उतरवाई गई, जबकि जूड़े खुलवाकर बालों की जांच की गई। जूते पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। पानी की बोतल पर लगे रैपर हटाकर ही अंदर ले जाने की अनुमति मिली। घड़ी, बैंड और अन्य एक्सेसरीज़ भी हटवाए गए। केंद्रों के आसपास अभिभावकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाई और उन्हें निर्धारित दूरी से आगे नहीं जाने दिया गया।

इस वर्ष परीक्षा का आयोजन देश के 552 शहरों और विदेश के 14 शहरों में किया जा रहा है। एनटीए ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन का कहना है कि हाल के वर्षों में सामने आए पेपर लीक और नकल के मामलों को देखते हुए इस बार कोई जोखिम नहीं लिया जा रहा है।

जनता के बीच जाकर संगठन मजबूत करने पर फोकस

# चंपारण से शुरू हुई निशांत कुमार की सियासी यात्रा

निज संवाददाता | पटना



बिहार की राजनीति में एक नई शुरुआत करते हुए निशांत कुमार ने रविवार से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कर दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत ने पिता की तर्ज पर "यात्रा" के जरिए राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का फैसला किया है। रविवार को पटना स्थित जदयू कार्यालय से उनकी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पहले उन्होंने 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर पिता से आशीर्वाद लिया। निशांत कुमार ने अपनी इस पहली राजनीतिक यात्रा की शुरुआत महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण से की है, जो राजनीतिक रूप से प्रतीकात्मक और रणनीतिक दोनों ही दृष्टि से अहम माना जा रहा है। लंबे समय से जदयू कार्यकर्ताओं और नेताओं को जिस कदम का इंतजार था, वह अब साकार हो गया है। हाल ही में जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही निशांत कुमार ने पूरे बिहार की यात्रा का ऐलान किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि उनकी सोच, समस्याओं और अपेक्षाओं को समझा जा सके। यात्रा को लेकर निशांत कुमार ने कहा कि वे समाज के हर वर्ग—अमीर-गरीब, दलित और गैर-दलित—सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसके लिए लोगों तक पहुंचकर उनसे सीधे संवाद करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और चंपारण से शुरुआत इसी सोच का प्रतीक है, जहां से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन की नींव रखी थी। निशांत कुमार ने यह भी कहा कि यह उनकी पहली राजनीतिक यात्रा है और इसका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BEMS (Electrohomeopathy Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# संक्षिप्त समाचार

## भैंस के बच्चे को टक्कर मारने के विवाद में महिला पर जानलेवा हमला में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के फरकाबुजुर्ग गांव से पुलिस बलों ने मारपीट मामले में एक फरार अभियुक्त को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2025 के 7 जुलाई की शाम को फरकाबुजुर्ग गांव में भैंस के बच्चे को बाइक से टक्कर मारने की बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक महिला पर जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। मामले में पीड़िता फरकाबुजुर्ग गांव निवासी राजकुमार प्रसाद की पत्नी बबीता देवी ने रजौली थाना में आवेदन देकर 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बलों द्वार छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच बीते शनिवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में वांछित अभियुक्त फरकाबुजुर्ग गांव निवासी लालो पासवान के पुत्र फूलन पासवान उर्फ अजय पासवान को पुलिस बलों द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दहेज हत्या मामले में रजौली पुलिस ने मृतका के पति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**रजौली।** रजौली थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि अंधरवारी गांव निवासी विनोद सिंह के पुत्र कुंदन कुमार को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बीते 30 अप्रैल को कुंदन कुमार की पत्नी नेहा देवी का शव सदर अस्पताल नवादा में मिला था। मामले में मृतका के पिता अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुलना गांव निवासी गृहरक्षक रामाशीष प्रसाद ने फर्द बयान दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को उनके बड़े दामाद अमित कुमार ने फोन पर सूचना दी कि उनकी बेटी नेहा देवी की तबीयत बहुत खराब है और ससुराल वाले उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा लेकर गए हैं। सूचना पर जब वे अस्पताल पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी नेहा देवी मृत पड़ी थी। पीड़ित पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर अक्सर उनकी बेटी से विवाद करते थे। उन्होंने कहा कि संतान के रूप में उनकी केवल दो बेटियां हैं। संपत्ति के लालच में ससुराल वालों ने उनकी छोटी बेटी नेहा देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिता के बयान के आधार पर मृतका के पति कुंदन कुमार, सास किरण देवी, ननद ऋचा कुमारी व सलोनी कुमारी तथा ससुर विनोद सिंह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति कुंदन कुमार को अंधरवारी गांव से गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## कौआकोल से गायब नाबालिग बच्ची का नहीं मिला सुराग

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के जोगाचक गाँव से 30 अप्रैल 2026 को गायब हुई नाबालिग बच्ची का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस संबंध में बच्ची के पिता श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री अनुराधा कुमारी (काल्पनिक नाम) घर से पढ़ाई करने के लिए स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई,लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। अंततः श्री शर्मा ने कौआकोल थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मारपीट में युवक घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गाँव में शनिवार की देर शाम आपसी मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मधुरापुर गांव निवासी देवनन्दन यादव के 35 वर्षीय पुत्र अजय यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि आपसी विवाद में युवक के सर पर हमला कर दिया गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। स्वजनों द्वारा उसे कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए युवक को नवादा रेफर कर दिया गया। समाचार प्रेषण तक घटना को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## कटिहार में एक दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट सम्पन्न

**कटिहार।** आदिवासी फुटबाल क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में जिले से कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिला फुटबाल संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला एवं निगम पार्षद दिनेश पांडे ने फीटा काटकर मैच का उद्घाटन किया।बिनोद चौधरी,विजय मेम्बर,आशिस कुमार साह, बिक्रम इत्यादि ने रेफरी की भुमिका निभाई। फाइनल में विजेता टीम मनसाही और उपविजेता केहुनिया टीम को दिलीप कुमार साह ने पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। जिला फुटबाल संघ के महासचिव ने बताया कि कटिहार जिला फुटबाल टीम पुरुष एवं महिला दोनों टीमें जिला से बाहर बिहार में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके लिए जिला फुटबाल संघ का कोच बिनोद चौधरी की तारीफ करते हुए धन्यवाद दिया।

## प्राथमिक विद्यालय रौतेय के शत प्रतिशत छात्र छात्राएं स्कूल ड्रेस में विधालय आते हैं

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड के गेठौरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय रौतेय के प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने छात्र-छात्राओं को प्रति दिन विधालय भेजने के लिए अविभावकों को प्रेरित करते हैं। प्रधानाध्यापक प्रत्येक दिन स-समय विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय के सफाई कर्मी के द्वारा स्वयं खड़े होकर विधालय परिसर तथा शौचालय की साफ सफाई करवाते हैं। प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने बताया कि विद्यालय 10 डिसमिल जमीन पर स्थित है। विधालय में 6 कमरे का भवन है। विद्यालय में कुल 118 छात्र-छात्राएं नामांकित है। विधालय में कुल प्रधानाध्यापक सहित सात शिक्षक- शिक्षिकाओं पदस्थापित है।जिसमें वरिय शिक्षक राजेश कुमार,अमिता भारती है। सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं विधालय के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं। प्रधानाध्यापक गणेश रजक छात्र छात्राओं की उपस्थिति बरकरार रखने के लिए स्वयं तथा शिक्षकों के साथ पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर अविभावकों से मुलाकात कर अनियमित छात्र- छात्राओं को प्रति दिन विधालय भेजने के लिए अविभावकों को प्रेरित करते हैं।जिसका परिणाम है कि इस विधालय में उपस्थिति प्रति दिन काफी अच्छा रहता है। प्रधानाध्यापक प्रति दिन छात्र उपस्थित पंजी का अवलोकन भी करते हैं। और जो छात्र- छात्राएं अनुपस्थित पाए जाते हैं। उन छात्रों के घर स्वयं जा कर अविभावकों को उन अनियमित छात्रों को नियमित रूप से विधालय भेजने के लिए प्रेरित करते हैं। इस विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका प्रति दिन स-समय विद्यालय उपस्थित हो कर समय सारणी के अनुसार चेतना सत्र के पश्चात नियमित रूप से एफ एल एन,टीएल एम का उपयोग एवं गतिविधि आधारित पठन-पाठन का कार्य करते हैं।इस विधालय के सभी छात्र साफ सुथरे पोशाक में विद्यालय उपस्थित होते है। विधालय की व्यवस्था देखने से लगता है कि यह कोई प्राईवेट विधालय है। जहां सभी छात्र अनुशासित होकर पठन-पठान के लिए विधालय आते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रौतेय में इतनी बेहतरीन तरीके से विद्यालय का संचालन प्रधानाध्यापक कर रहे हैं।इस व्यवस्था को बनाये रखने में विधालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक- शिक्षिकाओं को श्रेय जाता है। विधालय की व्यवस्था तथा पठन पाठन अनुशासन,छात्रोपस्थिति,छात्रों की शैक्षणिक विकास की चर्चा आसपास के क्षेत्र में भी खूब हो रही है। विधालय प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षक- शिक्षिका विभागीय आदेश का अक्षरशः स-समय पालन करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने बताया कि स्टूडेंट डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम में विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक डाटा के अलावा संपूर्ण डाटा को अपलोड किया जा चुका है। विधालय में अध्ययन रत छात्र- छात्राओं ने बताया कि हमें प्रत्येक दिन मीनू के अनुसार प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मध्याह्नान गुणवत्तापूर्ण भोजन कराया जाता है। प्रधानाध्यापक गणेश रजक कहते हैं कि अगर विद्यालय में शुद्ध शीतल पेयजल हेतु आर.ओ.की व्यवस्था हो जाता तो छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा मिलता। विद्यालय परिसर में चाहारदीवारी के निर्माण होने के साथ-साथ मुख्य गेट का निर्माण हो जाता, तो सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर होता। क्यों कि विधालय के सामने मुख्य सड़क गुजरती है।

# सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल, रजौली अनुमंडलीय अस्पताल की अव्यवस्था ने बढ़ाई मुश्किलें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के डीह रजौली से दावत खाकर लौट रहे दो बुलेट सवार युवक शनिवार की रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना सिमरकोल के पास सर्विस लेन में बने एक ब्रेकर के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घायलों की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के महवतपुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार और विकास सिंह के पुत्र चुन्नू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक डीह रजौली गांव में सुरेंद्र सिंह के घर आयोजित 'बहुभात' कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा घटित हुआ।

**घंटों तड़पता रहा घायल, अस्पताल प्रबंधन की संवेदनहीनता आई सामने :** हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए रजौली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिंहा ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। विडंबना यह रही कि एक घायल प्रिंस कुमार को तो तत्काल एंबुलेंस मुहैया कराकर भेज दिया गया, लेकिन दूसरे घायल चुन्नू सिंह को एंबुलेंस के लिए घंटों तक स्ट्रेचर पर तड़पना पड़ा। इस दौरान घायल के परिजन और ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका से सहमे रहे और लगातार चिकित्सक से एंबुलेंस की गुहार लगाते रहे। हालांकि, अस्पताल के चिकित्सक यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ते नजर आए कि एंबुलेंस का प्रबंधन उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

**75 बेड के अस्पताल और ट्रामा सेंटर की खुली पोल, कागजों तक सीमित सरकारी दावेः** रजौली का यह अनुमंडलीय अस्पताल कहने को तो 75 बिस्तरों वाला विशाल चिकित्सा केंद्र है और यहां एनएच-20 की संवेदनशीलता को देखते हुए ट्रामा सेंटर का उद्घाटन भी किया जा चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। अस्पताल में मौजूद तीन एंबुलेंस में से दो चालू हालत में हैं और एक खराब पड़ी है। घटना के वक्त एक एंबुलेंस पहले ही किसी मारपीट के मामले के घायल को लेकर निकल चुकी थी, जिसके कारण दूसरे गंभीर घायल के लिए अस्पताल के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। काफी हंगामे और ग्रामीणों द्वारा 104 नंबर एवं प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप से शिकायत किए जाने के बाद सिरदला पीएचसी से एंबुलेंस मंगवाई गई, तब जाकर घायल युवक को पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल भेजा जा सका।



ग्रामीणों की लगी अस्पताल के समीप भीड़

**सड़क हादसों के गढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का अकाल, आक्रोश में स्थानीय ग्रामीणः** एनएच-20 के किनारे बसे रजौली में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद ट्रामा सेंटर का केवल कागजों पर संचालित होना सरकार और स्वास्थ्य विभाग की बड़ी विफलता को दर्शाता है। महवतपुर गांव के ग्रामीणों में बब्लू सिंह, संतोष सिंह, पप्पू सिंह, डीह रजौली निवासी मुरारी सिंह, छपरा गांव निवासी बिक्कु सिंह आदि का आरोप है कि ट्रामा सेंटर के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की गई हैं, जबकि गंभीर स्थिति में मरीजों को समय पर एंबुलेंस तक नसीब नहीं होती। अस्पताल प्रबंधन के इस निष्क्रिय रवैये और संसाधनों की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और सरकार ने समय रहते अपनी कुंभकर्णी नींद नहीं तोड़ी, तो इसी तरह लोग असमय काल के गाल में समाते रहेंगे।

# शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी स्थान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हुआ ध्वजारोहन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के नारदीगंज अंदर बाजार में शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी स्थान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन को लेकर तीन मई 2026 यानी रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत ध्वजारोहण हुआ। वाराणसी के पुरोहित आचार्य राकेश पांडेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कराये। यजमान की भूमिका राजीव रंजन उर्फ राजू जी व उनकी धर्मपत्नी इंदु देवी और प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी ने पूजा अर्चना व ध्वजारोहण किये। तदोपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। पूजा अर्चना होने से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। जय माता दी के उद्घोष से सारा वातावरण गूंजते रहा। उसके बाद प्याज,लहसुन, मांस,मछली व मांसाहारी भोजन वर्जित हो गया। आयोजक मंडल के सदस्यों ने कहा छह मई 2026 को यज्ञ मंडप से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 13 मई 2026 को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में देवी मां एवं अन्य मूर्तियों का भक्तिभाव से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रतिदिन भंडारे होगी। वैसे 14 मई 2026 को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ आयोजित महायज्ञ सम्पन्न हो जाएगा। मौके पर श्रद्धालुओं में विनय कुमार साव, विनोद कुमार,कृष्णदेव चक्रवर्ती, संदीप कुमार, पंचायत समिति सदस्य रानी देवी,संजय कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, अजय यादव,अखिलेश यादव,दीपू पांडेय,गौतम कुमार,बम कुमार, रंजीत कुमार विश्वकर्मा, राकेश कुमार, अमित कुमार समेत काफी संख्या में लोग भक्तिभाव से शामिल हुए।



# शराब मामले में वांछित पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर शराब के नशे में हंगामा करने वाले समेत शराब मामले में चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस बलों ने शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के चैली गांव निवासी जितेंद्र राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार उर्फ मुस्का के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर शराब मामले को लेकर दर्ज थाना कांड संख्या 141/21 के वांछित अभियुक्त जॉब कला गांव निवासी दर्शन यादव के पुत्र सरयू यादव, थाना कांड संख्या 441/21 के अभियुक्त मोहकामा गांव निवासी मिश्री मांझी के पुत्र अर्जुन मांझी, थाना कांड संख्या 488/25 के अभियुक्त एकम्बा गांव निवासी लालो राजवंशी के पुत्र अजीत कुमार एवं थाना कांड संख्या 116/26 के अभियुक्त जोगनी गांव निवासी शिव बालक यादव के पुत्र संतोष यादव को पुलिस बलों के सहयोग से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि शराब मामले में गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

# NEET-UG परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित National Eligibility Cum Entrance Test (UG)-2026 परीक्षा दिनांक 03.05.2026 को नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच एवं प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। केन्द्रों के अंदर एवं बाहर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिला पदाधिकारी, नवादा, श्री रवि प्रकाश द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवादा एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, निषिद्ध सामग्रियों की जांच तथा परीक्षा कक्षों में निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क एवं जिम्मेदार रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया था, जिसका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित हुआ। जिले के सभी 05 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1944 परीक्षार्थियों में से 1861 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 83 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# रजौली पुलिस ने दो गांवों से दो वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के दो अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बल ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चितरकोली गांव निवासी छोटू तुरिया के पुत्र रामस्वरूप तुरिया और अमावां गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र हीरा यादव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण इनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों के घर पर दबिश दी और हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों वारंटियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद रविवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस न्यायालय के आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रही है।

# मुख्य सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

## मरीजों को अस्पताल ले जाने में हो रही है परेशानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के कहूनिया पंचायत के वार्ड नंबर 12 के निवासी मो. रॉबी की अचानक तबियत बिगड़ गयी। परिजन के लोग एवं ग्रामीणों ने आनंद-फानन में सड़क की स्थिति खराब रहने के कारण चिकनी टोला से मुख्य सड़क बिसारे तक चारपाई में लाद कर प्राणपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु ले जाया गया।



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक तीन पंचायत केवाला,केहूनिया,सहजा को जुड़ने वाली मुख्य सड़क नहीं बन पाई है।जिसके कारण चिकनी टोला,दिघियापार आदिवासी टोला,झरना टोला,गुणी टोला सहित दर्जनों गांव के लोगों को बरसात के मौसम में आवागमन तथा बीमार,मरीजों को अस्पताल इलाज हेतु ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण बीमार,मरीज एवं प्रसव महिलाओं को चारपाई पर लदा कर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर तथा अन्य अस्पतालों में ले जाया जाता है।

ग्रामीणों ने डीएम व बिहार सरकार से उक्त आजादी के बाद से पड़ी सड़क को मुख्य सड़क तक मिट्टी भराई कर पक्की कारण कराने की मांग किया है।

# किन्नरों के उत्थान के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, श्री आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, श्री अरविन्द कुमार के निर्देश पर दिनांक 03.05.2026 को रेलवे स्टेशन परिसर, नवादा में किन्नरों के अधिकार एवं उत्थान तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत विषयक एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में डिफेंस अधिवक्ता श्री अमन जैन द्वारा किन्नरों के अधिकार एवं उनके उत्थान के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही जनोपयोगी सेवाओं के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। सितारा योजना 2023 के अंतर्गत किन्नरों के पुनर्वास एवं उनके हितों की पूर्ति हेतु उपस्थित किन्नरों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने आगे बताया कि किन्नर हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्हें हेय दृष्टि से देखना एक सामाजिक कुरीति है, जिसे दूर करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस किसी व्यक्ति को विधिक जानकारी एवं परामर्श की आवश्यकता हो, वे इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा से संपर्क कर विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा इस हेतु सदैव तत्पर है। इस कार्यक्रम में रेलवे प्रशासन, डिफेंस अधिवक्ता श्री अमन जैन, पारा विधिक स्वयंसेवक बबलू कुमार एवं अन्य किन्नर उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला सिपाही से अफेयर, 2 थानों के ड्राइवर में गोलीबारी, एक ने दूसरे को कट्टे से मारी गोली




**गयाजी**। गयाजी में एक महिला सिपाही के प्रेम प्रसंग में दो अलग-अलग थानों के ड्राइवर के बीच गोलीबारी हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह परैया थाना और कोतवाली थाने के ड्राइवर के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर एक ड्राइवर ने फायरिंग कर दी। घायल की पहचान नीरज और आरोपी की पहचान गौतम के रूप में हुई है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कोइरीबारी के पास की बताई जा रही है। वारदात के बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस ने आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद घायल नीरज खुद बाइक चलाकर कोतवाली थाना पहुंचा, जहां से उसे इलाज के लिए पिलग्रिम अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए ANMCH रेफर कर दिया गया। यहां नीरज का इलाज चल रहा है। परैया थाना में कार्यरत प्राइवेट ड्राइवर गौतम और कोतवाली थाना के ड्राइवर नीरज के बीच लंबे समय से महिला सिपाही को लेकर तनाव चल रहा था। महिला सिपाही कोतवाली थाने में लिपिक के पद पर तैनात है। सूत्रों की मानें तो आरोपी गौतम ने पहले नीरज की गतिविधियों पर नजर रखी और फिर प्लानिंग के तहत तड़के देसी कट्टे से नीरज के सीने में गोली दाग दी।

महिला सिपाही सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पितामहेश्वर के पास किराए के मकान में रह रही हा। शुक्रवार की देर रात कोतवाली पुलिस का ड्राइवर उसके कमरे पर पहुंचा। इस बात की सूचना किसी ने परैया थाने के प्राइवेट ड्राइवर को दी। इस बात की सूचना मिलते ही परैया पुलिस का प्राइवेट चालक परैया पितामहेश्वर महिला सिपाही के कमरे पर पहुंचा और कोतवाली पुलिस के चालक को गोली मार दी। महिला सिपाही कोतवाली से पहले परैया थाने में तैनात थी। वारदात के बाद नीरज ने कोतवाली थाना पहुंचकर पूरे वारदात की जानकारी दी। इसके बाद घटना की सूचना सीनियर अधिकारियों को दी गई। फिर आरोपी गौतम की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। गयाजी के सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा लगता है। आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ये भी खंगाल रही है कि वारदात को पहले से बनाए गए प्लान के तहत अंजाम दिया गया है या फिर अचानक हुए विवाद का परिणाम है। पुलिस इस बिंदू पर भी जांच पड़ताल कर रही है कि आखिर आरोपी गौतम के पास देसी कट्टा कहां से आया, उसने देसी कट्टा कहां से कितने रुपए में अरेंज किया? पुलिस अब हथियार के स्रोत के साथ-साथ, आरोपी की मंशा और महिला सिपाही की भूमिका समेत अन्य पहलुओं की जांच में जुट गई है।

### नालंदा के लोगों को बिजली बिल से मिलेगी राहत, छह मई को लगेगा सोलर मेला, ऑन-द-स्पॉट कर सकेंगे अप्लाई

**नालंदा**। नालन्दा के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अपने घर की छत को कमाई का जरिया बनाने और भारी-भरकम बिजली बिल से हमेशा के लिए पीछा छुड़ाने का एक सुनहरा अवसर सामने आया है। छह मई को बिहारशरीफ स्थित विद्युत डिविजन कार्यालय परिसर में एक विशाल सोलर मेले का आयोजन होने जा रहा है, जिसका औपचारिक उद्घाटन जिलाधिकारी कुंदन कुमार करेंगे। यह मेला महज एक प्रदर्शनी भर नहीं है, बल्कि एक ऐसा साझा मंच है जहां बिजली विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि और सोलर पैनल लगाने वाली तमाम पंजीकृत एजेंसियां एक साथ मौजूद रहेंगी। विभाग का मुख्य उद्देश्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाना और उपभोक्ताओं को मौके पर ही ऑन-द-स्पॉट आवेदन के साथ-साथ ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता और पारदर्शिता है। अक्सर उपभोक्ता इस बात को लेकर उलझन में रहते हैं कि सोलर पैनल लगाने के लिए किस एजेंसी का चुनाव करें या बैंक से लोन की प्रक्रिया क्या होगी। मेले में इस समस्या का समाधान करते हुए अलग-अलग काउंटर बनाए जा रहे हैं, जहां उपभोक्ता अपनी पसंद की सोलर एजेंसी खुद चुन सकेंगे। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत उपभोक्ताओं को भारी सब्सिडी का फायदा दिया जा रहा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने घर पर तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाता है, तो उसे अधिकतम 78 हजार रुपये तक का सरकारी अनुदान मिलेगा। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो एक किलोवाट पर 30 हजार और दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये की सीधी सब्सिडी दी जा रही है। वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए बैंकों ने भी बेहद उदार शर्तें रखी हैं। अगर किसी उपभोक्ता के पास पैनल लगवाने के लिए एकमुश्त राशि नहीं है, तो बैंक मात्र पांच से छह फीसदी की बेहद कम ब्याज दर पर लोन मुहैया कराएंगे। सबसे राहत की बात यह है कि दो लाख रुपये तक के ऋण के लिए सिबिल स्कोर या जटिल कागजी कार्रवाई की कोई आवश्यकता नहीं होगी। केवल पहचान पत्र, फोटो, घर की रसीद और बिजली बिल के आधार पर ऋण प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। विभाग ने बुजुर्गों का भी ख्याल रखा है, जहां 60 साल से अधिक उम्र के लोग अपने उत्तराधिकारियों के नाम पर लोन लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

आर्थिक दृष्टिकोण से यह सौदा उपभोक्ताओं के लिए काफी मुनाफे वाला साबित होने वाला है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोलर पैनल पर किया गया निवेश महज चार साल के भीतर बिजली की बचत के रूप में वापस मिल जाता है। उदाहरण के तौर पर, एक किलोवाट का पैनल लगाने पर साल भर में करीब 8,400 रुपये की बचत होती है, जबकि इसकी वारंटी 25 साल तक की होती है। साथ ही, पैनल लगाने वाली संबंधित एजेंसी पांच साल तक मुफ्त मेंटेनेंस की सुविधा भी देगी। अधीक्षण अभियंता मनीषकांत के अनुसार, इस मेले के जरिए लोग न केवल बिजली बिल शून्य कर सकेंगे, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेंगे। विभाग ने जिले भर के उपभोक्ताओं से इस अवसर का फायदा उठाने की अपील की है।

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सीवान प्रशासन ने निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता



**सीवान**। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन ने जिले के सभी पत्रकारों, मीडियाकर्मियों एवं समाचार जगत से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने अपने संदेश में कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है और पत्रकार समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीएम ने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर सच्चाई को सामने लाते हैं और प्रशासन एवं जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कोविड महामारी, बाढ़, आगजनी और लू जैसी आपदाओं के दौरान मीडिया की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन प्रेस की स्वतंत्रता, सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग सेल भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस मौके पर प्रशासन ने पत्रकारों से सकारात्मक एवं जनहित की पत्रकारिता को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर खबरों की सत्यता जांचकर ही प्रकाशित करने, आपदा के समय आधिकारिक सूचनाओं को प्राथमिकता देने, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने तथा डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी गई। डीएम ने उन पत्रकारों को भी नमन किया, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता के लिए सदैव सहयोग करता रहेगा।

# चलती ट्रेन से उतारकर लड़की के साथ गैंगरेप, 10 हिरासत में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



चेन पुलिंग की, फिर पीड़िता को जबरन उठाकर ले गए 5 बदमाश

**गयाजी**। गयाजी-पटना रेलखंड पर शनिवार को ट्रेन से जबरन उतारकर एक लड़की के साथ गैंगरेप हुआ है। मामले में पीड़िता ने 5 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता जहानाबाद जिले की रहने वाली है। लड़की का कहना है कि वह अपने घर जहानाबाद से बेलागंज अपने ननिहाल जा रही थी। वह ट्रेन से सफर कर रही थी। इसी दौरान चाकंद के पास आरोपियों ने पहले चेन पुलिंग की। इसके बाद उसे जबरन नीचे उतारा। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद वो किसी तरह भाग कर परिजनों और पुलिस तक पहुंची। घटना 2 स्टेशनों के बीच हुई है। फिलहाल घटना का कोई CCTV सामने नहीं आया है।

**शक के आधार पर हिरासत में 10 बदमाशः** वारदात चाकंद और बेला स्टेशन के बीच की है। घटना की सूचना मिलते ही बेलागंज थाना पुलिस सक्रिय हो गई। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके में छानबीन शुरू कर दी। संदेह के आधार पर 10 युवकों को हिरासत में लिया गया है और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात में कौन-कौन शामिल थे और ट्रेन में चेन पुलिंग किसने की। शनिवार को पीड़िता के आवेदन पर बेलागंज थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच कराया है। साथ ही घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सबूत जुटाए गए हैं।

**भाकपा माले की टीम पहुंची पीड़िता के घरः** भाकपा माले की एक जांच टीम रविवार को पीड़िता के ननिहाल और घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, बेलागंज प्रखंड सचिव सूर्यविलास पासवान, जिला कमेटी सदस्य मो. शेरजहां ने पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। तारिक अनवर ने कहा कि 4 मई को बेलागंज बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला तो जनआंदोलन किया जाएगा।

**DSP बोले- दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारीः** शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने सुनसान इलाके को वारदात के लिए चुना। लॉ एंड ऑर्डर DSP रवि प्रकाश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला बेहद गंभीर है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ जारी है। दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद बेलागंज समेत आसपास के इलाकों में लोगों में आक्रोश है।

## बेलागंज गैंगरेप मामला, पीड़िता के घर पहुंची भाकपा माले

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ 4 मई को गयाजी बाजार बंद होगा, नेताओं ने कहा- दोषियों को सजा हो

**गयाजी**। गया के बेलागंज थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। । इस मामले की गंभीरता को देखते हुए भाकपा माले की एक जांच टीम रविवार को पीड़िता के ननिहाल और घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। परिजनों के अनुसार, युवती शुक्रवार शाम जहानाबाद से ट्रेन से बेलागंज स्थित अपने ननिहाल आ रही थी। बेला स्टेशन से ट्रेन खुलने के कुछ दूरी पर आउटर सिग्नल के पास रुक गई। इसी दौरान युवती ट्रेन से उतर गई, जहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे अपने कब्जे में लेकर सुनसान जगह पर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, बेलागंज प्रखंड सचिव सूर्यविलास पासवान, जिला कमेटी सदस्य मो. शेरजहां ने पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

**4 मई को बाजार बंद करेगी पार्टीः** घटना के विरोध में भाकपा माले के नेताओं ने 4 मई को बेलागंज बाजार बंद रखने और विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने के लिए व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा। राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर ने राज्य सरकार और प्रशासन पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया। भाकपा माले ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## 'महिला के साथ रेप की कोशिश, विरोध करने पर मर्डर'



♦ मां बोली- पड़ोसी ने घर में घुस कर पीटा, फिर जहर खिला कर मार डाला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में महिला के साथ कल रेप की कोशिश हुई। मां का आरोप है कि विरोध करने और आरोपी परिजनों से शिकायत करने पर उसे जहर दे कर मार दिया गया। इस मामले में आज पीड़िता की मां ने बिंद थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायत दर्ज करा कर न्याय की गुहार लगाई है।

एफआईआर में 6 लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामला बिंद थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 35 साल की बेटी अपने ससुराल में रह रही थी। शनिवार को बेटी अपने घर में अकेली थी। वो सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही रहने वाला रिश्तेदार गौतम यादव घर में घुस गया और जबरदस्ती करने लगा।

लड़की ने किसी तरह हिम्मत दिखाते हुए उसे अपने ऊपर से धकेला और चिल्लाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद वह अपनी जान बचाकर घर से बाहर भागी। घटना की शिकायत लेकर जब पीड़िता आरोपी के घर पहुंची, तो वहां मौजूद आरोपी के परिजनों- प्रेमा देवी, अशोक यादव, बंटी कुमार, गौरी कुमारी और आरती कुमारी ने उसे न्याय देने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए लड़की के साथ मारपीट की।

**घर पर आकर की मारपीटः** मामला यहीं शांत नहीं हुआ। जब पीड़िता किसी तरह अपने घर वापस लौटी, तो सभी आरोपी उसके घर आ धमके और फिर से मारपीट करने लगे। इसी बीच अशोक यादव के बेटे गणेश यादव ने फोन पर अपनी मां को उकसाते हुए कहा कि उसे मारो मत, बल्कि जहर देकर हमेशा के लिए खत्म कर दो। आरोप है कि इसके तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने पीड़िता को पकड़ लिया और उसे जबरन जहर खिला दिया। जब महिला की तबीयत बिगड़ने लगी, तो उसने फोन के जरिए अपनी बड़ी बहन और भाभी को पूरी आपबीती सुनाई।

फिलहाल, पीड़िता की मां ने पुलिस को सौंपे आवेदन में गौतम यादव, गणेश यादव और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बिंद थाना के अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि आवेदन मिला हुआ है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई है और एफएसएल की टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है।

# नालंदा जिले में जनगणना का काम शुरू, डोर-टू-डोर पहुंचेगी टीम, प्रगणकों ने संभाली कमान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




♦ वेब पोर्टल पर फिलहाल 75 हजार लोगों का डिटेल

**नालन्दा**। नालन्दा जिले में जनगणना 2027 के पहले चरण का शंखनाद हो गया है। जिसके तहत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने डोर-टू-डोर मकान सूचीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वगणना की निर्धारित समय सीमा शुक्रवार को समाप्त होने के बाद अब प्रगणक धरातल पर उतरकर आंकड़ों के सत्यापन में जुट गए हैं। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी नवल किशोर रजक ने बताया कि कुल 75 हजार 911 लोगों ने निर्धारित वेब पोर्टल पर स्वगणना के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी और 33 मूलभूत प्रश्नों का विवरण दर्ज किया है। अब प्रगणकों का मुख्य कार्य 31 मई तक इन आंकड़ों का घर-घर जाकर सत्यापन करना और मकानों की सूची तैयार करना होगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिले भर में 5399 प्रगणक और 923 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। जिन्हें नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और आवश्यक गणना सामग्री पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है।

**मौके पर ही सुधार किया जाएगाः** प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस बार जनगणना का पूरा स्वरूप डिजिटल रखा गया है, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित की जा सकेगी। जब प्रगणक घरों पर पहुंचेंगे, तो नागरिकों को अपनी विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (एसई आईडी) साझा करनी होगी। अगर पोर्टल पर दर्ज विवरण रिकॉर्ड से मेल खाता है, तो उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। किसी भी त्रुटि की स्थिति में प्रगणक मौके पर ही सुधारे करेंगे।

**आम जनता से सहयोग की अपीलः** गणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में विभाजित की गई है, जिसमें वर्तमान में जारी पहले चरण में केवल मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है, जबकि जनसंख्या की मुख्य गणना दूसरे चरण में नौ से 28 फरवरी 2027 के बीच आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करें, ताकि जिले के सटीक आंकड़े एकत्रित किए जा सकें। रहुई के अम्बा पंचायत में शनिवार को पहुंचे कर्मियों ने मकानों पर नंबर अंकित करने और सूचीकरण की प्रक्रिया को गति दी, जो आने वाले एक महीने तक निरंतर जारी रहेगी।

# 3 अलग जगहों से हथियार के साथ 5 गिरफ्तार, एक की निशानदेही पर मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



पटना के गौरीचक इलाके से एक अपराधी पकड़ा गया। उनकी निशानदेही पर नालंदा में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ। पटना पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने कहा कि मालसलामी, खाजेकला और गौरीचक थाना से 2 पिस्टल, 4 कट्टा, कट्टा बनाने वाले 10 बैरल मिला है। जिसका इस्तेमाल मिनी गन फैक्ट्री में होना था। अलग-अलग जगहों से 5 अरेस्ट हुए हैं। बैरल पटना से नालंदा भेजा जा रहा था। फिलहाल मिनी गन फैक्ट्री में काम करने वाली शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अपराधियों ने बताया है कि राघोपुर दियारा इलाके से 30,000 से 35,000 में हथियार खरीद कर लाए हैं। मालसलामी, खाजेकला से जो गिरफ्तार हुए हैं उनका मिनी गन फैक्ट्री से लेना-देना नहीं है।

**गिरफ्तार एक अपराधी जेल से निकला थाः** एसपी ने कहा कि मालसलामी थाना को गुप्त सूचना मिली कि जेल से निकला अपराधी सुमित कुमार के पास हथियार है। इसके बाद उसे लोकेट कर पकड़ा गया। तलाशी ली गई तो एक लोडेड कट्टा मिला। इससे पूछताछ के आधार पर सूरज राय नाम के अपराधी के घर की तलाशी ली गई। यहां से 3 अन्य अपराधी हथियार के साथ पकड़े गए। मामले में 4 गिरफ्तारी हुई। एक पिस्टल, 3 कट्टा और 7 कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए अपराधी सुमित कुमार, सूरज राय, भूमि कुमार, विकास कुमार सभी मालसलामी के रहने वाले हैं। इन सभी के आपराधिक इतिहास भी हैं। एनडीपीएस एक्ट में दो-तीन बार जेल जा चुके हैं।

**नालंदा में कट्टे की मैन्युफैक्चरिंग होनी थीः** गौरीचक इलाके से एसटीएफ के सहयोग से 2 अपराधियों को हथियार खरीद-बिक्री करते गिरफ्तार किए गए हैं। अपराधी महेश यादव भगवानगंज पटना, सदन प्रसाद नालंदा का रहने वाला है। इसके पास से एक कट्टा, एक बाइक, 12750 रुपए, देशी बनाने वाले 10 पीस बैरल बरामद किए गए हैं। इसका आगे जाकर मिनी गन फैक्ट्री में इस्तेमाल होता। इन लोगों ने पूछताछ में बताया है कि नालंदा जिला का रहने वाला एक अपराधी कृष्णा विश्वकर्मा है, वहां बैरल भेजता था। वहां पर कट्टे की मैन्युफैक्चरिंग होनी थी। इसकी निशानदेही पर नालंदा के नगरनौसा थाना क्षेत्र में एक मिनी गन फैक्ट्री का भी खुलासा हुआ है।

# राजगीर की 'द वाइल्ड कॉल' को दादासाहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल, 23 प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों से रूबरू होते दर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ राजगीर जू सफारी ने किया निर्माण



**नालन्दा**। बिहार की रचनात्मकता और तकनीकी नवाचार ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेरी है। राजगीर जू सफारी की ओर से निर्मित 12 मिनट की अत्याधुनिक 180° इमर्सिव एनिमेटेड वन्यजीव फिल्म "द वाइल्ड कॉल" ने 16वें दादासाहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल 2026 में 'सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फिल्म' का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। 30 अप्रैल 2026 को आयोजित इस समारोह में भारतीय सिनेमा के जनक दादासाहेब फाल्के की विरासत को नमन करते हुए इस स्वतंत्र फिल्म को सम्मानित किया गया, जो बिहार के लिए गौरव का विषय है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के अंतर्गत राजगीर जू सफारी की ओर से निर्मित इस फिल्म का निर्देशन नवीनध एस. फरीद और अजहरूद्दीन सुलैमान ने किया है। फिल्म की सफलता के पीछे पटना के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक गोपाल सिंह (आईएफएस) और राजगीर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम (आईएफएस) का सशक्त मार्गदर्शन रहा है। उच्च गुणवत्ता वाले एनिमेशन के साथ-साथ घिब्रान वैबोधा की ओर से तैयार भावनात्मक संगीत ने इस फिल्म को दर्शकों के लिए एक प्रभावशाली अनुभव बना दिया है। "द वाइल्ड कॉल" महज एक फिल्म न होकर एक भावनात्मक यात्रा है, जो शेर और बाघ के शावकों की कहानी के माध्यम से भारत की समृद्ध जैव-विविधता को प्रदर्शित करती है। फिल्म में भारतीय महासागर, पश्चिमी घाट, हिमालय और थार मरुस्थल जैसे विविध क्षेत्रों को अत्यंत जीवंत ढंग से दिखाया गया है।

**23 प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों से रूबरू होते दर्शनः** दर्शक इसके जरिए भारतीय हाथी और ग्रेट इंडियन बस्टर्ड जैसी 23 प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों से रूबरू होते हैं। फिल्म न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व जैसे गंभीर विषयों पर एक सशक्त संदेश भी देती है।

इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजगीर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने कहा कि यह क्षण पूरी टीम के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि फिल्म को वैश्विक स्तर की तकनीकी उत्कृष्टता के साथ तैयार किया गया है, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। पुरस्कार बिहार को नवाचार और पर्यावरणीय नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाता है और यह साबित करता है कि रचनात्मक माध्यमों से जन-जागरूकता को प्रभावी ढंग से बढ़ाया जा सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### चौखंडी में विवाद के बाद फायरिंग, एक घायल

**सासाराम (रोहतास)।** जिले के सासाराम स्थित चौखंडी (सिटी मॉल) के पास रविवार को एक मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसके बाद फायरिंग की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक पक्ष ने गोली चला दी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।

### मारपीट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

**काराकाट / रोहतास।** काराकाट थाना में दर्ज मारपीट के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांड संख्या 191/26 के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम किसुआड़ी निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र उमेश कुमार को पुलिस ने दबोच लिया। इस संबंध में काराकाट थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय थाना में मारपीट का मामला दर्ज था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**दिनारा / रोहतास।** थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि कांड संख्या 176/26 के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए ग्राम अर्थु निवासी हरिवंश चौधरी पिता नथुनी चौधरी व बिंध्याचल चौधरी तथा नीतीश चौधरी दोनों पिता हरिवंश चौधरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों पर मारपीट करने का आरोप था, जिसके बाद मामले की जांच करते हुए उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के उपरांत सभी को विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके।

### एक मामले में पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**दिनारा / रोहतास।** भानस थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट के एक मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसही निवासी श्रीराम सिंह के पुत्र चंदन कुमार सिंह एवं मिलन कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विजय बैठा ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 22/26 के तहत मारपीट करने का मामला दर्ज था। मामले की जांच के क्रम में दोनों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक पूछताछ एवं जांच पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है।

### ट्रैक्टर-टेंपो की भिड़ंत में महिला की मौत, मां-बेटी गंभीर

**करगहर (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के रामपुर नरेश गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, बलरामपुर निवासी रंजन चौधरी की पत्नी उषा देवी अपनी मां कविता देवी और बेटी मुस्कान कुमारी के साथ टेंपो से सासाराम जा रही थीं। इसी दौरान रामपुर हाई स्कूल के समीप सामने से आ रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने नियंत्रण खो दिया और टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस दुर्घटना में उषा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। चालक की पहचान अगरेर थाना क्षेत्र के रकसिया गांव निवासी शमीम अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। घटना की जांच जारी है।

### आमने-सामने बाइक भिड़ंत में तीन युवक गंभीर, सदर अस्पताल रेफर

**करगहर (रोहतास)।** सासाराम–चौसा मार्ग स्थित मालिया बगीचा के समीप रविवार को दो बाइकों की जोरदार टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, दिनारा थाना क्षेत्र के सरना गांव निवासी राहुल कुमार बाइक से सासाराम जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार सीवन निवासी सचिन कुमार और केतल कुमार से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक बाइक सहित सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरे। इस हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों के अनुसार, दो युवकों के सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) है, जबकि एक युवक का हाथ और पैर फ्रैक्चर हो गया है। बेहतर इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है।

### कोचस के अलग अलग सड़क दुर्घटना मे व गिरकर एक महिला समेत पांच लोग घायल

**कोचस (रोहतास)** थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसे में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि बक्सर निवासी विकास कुमार उम्र 33 वर्ष पिता गोपाल प्रसाद तथा उनकी पत्नी नेहा यादव शनिवार की देर रात्रि अपने वाहन से बक्सर से कोचस आ रहे थे तभी वाहन अनियंत्रित हो पलट गई जिसमें पति-पत्नी दोनों लोग अमीर रूप से घायल हो गए, जबकि कोचस बाजार स्थित अज्ञात वाहन के चपेट में आने से ग्राम कपसीया थाना कोचस जिला रोहतास निवासी मिथिलेश कुमार सिंह पिता दशरथ सिंह शनिवार को गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ थाना क्षेत्र के कटिया टोल प्लाजा के समीप रविवार सुबह अज्ञात वहन ने एक युवक में ठोकर मार दी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना के बाद एनएचआई कर्मियों ने अपने वाहन से घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सको की देखरेख मे उपचार चल रहा है। युवक की पहचान रोहतास अकबर पुर निवासी इब्राहिम के रूप मे हुई है।

वही प्रखंड क्षेत्र के सोरठी गांव मे मकान निर्माण कार्य के दौरान ग्राम दैदहा निवासी कृपा शंकर शाह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के मदद से घायल को निजी क्लिनिक मे भर्ती कराया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायल के दाहिना पैर की हड्डी टूटने की बात कह बेहतर इलाज के लिए बनारस ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

इस संदर्भ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि सभी घायलों का उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर डेहरी के पत्रकारों ने की बैठक

## बदलते दौर में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोहतास जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा रविवार को नील कोठी स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों—निष्पक्षता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा—को पुनः सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रवि कुमार ने की, जबकि बड़ी संख्या में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार इसमें शामिल हुए। बैठक की शुरुआत विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चर्चा के साथ हुई। बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1993 में इस दिवस की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करना और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना है। तब से यह दिन मीडिया जगत के लिए आत्ममंथन और प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया है।

संगठन के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम "शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण" पत्रकारों के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने डिजिटल युग में बढ़ती फेक न्यूज की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि सत्य, स्वतंत्रता और जवाबदेही के साथ पत्रकारिता करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कहा कि तकनीक ने जहां सूचना के प्रसार को तेज और व्यापक बनाया है, वहीं गलत सूचनाओं के प्रसार का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में पत्रकारों को और अधिक सजग और जिम्मेदार बनना होगा ताकि समाज तक केवल सत्य और प्रमाणिक जानकारी ही पहुंचे।

बैठक में कमलेश कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि पत्रकारिता को बिना किसी भय या पक्षपात के किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया का काम सत्ता से सवाल पूछना और जनता तक सच्चाई पहुंचाना है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि सरकारी हस्तक्षेप कम होगा, तो पत्रकारों के लिए निष्पक्ष रिपोर्टिंग करना आसान होगा और जनता तक सही जानकारी पहुंच सकेगी। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में मीडिया की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को न केवल खबरों को प्रस्तुत करना है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और लोकतंत्र को मजबूत करने में भी अपनी भूमिका निभानी है।

बैठक के दौरान सभी पत्रकारों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करेंगे। उन्होंने भरोसेमंद और तथ्यात्मक खबरों को प्राथमिकता देने की बात कही, ताकि जनता का विश्वास मीडिया पर बना रहे। कार्यक्रम के अंत में पत्रकार रामजी रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकों से पत्रकारों को अपने दायित्वों की याद दिलाने और आपसी समन्वय को मजबूत करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर पत्रकार अशोक कुमार सिंह, अखिलेश कुमार हीरो, सच्चिदानंद उर्फ दीपू , सोनू कुमार , लव कुमार, शशि सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, रोहित कुमार सिंह, गोलू कुमार, इरफान, प्रो. अनिल कुमार सिंह, शशांक केतन, आयन खान सहित कई अन्य पत्रकार मौजूद थे। यह बैठक पत्रकारिता के मूल मूल्यों को पुनर्स्थापित करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# पहले गुरु-हमारे माता-पिता हैं जिन्होंने हमें यह जीवन दिया: पंकज जी महाराज



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** गुरु के बिना आत्मा-परमात्मा का भी कोई बोध नहीं होता। कहावत है कि गुरु करैं जानि कै, पानी पियै छानि कै।गुरु तीन प्रकार के होते हैं। पहले गुरु-हमारे माता-पिता हैं जिन्होंने हमें यह जीवन दिया। दूसरे गुरु-वे हैं जिन्होंने मुझे भौतिक विद्या का ज्ञान कराया, हमें कमाने खाने लायक बनाया। और तीसरे गुरु-वो हैं जिन्होंने हमें आत्मा-परमात्मा का गुढ़ ज्ञान रहस्य का भेद बताया। उक्त बातें गुरु महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज ने कोचस के कुरूसा गांव में आयोजित सत्संग संग में हजारों श्रद्धालुओं के बीच अपने प्रवचन में कहीं।कहा कि प्रभु का अंश यानि जीवात्मा के भण्डार का एक बूंद हमारे शरीर में दोनों आंखो के मध्य बैठा दिया गया। जो शब्द की खुराक से बराबर संचालित है और उसी ईश्वरीय शक्ति से हमारी ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को संचालित करती रहती हैं। महाराज जी ने शाकाहारी जीवन जीने तथा नशीले पदार्थों से परहेज करने की अपील किया और कहा कि खानपान के दूषित होने से ही प्रकृति नाराज है। कभी भी कुछ भी कर सकती है जिससे जनहानि और धनहानि दोनों सम्भव है। यदि आप जन-धन हानि से बचना चाहें तो शाकाहार को अपनायें। अच्छे समाज के निर्माण के भागीदार बने। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कुरूसा शिक्षक मनोज कुमार सिंह, मंहगू साह, हंसराज सिंह, राम नायक सिंह, उमाशंकर सिंह, विजय राम, जगजीवन सिंह, देव धारी सिंह, हरदेव सिंह, अरुण कुमार सिंह, आदि मौजूद थे।

# सोमवार को 11 केवी तकिया फीडर का विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम / रोहतास।** विद्युत आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 11 केवी तकिया फीडर पर लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्य विद्युत संरचना के उन्नयन के तहत किया जा रहा है, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। निर्धारित तिथि के अनुसार यह कार्य 4 मई (सोमवार) को किया जाएगा। कार्य के सुरक्षित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित 11 केवी तकिया फीडर का पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस अवधि के दौरान फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

सहायक विद्युत अभियंता, सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने बताया कि यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और इससे न केवल वर्तमान नेटवर्क की मजबूती बढ़ेगी, बल्कि लाइन लॉस में कमी आएगी तथा आकस्मिक विद्युत बाधाओं की संभावना भी कम होगी। उन्होंने कहा कि विभागीय टीम द्वारा कार्य को समयबद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं।

कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। विभाग उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है, साथ ही आमजन से सहयोग की अपील करता है कि वे निर्धारित समयावधि के दौरान आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। विद्युत विभाग द्वारा यह भी बताया गया है कि उपभोक्ताओं की सुविधा एवं बेहतर सेवा प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस प्रकार के रख-रखाव एवं उन्नयन कार्य समय-समय पर किए जाते हैं।

# भक्ति में वातावरण में संपन्न हुआ पुण्यतिथि का कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम / रोहतास ।** महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम सासाराम के प्रांगण में ब्रह्मलीन जगत गुरु कौलाचार्य महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया। महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी के आत्मा के शांति हेतु समाधि पूजन , हवन, आरती, शांति पाठ,हवन, श्रद्धांजलि सभा, संकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम के पीठाधीश्वर ,महामंडलेश्वर स्वामी स्वामी रणजीतेशानंद जी ने किया। कार्यक्रम में शामिल मुख्य लोगों के द्वारा ब्रह्मलीन महर्षि अंजनेश जी महाराज के जीवनी पर विशेष प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्य को याद किया गया।

आज के इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री दण्डी स्वामी जितेन्द्रानंद जी महाराज, शाक्त अखाड़ा परिषद से स्वामी गंगा नंद जी महाराज,अनंतानंतानंद जी, मां रूद्राणी जी,अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम परमपुरी रायपुर चोर से पुनियानंद पुरी जी,स्वामी आराधानंद पुरी जी, अखिल भारतीय संघ समिति पश्चिम बंगाल के महामंत्री ब्रह्म विद्यानंद जी महाराज, अखिल भारतीय संत समिति झारखंड के अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद जी,बिहार प्रदेश से गोस्वामी तुलसी दास जी ,विश्व हिंदू परिषद से वीरेंद्र विमल जी, बजरंग दल,नगर पूजा समिति रोहतास सासाराम से सरदार मानिक सिंह, डॉक्टर शिवनाथ चौधरी,अरुण कांस्यकार,अशोक कुमार,राम इकबाल सिंह,बलजीत कुमार,बिकास गुप्ता,प्यारे लाल अंकित गुप्ता,गोलू दुबे,सानू तिवारी,गोपी जी,अमन जी,चंदन जी सीनियर सिटीजन एसोसिएशन से रामायण पाण्डेय जी,अनिल सिंह जी,श्रीमती रीता श्रीवास्तव,सीता राम जी ,श्री सत्यनारायण स्वामी,बबन सिंह जी,श्री लखन सिंह,श्री दिवाकर तिवारी, सतन सिंह,मुक्तेश्वर तिवारी,अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,उमेश सिंह,लक्ष्मी नारायण सिंह,रामायण चौबे,अखलेश सिंह हकीम अनिशुजामा,बिमल पाण्डेय,स्वामी गिरी नंद जी,स्वामी संजयानंद जी,स्वामी मुद्रिका जी,सुरेश जी,कार्तिक आनंद,बिकास कुमार चंदन सोनू रवि प्रकाश ,केदार जी पुष्कर बहादुर,लोकेश बहादुर, इंजीनियर नवीन कुमार, डॉक्टर प्रवीण सिन्हा, अधिवक्ता आलोक सिन्हा,सुधांशु श्रीवास्तान,रजनीश श्रीवास्तव,डेहरी ऑन सोन से मिथिलेश कुमार राजीव रंजन कुमार,धनंजय सिन्हा, रतना सिन्हा इत्यादि विभिन्न धार्मिक,सामाजिक,राजनीतिक संगठनों से उनके पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित संत एवं भक्तगण शामिल रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी महर्षि अंजनेश आश्रम के मीडिया प्रभारी सह स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा के द्वारा दी गई।

# जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय कुमार झा

## मिलकर गुलदस्ता देकर बधाई दिये,जदयू प्रदेश नेता आशुतोष सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम / रोहतास।** जनता दल यू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा से मिलकर गुलदस्ता देकर बधाई शुभकामनाएं दिए जदयू के प्रदेश नेता सह अधिवक्ता आशुतोष सिंह,ईस मौके पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जनता दल यू का संगठन पूरा बिहार प्रदेश सहित पूरे देश में बहुत ही मजबूत होगा एनडीए गठबंधन बहुत ही मजबूत होगी और बिहार में जदयू नीतीश कुमार जी आने वाले चुनाव में बहुत ही एनडिये गठबंधन को फायदा होने वाली है,बधाई देने वाले में जदयू प्रदेश नेता आशुतोष सिंह सहित मृत्युंजय पांडेय,अशीष सिंह,परशुराम सिंह,एनुअल



खान,बंटी पाठक रामबाबू सिंह सहित अन्य लोगों ने बधाई शुभकामनाएं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा को बनने पर दिया।

# अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में दहशत का माहौल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** जिले के अमझोर थाना क्षेत्र स्थित चितौली गांव में पहाड़ की तलहटी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। शव की हालत अत्यंत खराब होने के कारण हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि स्थानीय चरवाहे जब मवेशी चरा रहे थे, तभी उन्हें इलाके से तेज दुर्गंध महसूस हुई। संदेह होने पर उन्होंने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि एक गड्ढे में शव पड़ा हुआ है, जिसके बाद तत्काल अमझोर



थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कराया जा रहा है तथा उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों और जिलों से संपर्क किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि शव को करीब एक सप्ताह पूर्व यहां लाकर फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है। घटनास्थल पर इंस्पेक्टर सुरेश राम, तिलौथू थानाध्यक्ष शुभम कुमार, अमझोर अपर थानाध्यक्ष नुमान खान और एएसआई प्रवीण कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और शव की पहचान होने के बाद मामले का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह दो से तीन बार जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस कार्यालय, डेहरी में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आमजनों एवं फरियादियों से सीधे मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। प्राप्त आवेदनों के आधार पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।बताया गया कि यह इस माह का पहला शनिवार का जनता दरबार था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

# सनातन : संघर्ष और अस्तित्व

\- डा. दिलीप कुमार

बिक्रमगंज / रोहतास।"सनातन पर आघात एक संघर्ष का इतिहास , सनातन का अर्थः-जो शाश्वत है, सदा बना रहने वाला है, ना आदि ना अंत"

सनातन धर्म या हिंदू धर्म जो हजारों वर्षों से अपने मार्गों पर अटल रहा है ।यह एक अकाट्य सत्य है। सनातन धर्म जो वेदों पर आधारित हड़प्पा सभ्यता (लगभग 3000 ईसा पूर्व )से भी पुरानी मानी जाती है ।इस धर्म में सत्य, अहिंसा और मोक्ष की मार्ग तक का सफर तय करने की बात बताई गई है ।

इतिहास गवाह है कि सनातन धर्म पर बहुत बार और बहु आयामी आक्रमण किया गया। पौराणिक कथानुसार, प्राचीन काल में असुरों, दैत्यों, और राक्षसों का वैदिक विधि-विधानों पर आक्रमण की बात बताई गई है। मध्यकाल में सनातन धर्म पर महमूद गजनवी तथा अन्य विदेशी आक्रमणकारियों ने धर्म और मंदिरों पर हमला किया। ब्रिटिश काल के



दौरान भी सनातन धर्म पर ईसाई मिशनरियों ने भी संस्कृति, सभ्यता और धर्म पर वैचारिक आक्रमण किया। आधुनिक काल यानि आजादी के बाद भी वर्तमान समय में बड़बोले राजनेताओं के द्वारा हिंदू धर्म को "बीमारी"( डेंगू /मलेरिया) बताकर खत्म करने जैसी गिद्ध दृष्टिकोण रखते हुए वैचारिक हमला किया जा रहा है । उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में ख्वाजा गरीब नवाज (KGN) जिम( व्यामशाला)में जनवरी - फरवरी 2026 में अवैध धर्मांतरण , यौन-शोषण, शादी के झांसा और ब्लैकमेलिंग जैसे घिनौना खेल जिम ट्रेनर अहमद और खान परिवार के द्वारा हिंदू लड़कियों के साथ"जिम जेहाद "किया जाता था। उत्तर प्रदेश सरकार में अपराधियों के लिए कठोर एवं सख्त नियम के बावजूद भी इस तरह का कृत्य विदेशी फंडिंग के द्वारा किया जा रहा था।

भारत के विख्यात कंपनी टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) के नासिक कार्यालय के कई कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न और धार्मिक दुर्व्यवहार जैसे कृत्य अभी हाल ही में चर्चा में रहा है जो एक बार लोकतांत्रिक भारत में सनातन धर्म पर आक्रमण करने का दुस्साहस किया गया।

अभी टीसीएस का घाव ताजा ही था कि तथाकथित सनातनी सरकार की एक बड़े अधिकारी बिहार पुलिस अधिनियम 1978 का हवाला देते हुए सनातन धर्म के मानने वाले कर्मियों को तिलक, चंदन ,कलेवा इत्यादि प्रयोग पर रोक लगा दी और कार्रवाई करने का आदेश भी दे दिया गया।

भारत देश में सरल ,सहज एवं लचीला संविधान के अनुच्छेद 15 का सीधे तौर पर उल्लंघन हो रहा है। दुख की बात यह है की उल्लंघन वैसे लोगों के द्वारा किया जा रहा है जो कानून के, संविधान के, रखवाले अपने को कहते हैं। जो संविधान के सम्मत शपथ लेते हैं और संविधान के द्वारा शासन करने और उनके नियमों पर चलने की बात करते हैं।

ऐसा तो नहीं ,कि धर्म विरोधी या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सनातन कहा,कब और किसने सुरक्षित होने का भीख मांगे।।जिम के नाम पर , नौकरी के बहाने, धर्मांतरण तथा विभिन्न प्रकार से सनातनी रिति रिवाजों पर पूर्वाग्रह से ग्रसित लोग आज भी सनातन पर हमलावर है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश मे धर्मनिरपेक्ष की बात होती है। संविधान के अनुच्छेद 15 में धर्म,जाति,लिंग भेद के आधार पर भेदभाव नहीं करना है ।फिर भी कानून का अपमान किया जा रहा है।

"प्राचीन में राजतंत्र दोषी था,अब लोकतंत्र, आगे किसतंत्र पर भरोसा किया जाए। "

क्या इस तरह के घिनौना कृत्य को राष्ट्र विरोधी, धर्म विरोधी तथा विदेशी षड्यंत्र नाम देना उचित नहीं होगा।।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एनएच पर धूल का गुबार, सांस लेना दूभर

**बेगूसराय**। ट्रैफिक चौक से एनएच-31 के फ्लाईओवर के नीचे गुजरते ही धूल का गुबार लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। कपासिया से जेल गेट तक बन रहा 4.3 किमी लंबा एलिवेटेड फ्लाईओवर अंतिम चरण में है, लेकिन सड़क पर फैली मिट्टी और मलबा हालात बिगाड़ रहा है। वाहन गुजरते ही धूल की चादर फैल जाती है, जिससे विजिबिलिटी कम हो जाती है और हादसे का खतरा बढ़ जाता है। दोपहिया चालक चेहरे ढंककर चल रहे हैं, वहीं पैदल यात्री भी आंख बचाते हुए रास्ता पार करने को मजबूर हैं।

### मोहनपुर के छात्रों की अपील: "हमें युद्ध नहीं, शांति चाहिए"

**बेगूसराय**। दूर देशों में चल रहे संघर्ष का असर अब जिले के गांवों तक महसूस किया जा रहा है। शनिवार को मोहनपुर स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए विश्व शांति की अपील की। बच्चों ने एक स्वर में कहा-"हमें युद्ध नहीं, शांति और रोटी चाहिए।" विद्यालय परिसर में जुटे छात्रों ने बताया कि वैश्विक तनाव और ईंधन संकट का असर सीधे उनके घर और पढ़ाई पर पड़ रहा है। महंगाई बढ़ने से परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, जिससे शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। छात्रों के अनुसार गैस सिलेंडर महंगा होने और आपूर्ति बाधित होने से कई घरों में चूल्हे ठंडे पड़ रहे हैं। स्कूल में भी मिड-डे मील बनाने के लिए लकड़ी का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे धुएं के कारण खांसी और सांस की दिक्कत बढ़ रही है। बच्चों ने बताया कि ईंधन महंगा होने से छोटे उद्योग-धंधे प्रभावित हुए हैं, जिससे अभिभावकों की आमदनी घटी है और इसका असर उनकी पढ़ाई पर पड़ रहा है। बढ़ते तनाव के कारण वे मानसिक दबाव भी महसूस कर रहे हैं। छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को पोस्टकार्ड भेजकर "वसुधैव कुटुंबकम्" के संदेश के साथ शांति की अपील करने का निर्णय लिया है। उन्होंने नारा दिया-"युद्ध रोको, भविष्य बचाओ।"

### प्रेस की स्वतंत्रता पर माउंट लिट्रा में विशेष सभा हुई

**बेगूसराय**। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेस की स्वतंत्रता, उसकी भूमिका और लोकतंत्र में उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कक्षा 7 की छात्रा प्रकृति दास ने "लोकतंत्र में मीडिया का महत्व" विषय पर अपने विचार आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली नाटक के माध्यम से यह दर्शाया कि स्वतंत्र प्रेस किस प्रकार समाज को जागरूक करता है और सच्चाई को सामने लाने में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया लोकतंत्र की मजबूती का आधार होता है तथा समाज को सही दिशा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शीतल देवा ने कहा कि स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की आत्मा है, जो समाज को सजग और सशक्त बनाती है।

### ये हैं प्रखंडों के ब्लैक स्पॉट

**भागलपुर**। जिले में लगातार सड़क हादसों में लगातार मौतें हो रही हैं। लेकिन कुछ ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं, जहां ज्यादा लोगों की जान गई है। जिले में 22 ब्लैक स्पॉट हैं। इनमें शहरी इलाके में नौ व ग्रामीण में 13 अधिक हादसे वाली जगहें हैं। पिछले तीन साल में इन ब्लैक स्पॉटों पर 97 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे अधिक विक्रमशिला सेतु के पोल संख्या 102 से 145 तक 9 की जान जा चुकी है। जबकि प्रखंडों में घोरघट मिल्की चौक से भोला स्थान तक सबसे अधिक चार हादसों में चार की मौत हुई। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि हादसों के हिसाब से सबसे अधिक खतरनाक सड़क शहरी क्षेत्र के हैं। यहां के छह ब्लैक स्पॉट पर 42 लोगों की हादसों में जान गई है। लगातार मौत के बाद भी पुलिस और प्रशासन की तरफ से इंतजाम नहीं किए गए हैं। ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, जागरूकता के लिए संकेतक लगाए जाते हैं। तीखे मोड़ों पर रोड सेफ्टी मिरर लगाया जाता है, ताकि चालक को मोड़ के उस पार की गतिविधि पहले ही दिख सके। अब अगले माह सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग की बैठक होगी। उसमें इन ब्लैक स्पॉट पर क्या इंतजाम किए जाएं, इस पर चर्चा होगी। अगली बैठक में होगी सुरक्षा पर चर्चा जिले में 22 ब्लैक स्पॉट हैं। अगली बैठक में इन स्पॉट पर सुरक्षा के लिए क्या-क्या उपाय किए जाने हैं, इस पर चर्चा होगी। सभी सुरक्षात्मक इंतजाम किए जाएंगे। इसमें सभी सुरक्षा उपायों पर बात की जाएगी।

### पूर्व सीओ की पेंशन में 5% की कटौती

**भागलपुर**। गोराडीह के तत्कालीन सीओ नवीन भूषण के पेंशन राशि में 5 प्रतिशत की कटौती होगी। उन पर सरकारी भूमि के गलत म्यूटेशन और कार्यों में लापरवाही का मामला है। 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त होने के बाद विभाग द्वारा की गई जांच में उन पर लगाए गए पांच में से चार आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एक्शन लिया। समाहर्त्ता के 14 फरवरी 2023 के पत्र के आधार पर उनके खिलाफ आरोप पत्र गठित किया गया था। उन पर आरोप था कि स्वत्व वाद लंबित रहने के बावजूद उन्होंने म्यूटेशन को स्वीकृत किया, मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा।

### मायागंज अस्पताल में शेड व रोड निर्माण शुरू

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए इमरजेंसी वार्ड से लेकर फेब्रिकेटेड वार्ड तक शेड और सड़क निर्माण कार्य शनिवार शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के अनुसार करीब 100 मीटर लंबा शेड बनाया जाएगा। इसके साथ ही सड़क भी तैयार की जाएगी, ताकि इमरजेंसी वार्ड से लेकर फेब्रिकेटेड वार्ड तक मरीजों को ले जाने में किसी तरह की दिक्कत न हो। अक्सर तेज धूप या बारिश के दौरान मरीजों और परिजनों को काफी परेशानी होती थी।

### एईडीओ परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी को किया ब्लैकलिस्ट

**मुंगेर**। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) परीक्षा 14 अप्रैल को जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जिसमें कुल 6419 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस दौरान 21 सॉल्वर गैंग की गिरफ्तारी के बाद परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इस फैसले से हजारों अभ्यर्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया है, जो लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। दरअसल, परीक्षा के पूर्व संध्या से ही मुंगेर प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 17 परीक्षार्थियों और 4 एजेंटों को गिरफ्तार किया था। प्रशासन का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर पेपर लीक को बड़े स्तर पर फैलने से रोक लिया गया हालांकि, इस घटना ने परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। अब इस पूरे मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को सौंप दी गई है। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि फरार मुख्य आरोपी, जो एक कोचिंग संचालक है, अभी तक गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। परीक्षा में उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी +2, मुंगेर की विशिष्ट शिक्षिका अर्चना कुमारी, जिन्हें केंद्राधीक्षक बनाया गया था, पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। निरीक्षण के दौरान बायोमैट्रिक एजेंसी के प्रतिनिधियों को मोबाइल फोन का उपयोग करते पाया गया। इस मामले को गंभीर मानते हुए अर्चना कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### 12 को जिप सामान्य बोर्ड की विशेष बैठक

**मुंगेर**। जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जिला परिषद के बजट को लेकर सामान्य बोर्ड की विशेष बैठक 12 मई को आयोजित होना है। बैठक सुबह 11.30 बजे जिला परिषद सभागार में होगा। उन्होंने बताया कि बजट पास कराने को लेकर जिला परिषद की यह विशेष बैठक बुलाई गई है।

# पंचायत चुनाव 2026 प्रपत्र-1 का कार्यक्रम जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। अररिया में पंचायत आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर सूचना भवन में हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला जन संपर्क पदाधिकारी शंभू कुमार रजक और जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्रीकांत पासवान ने की। इसमें आरक्षण रोस्टर तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला जन संपर्क पदाधिकारी शंभू कुमार रजक और सांख्यिकी पदाधिकारी श्रीकांत पासवान ने संयुक्त रूप से बताया कि बिहार पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रत्येक 10 वर्षों पर चुनाव से पहले आरक्षण रोस्टर तैयार किया जाता है।

**2015 में प्रपत्र-1 हुआ था प्रकाशित**: वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 2015 में प्रपत्र-1 प्रकाशित हुआ था। अब 2026 के चुनाव के लिए उसी जनगणना के आंकड़ों पर आधारित नया प्रपत्र-1 तैयार किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी, जिससे पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित होगी। प्रपत्र-1 के



प्रकाशन और आपत्ति दर्ज करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। प्रपत्र-1 का प्रारूप प्रकाशन 4 मई 2026 को होगा, जबकि आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 निर्धारित की गई है। आपत्तियों का निस्तारण 22 मई 2026 तक और अपील वादों का निस्तारण 29 मई 2026 तक किया जाएगा।

**9 जून को जिला गजट में होगा प्रकाशित**: प्रपत्र-1 का अंतिम प्रकाशन 5 जून 2026 को होगा, जिसके बाद 9 जून 2026 को इसे जिला गजट में प्रकाशित किया जाएगा। प्रारूप प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर ही आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इसके बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्तियां केवल जनसंख्या संबंधी ही ली जाएंगी। ग्राम पंचायत और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी जांच अधिकारी होंगे, जबकि संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अपीलीय प्राधिकारी होंगे। जिला परिषद सदस्य पद के लिए अनुमंडल पदाधिकारी जांच अधिकारी और जिला पदाधिकारी अपीलीय प्राधिकारी होंगे। अपीलीय प्राधिकार का फैसला अंतिम माना जाएगा।

**सभी पदों पर आरक्षण का होगा निर्धारण**: प्रपत्र-1 के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायत (ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद) तथा ग्राम कचहरी के सभी पदों पर आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। यह प्रक्रिया बिहार पंचायत राज अधिनियम-2026 (संशोधित) और संबंधित नियमावली के तहत दो क्रमिक चुनावों के बाद आरक्षण आवंटन के प्रावधानों के अनुरूप है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि में ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं ताकि प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

# चोरी का आरोप लगाकर मां-बेटे सहित 3 की पिटाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में चोरी का झूठा आरोप लगाकर परिवार के तीन सदस्यों पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार पड़ोसी मणिकांत यादव के घर चोरी हुई थी। पड़ोसियों को लगा कि चोरी पीड़ित परिवार ने की है। पीड़ित परिवार के घर 4 से 5 की संख्या में आरोपी पहुंचे और हमला कर दिया। उनके हाथ में फरसा, चाकू और धारदार हथियार थे। हमले में मां-बेटे सहित 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें मायागंज अस्पताल ले जाया गया। घटना चकराडी गांव की है।

**घायलों में ये हैं**: घायलों में चकराडी निवासी कमल किशोर यादव का बेटा संजीव कुमार यादव, उनके भाई धर्मवीर कुमार यादव और उनकी मां सोनी देवी हैं। इन्हें सिर और बॉडी के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। ये लोग शादी समारोह में गए थे, जब वापस लौटे तो आरोपी पहले से घर के दरवाजे पर बैठे थे।

**बिना आधार के चोरी का आरोप लगाया**: पीड़ित संजीव कुमार यादव ने कहा कि मणिकांत यादव और उनके सहयोगियों ने बिना किसी आधार के मुझपर और मेरे भाइयों पर चोरी का आरोप लगाया है। घटना के तुरंत बाद डायल-112 और स्थानीय थाना अध्यक्ष को फोन किया गया, पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया।

# 8 सेंटर्स पर नीट यूजी एग्जाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में नीट यूजी-2026 परीक्षा हो रही है। 3768 स्टूडेंट्स के लिए 8 सेंटर्स बनाए गए हैं। कड़ी चेकिंग के बाद ही एग्जाम हॉल में एंट्री दी गई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**लेट से आने पर एंट्री नहीं**: परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोपहर डेढ़ बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस बार परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए हैं।

**वैलिड पहचान पत्र जरूरी**: NTA के निर्देश के अनुसार, सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। छात्रों को अपने साथ एडमिट कार्ड और एक वैध फोटो पहचान-पत्र लाना जरूरी है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या आभूषण को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

**कंट्रोल रूम से निगरानी**: डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन के ऊपरी फ्लोर पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका नंबर- 06243222835 है।



यह नियंत्रण कक्ष उप विकास आयुक्त के वरीय प्रभार में है। परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जा रही है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्ती दंडाधिकारियों की भी तैनाती सुनिश्चित की गई है।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**: सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास बीएनएसएस की धारा- 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। संबंधित पदाधिकारियों, केंद्र अधीक्षकों और प्रेक्षकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निर्देशों का पालन करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# चार साल बच्ची के साथ रेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में चार साल बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची लहूलुहान और रोती-बिलखती हुई अपने घर पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ। आरोपी भी नाबालिग(13) है, जिसको पुलिस ने कस्टडी में लिया है।घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र की है। निजी डॉक्टर से इलाज के बाद बच्ची को सदर अस्पताल लाया गया है। जहां उसका इलाज करने के साथ रात में मेडिकल चेकअप कराया गया। आरोपी लड़का को भी रात में मेडिकल चेकअप के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

**खेलने के लिए घर से 200 मीटर दूर गई थी बच्ची**: बच्ची की मां ने बताया कि दोपहर में उसकी बेटी खेलने के लिए घर से करीब दो सौ मीटर दूर गई थी। थोड़ी देर के बाद वह रोती हुई लहूलुहान घर लौटी और बताया कि एक लड़का ने उसके साथ गलत काम किया है। काफी दर्द हो रहा है। जिसके बाद हमारा भांजा आरोपी के घर गया तो उसकी मां ने उले छिपा दिया। बच्ची की हालत देखकर स्थानीय डॉक्टरों को दिखाया। इसके साथ ही घटना की सूचना डायल- 112 को दिया



गया। बछवाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा ले गई। जहां से रेफर कर दिया गया।

**तेघड़ा डीएसपी बोले- कड़ी कार्रवाई की जाएगी**: सूचना पर तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार और थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। FSL की टीम ने घटनास्थल मक्का के खेत से साक्ष्य जुटाए हैं। डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची को इलाज के लिए बेगूसराय भेजा गया है। एफएसएल की टीम वैज्ञानिक साक्ष्य को एकत्रित कर रही है। मामले की गहन जांच-पड़ताल कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दो युवकों की हत्या से दोस्ती पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में शुक्रवार की रात दो अलग-अलग जगहों पर दो युवकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। दोनों ही मामलों में हत्या का आरोप दोस्तों पर लगा है। दोनों को जिनके साथ अंतिम बार देखा गया था, वह फरार है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया है। FSL की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक अरविंद कुमार महतो(26) चेरिया बरियारपुर के कुंभी गांव का रहने वाला था। शव खोदावंदपुर थाना क्षेत्र में मिला है। पत्नी ज्योति ने उसके दोस्त बबलू पर घर से बुलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इधर, बीहट गांव रे छोटू पासवन की लाश(23) एफसीआई के गढ़हारा यार्ड में मिला था। हत्या का आरोप परिजनों ने दोस्त पर ही लगाया है। दोनों मामलों में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**रात में घर से बुलाकर ले गया था**: अरविंद की पत्नी ज्योति कुमारी ने बताया कि 4 साल पहले हमारी शादी हुई थी, दो बच्चे हैं। गाजियाबाद के दाल मिल में मजदूरी करते थे। करीब डेढ़ महीना पहले गांव आया था। दो-तीन दिन के बाद उसे फिर से गाजियाबाद जाना था। शुक्रवार रात में करीब 8:00 बजे गांव का ही बबलू घर से बुलाकर ले गया था। मैरिज एनिवर्सरी पर ससुराल लेकर गया था। रात में अरविंद जब घर नहीं लौटे तो सोचा कि दोस्त के ससुराल में ही रह गए होंगे। सुबह उसकी लाश मिली। उसी ने मेरे पति की हत्या की है। हमें खून का बदला खून चाहिए। घटनास्थल पर ही अपाचे बाइक पड़ी हुई थी। गर्दन में बाएं तरफ छोटा सा छेद और कट लगा हुआ है। चेहरा पर भी चोट है। हत्या कहीं और हुई है। यहां लाकर फेंका गया है।

**आरोपी का फोन बंद आ रहा है**: सूचना मिलते ही मंझौल डीएसपी नवीन कुमार और इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के नेतृत्व में खोदावंदपुर-छौड़ाही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने स्पष्ट रूप से कहा




कि बबलू रात में बुलाकर ले गया था। लाश मिलने के बाद से ही उसका फोन बंद है। न तो अपने ससुराल में है और न ही घर में। हमलोगों की किसी से दुश्मनी नहीं थी। अब सब कुछ मोबाइल कॉल डिटेल और पुलिस की अनुसंधान पर निर्भर करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनीष भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। अरविंद के अन्य दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।


**आरोपी से कुछ दिन पहले लड़ाई हुई थी**: वहीं, दूसरी घटना एफसीआई थाना क्षेत्र बीहट कोयला डिपो के पास की है। रेलवे यार्ड में छोटू पासवान का शव मिला है। सिर पत्थर से कुचला हुआ था। चाकू से चेहरे पर दर्जन भर से अधिक वार किए गए थे। भाई ने पड़ोसी छोटू(आरोपी और मृतक का नाम छोटू है) पर लगाया है।

**कई बार साथ रहने से मना किया था**: भाई गोलू ने बताया कि बगल के ही रहने वाले छोटू के साथ कुछ दिन पहले लड़ाई हुई थी। हम लोगों ने समझाया था कि उसके साथ मत रहो, पुलिस ने भी आकर समझाया था। मेरा भाई राजमिस्त्री का काम करता था। मकान बनाने में सेंट्रिग का काम करता था। घटना वाले दिन दोनों एक साथ काम करने के लिए जीरोमाइल गए थे। शाम में दोनों एक ही साइकिल से लौट रहे थे। उसके साथ काम करने वाले लोगों ने एक साथ देखा था। मेरा भाई कभी-कभार कुछ पी भी लेता था, लेकिन घर आ जाता था। शुक्रवार शाम 6:00 बजे के बाद उसका कोई ट्रेस नहीं मिला।

**लोगों में दहशत का माहौल**: प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्या बेरहमी से की गई है। पहचान छिपाने के लिए चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया था।

### ट्रैफिक चालान पर 50% तक की छूट

**बेगूसराय**। बेगूसराय में 9 मई को को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आपराधिक मामले, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस के साथ-साथ इस बार ट्रैफिक चालान के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। इसके लिए न्याय मंडल में विशेष पीठ का गठन किया गया है। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की ओर से ई-चालान के माध्यम से काटे गए चालान का सेटलमेंट मौके पर होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### 5 मई को जॉब कैंप, 35 पदों पर होगी भर्ती

**आरा।** जिला नियोजनालय, भोजपुर के तत्वावधान में आगामी 5 मई 2026 (मंगलवार) को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर, कृषि भवन, आरा में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। इस जॉब कैंप में कल्याण ज्वैलर्स, आरा द्वारा कुल 35 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें सेल्स मैन (15 पद, वेतन 25,000), सेल्स मैन ट्रेनी (10 पद, वेतन 15,000) और ऑफिस बॉय (10 पद, वेतन 14,000) शामिल हैं। इन पदों के लिए उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं या स्नातक पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिला नियोजनालय के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर ऑन-द-स्पॉट किया जाएगा। जॉब कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर निबंधन होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं या जिला नियोजनालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### एमएलसी उपचुनाव को लेकर बैठक

**आरा**| बिहार विधान परिषद के भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी उप निर्वाचन 2026 के मद्देनजर शनिवार को, निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को उपचुनाव से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। इसमें निर्वाचक सूची, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, मतदान की प्रक्रिया, मतपेटिका प्राप्ति केंद्र, वज्रगृह सह मतगणना केंद्र तथा मतगणना से संबंधित दिशा निर्देश शामिल थे।

### अज्ञात चोरों ने एक स्कार्पियों चुरायी

**आरा**| नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड से अज्ञात चोरों ने एक स्कार्पियों चोरी कर ली। घटना शुक्रवार को घटित हुई। घटना को लेकर गाड़ी मालिक नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड (बांग्ला कॉलोनी) सत्येन्द्र सिंह ने आरा नवादा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करायी है। बताया जाता है कि स्कार्पियों खड़ी थी। इसी दौरान चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कृष्ण चंद्र दुबे के निधन पर जिले में शोक

**आरा।** सेवानिवृत्त आरक्षी उपाधीक्षक एवं चर्चित साहित्यकार कृष्ण चंद्र दुबे का निधन उनके मनसा पांडे स्थित आवास पर हो गया। उनके निधन से जिले के साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वे 'भुवन भास्कर' और 'चैतन्य ख़ाकी' जैसी महत्वपूर्ण कृतियों के प्रणेता थे। उनकी स्मृति में भोजपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से प्रोफेसर डॉ दिवाकर पाण्डेय के आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सम्मेलन के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ बलिराज ठाकुर ने की। इस दौरान उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने स्वर्गीय दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. बलिराज ठाकुर ने कहा कि कृष्ण चंद्र दुबे स्वतंत्रता सेनानी हरिपाल दुबे के सुपुत्र थे और अपने कार्यकाल में एक ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने पूरी निष्ठा से हिंदी साहित्य की सेवा की। उन्होंने कहा कि दुबे जी का व्यक्तित्व सादगीपूर्ण था और वे जीवनभर गांधी टोपी धारण करने की अपनी परंपरा को निभाते रहे। साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री प्रोफेसर डॉ नंदजी दुबे ने उन्हें अपना सहपाठी और घनिष्ठ मित्र बताते हुए कहा कि उनके निधन से उन्होंने एक सच्चा मित्र खो दिया है। प्रोफेसर डॉ दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि कृष्ण चंद्र दुबे का निधन साहित्यिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। मौके पर प्रो अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, ब्रह्मेश्वर दसौंधी, शिवदास सिंह, साहित्यकार जितेन्द्र कुमार तथा शिक्षक राकेश तिवारी सहित कई ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संगीतज्ञ राकेश कुमार मिश्र ने भजन प्रस्तुत कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रो डॉ नंदजी दुबे ने शोक प्रस्ताव पढ़कर सुनाया।

### सफाई मित्रों का अधिकार व सम्मान सर्वोपरि : निशा

**बक्सर।** नगर परिषद कार्यालय के सभागार में मजदूर दिवस के अवसर पर सफाई मित्रों के सम्मान में सादगी के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय परिसर का माहौल अन्य दिनों के अपेक्षा अलग दिखा। सम्मान समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद की सभापति कमरून निशा ने की। उन्होंने कहा कि आज शहर का जो बदला हुआ स्वरूप दिखाई पड़ रहा है, उसमें सफाई मित्रों का अहम योगदान है। शहर की जनता को स्वच्छ माहौल बनाए रखने के लिए वे कहीं न कहीं अपनी खुशियों को त्याग कर सुबह से लेकर देर रात तक सफाई का कार्य करते हैं। इनकी जितनी भी सराहना की जाय कम होगी। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मजदूरों का सम्मान और अधिकार सर्वोपरि है। सशक्त स्थाई समिति के सदस्य इंद्र प्रताप सिंह ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए और बेहतर बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मजदूर मजबूरी नहीं मजबूत होते हैं। मजदूर का सम्मान हर किसी को करना चाहिए। कहा कि मजदूर सम्मान के हकदार होते हैं। हम रहें या ना रहे न, लेकिन ऐसी व्यवस्था कर दी गई है कि हर साल 1 मई यानी मजदूर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन होता रहेगा। मौके पर महिला-पुरुष सफाई मित्रों को सभापति कमरून निशा, सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों और अधिकारियों ने सफाई मित्रों को माला पहनाने के बाद अंगवस्त्र एवं मिठाई का डब्बा देकर सम्मानित किया। अंगवस्त्र, देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सशक्त स्थाई समिति के सदस्य झब्बू राय, स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी थे।

### अभिमन्यु हत्याकांड में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एफआईआर

**आरा।** भोजपुर में किसान अभिमन्यु हत्याकांड में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। पीरो डीएसपी के.के सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किसी तरह की दुश्मनी सामने नहीं आई है। पुलिस तकनीकी और वैज्ञानिक तरीके से हर पहलू की जांच कर रही है। मृतक अभिमन्यु कुमार(25) अकोढ़ा गांव का रहने वाला था। गांव में ही खेतीबाड़ी करता था। काफी करीब से ललाट के बीच गोली मारी गई थी। हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना चौरी थाना क्षेत्र की है।

**गांव में किसी से दुश्मनी नहीं है:** पिता वीरेंद्र उर्फ रामायण महतो ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब दस बजे वह बाइक काउप गांव अपने ननिहाल गया था। वहां अपना मोबाइल और बाइक छोड़कर कहीं निकल गया था। शुक्रवार की सुबह गांव के बधार में बोरिंग के पास शौच करने के लिए जा रहा था। वहां बेटे का शव खून से लंथपथ अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम के दौरान शरीर से एक बुलेट मिला है। गांव में किसी भी व्यक्ति से हमारी दुश्मनी नहीं है।

**हत्या का कारण स्पष्ट नहीं:** जानकारी के अनुसार मृतक का मोबाइल ननिहाल गांव में गुरुवार की शाम ही स्विच ऑफ हो गया था। उसने अपनी बाइक भी वहीं छोड़ दी थी। इसी बीच उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि वह अपने गांव कैसे पहुंचा। किसने उसकी गोली मारकर हत्या की है, यह अभी क्लियर नहीं हो पाया है।

### आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर प्राइवेट गार्ड की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार गार्ड को रौंद दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। इस बीच आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतक पन्नालाल साह(35) रोहतास के उसरी गांव का रहने वाला था। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के ध्यानी टोला मोड़ के पास की है। उसरी पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह काफी समय से गड़हनी में अपने परिवार के साथ रह रहा था। शनिवरा को ड्यूटी खत्म होने के बाद सब्जी लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक चार भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां लालमती देवी, पत्नी सोनी कुमारी, दो पुत्र पियूष, छोटू और एक पुत्री अनुष्का है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां, पत्नी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौराने गिरा यात्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर गया। इस भयावह घटना में एक अज्ञात शख्स की सूझबूझ और बहादुरी से यात्री की जान बच गई। घटना का पूरा वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के निवासी 53 वर्षीय कामेश्वर पासवान बक्सर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर 03293 पटना-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे। वे स्लीपर कोच में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी और कामेश्वर पासवान का संतुलन बिगड़ गया। वे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की जगह में गिर गए। ट्रेन धीरे-धीरे गति पकड़ रही थी, जिससे स्थिति बेहद खतरनाक हो गई थी।

**यात्री ने हाथ पकड़कर बचाई जान:** वहां मौजूद एक अज्ञात यात्री ने बिना अपनी जान की परवाह किए तुरंत कामेश्वर पासवान का हाथ पकड़ लिया। उसने पूरी ताकत से उन्हें तब तक थामे रखा, जब तक पूरी ट्रेन उनके ऊपर से गुजर नहीं गई। कामेश्वर पासवान प्लेटफॉर्म और पटरी के बीच की संकरी जगह में फंसे रहे, जो उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण साबित हुई। ट्रेन गुजरने के बाद, वहां मौजूद अन्य यात्रियों ने मिलकर कामेश्वर पासवान को सुरक्षित बाहर निकाला। इस पूरी घटना को एक अन्य यात्री ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल यात्री को रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। राहत की बात यह रही कि इस खौफनाक हादसे में उन्हें केवल पैरों में हल्की चोट आई और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**चलती ट्रेन में चढ़ने का न करें प्रयास:** आरपीएफ थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान असंतुलित होकर गिर गए थे, लेकिन यात्रियों की सूझबूझ और तत्परता से उनकी जान बच गई। उन्होंने कहा, "जीवन अनमोल है। एक ट्रेन छूट जाने से कुछ नहीं होता, लेकिन जान चली जाए तो उसकी भरपाई संभव नहीं है।" उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें।

## जनजाति समाज को अधिकार मिले बिना समग्र विकास नहीं



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** जिला चौसा प्रखंड स्थित राजापुर गांव में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य राजू खरवार ने जनजाति समुदाय के लोगों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जनजाति समाज की विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में विशेष रूप से युवा खरवार महासभा बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश खरवार ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए समाज की जमीनी समस्याओं को मजबूती से उठाया। उन्होंने जनजाति समुदाय के हक, अधिकार एवं उनके समुचित विकास से जुड़ी बातों को राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। राजेश खरवार ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक जनजाति समाज को उनका अधिकार पूर्ण रूप से नहीं मिलेगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। संगठन को मजबूत बनाने और समाज को जागरूक करने का भी आह्वान किया। आयोग के सदस्य राजू खरवार ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जनजाति समाज की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा सरकार तक इन मुद्दों को मजबूती से पहुंचाया जाएगा।

## अवैध निर्माण पर सख्ती, बिना नक्शा स्वीकृति के निर्माण पर होगी दंडनीय कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर।** बक्सर में अवैध निर्माण पर नगर परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अब बक्सर जिला आयोजना क्षेत्र में बिना स्वीकृत नक्शे या पूर्व सूचना के कोई भी निर्माण कार्य दंडनीय अपराध माना जाएगा। 'बिहार बिल्डिंग बाय-लॉज' के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष औचक निरीक्षण दल का गठन किया गया है। इस दल में टाउन प्लानर, वास्तुविद (आर्किटेक्ट) और पुलिस बल शामिल हैं। टाउन प्लानर तकनीकी जांच करेंगे, वास्तुविद संरचनात्मक वैधता की जांच करेंगे, जबकि पुलिस बल मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखेगा और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

**नगर परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आयोजना क्षेत्र में किसी भी नए निर्माण या मौजूदा ढांचे में बदलाव से पहले नगर परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को नगर परिषद कार्यालय में नक्शा जमा कर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण को अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में अवैध निर्माण को सील करने, ध्वस्त करने और भारी जुर्माना लगाने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। गठित निरीक्षण दल नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करेगा और उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करेगा। नगर परिषद ने आम जनता से बक्सर को व्यवस्थित और सुरक्षित शहर बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

**स्वीकृत नक्शे के अनुसार कराएं निर्माण:** नागरिकों से कहा गया है कि वे निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करें और स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही निर्माण कराएं, ताकि भविष्य में कानूनी या आर्थिक परेशानियों से बचा जा सके। नगर प्रशासन के इस कदम को शहर में अनियोजित शहरीकरण पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## शिक्षकों का सम्मान, तकनीकी शिक्षा पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** आरा में शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने और शिक्षकों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री महादेव ज्ञान सॉल्यूशन फाउंडेशन कॉलेज यूनी के नेतृत्व में जीएनआईओटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख शिक्षकों को एक मंच पर लाया गया। सभी को अंगवस्त्र और किट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा की समझ बेहद जरूरी हो गई है। अगर छात्रों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिले, तो वे अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं। इस मौके पर बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राएं भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

**करियर के प्रति किया जागरूक:** संस्था के निदेशक साकेत कुमार ने बताया कि उनकी संस्था मैट्स यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है। संस्था का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों को उनके करियर के प्रति जागरूक करना भी है। खासकर दसवीं और ग्यारहवीं के छात्रों को यह समझाने की जरूरत है कि उन्हें आगे क्या करना है और किस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना है।

**छात्रों से अपील:** कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षाविदों और अलग-अलग संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी वक्ताओं ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि अपने छात्रों को तकनीकी शिक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक छात्र इन अवसरों का लाभ उठा सकें।

# चोरों ने महिला का गर्दन काटा, शोर मचाने पर धारदार हथियार से वार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर के बिहिया नगर में शनिवार देर रात चोरी के दौरान विरोध करने पर चोरों ने महिला का गर्दन काट दिया। बाल पकड़कर धारदार हथियार से गर्दन के आगे और पीछे के हिस्से पर वार किया है। गर्दन के आगे करीब 9 सेंटीमीटर और पीछे साइड एक-एक इंच की दूरी पर तीनों जगहों पर करीब चार से पांच सेंटीमीटर तक काटा गया है। गर्दन काटकर अलग करने की कोशिश किया गया, लेकिन बेटी के हल्ला करने पर परिवार के सदस्य जाग गया। एक चोर को पकड़ लिया। पीड़िता की पहचान नगर वार्ड-14 निवासी आशीष कुमार वर्मा की पत्नी अनु कुमारी(25) के तौर पर हुई है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र की है।

**सलामती की दुआ करता रहा देवर:** खून से लथपथ हालत में महिला को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया। जहां डॉक्टर विकास की देखरेख में इलाज चल रहा है। हालत काफी नाजुक बनी हुई है। इस दौरान ओटी में एक भावुक दृश्य देखने को मिला। देवर ओटी स्ट्रेचर पर खून से लथपथ हालत में पड़ी भाभी के पैर के पैसिव एक्सरसाइज करते दिखा। अपनी भाभी की सलामती के लिए मंत्र उच्चारण करते हुए ऑपरेशन खत्म तक पैर सहलाता रहा।

**शोर मचाने पर गर्दन पर किया वार:** देवर आदित्य कुमार ने बताया कि चचेरे भाई आशीष कुमार का बनाही गांव में ज्वेलरी शॉप है। गुरुवार की रात चाचा मुन्ना सेठ बनाही से दुकान बंद के घर वापस आ रहे थे। इसी बीच फिलंगी रेलवे फाटक के पास हुए सड़क हादसे में उनके दोनों पैर टूट गए थे। दो दिन इलाज के बाद उन्हें शनिवार देर शाम बनारस लेकर आशीष कुमार भइया, मेरे पापा और परिवार के दो लोग गए थे। सभी के जाने के बाद भाभी खाना खाकर अपनी बेटी आरोही के साथ कमरे में चली गईं। घर में घुसने से पहले ही भाभी का कमरा आता है। रात दो तीन की संख्या में चोर घर में घर में घुसकर भाभी के कमरे में चोरी कर रहे थे। तभी सामान उठाने की आवाज सुनकर उनकी आंख खुल गई। आंख खोलते उनकी नजर चोरों पर पड़ी। जैसे ही हल्ला करने की कोशिश की, उसी दौरान एक चोर ने भाभी पर हमला कर दिया। बेहरमी से गर्दन को काट दिया।

**भइया ने एक चोर को पकड़ा:** आदित्य कुमार ने आगे बताया कि किसी तरह उनकी बेटी आरोही कमरे से बाहर निकल कर हल्ला करना शुरू किया। उसके बाद मेरे बड़े भइया दौड़कर आए और चोर को पकड़ लिया। बाकी अन्य चोर फरार हो गए। गर्दन कटने से खून काफी गिर रहा था। किसी तरह कपड़े से बांधकर इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए।

## फॉर्मर रजिस्ट्री में बक्सर का राज्य में तीसरा स्थान, डीएम सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** किसान रजिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बक्सर जिले ने पूरे बिहार में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बिहार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने डीएम साहिला को सम्मानित किया। मुख्य सचिव ने डीएम को 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान बक्सर जिले के बेहतर प्रशासनिक कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण माना जा रहा है। इस सफलता का श्रेय डीएम साहिला के कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता को दिया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में जिले ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेजी और सटीकता के साथ लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य स्तर पर शीर्ष तीन जिलों में स्थान बनाना संभव हो सका। डीएम ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए अपर समाहर्ता के निरंतर अनुश्रवण, सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि विभाग के कर्मियों के साथ-साथ प्रखंड, अंचल और पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास की सराहना की।

## महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन, किया पुतला दहन




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भाजपा महिला मोर्चा ने महिला आरक्षण के समर्थन में, महिला सम्मेलन पूर्व सांसद मीना सिंह के आवासीय कार्यालय में किया। अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषुमलता कुशवाहा ने किया। पूर्व सांसद मीना सिंह ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने की पहल की, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का बड़ा अवसर था। मेयर इंदु देवी ने कहा कि महिला आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें निर्णय लेने में उचित स्थान मिलेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि पार्टी हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषुमलता कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा और हर घर तक इस संदेश को पहुंचाना होगा। मौके पर ममता सिंह, वंदना राजवंशी, शालिनी सिंह, मधु मिश्रा, आरती सिंह, मीरा यादव सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# अब कृषि में होगा एआई का उपयोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** कृषि में एआई का उपयोग किया जाएगा। इसको लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। नीति आयोग, फेलो को निर्देशित किया गया कि कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कृषि में एआई के उपयोग से किसानों के हितार्थ क्या किया जा सकता है इस संदर्भ में 10 दिनों के अंदर विस्तृत कार्ययोजना बनाएं। इसके अलावा बक्सर शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर कवायद शुरू हो गई है। इसको लेकर शहर के गोलंबर स्थित पार्क को विकसित किया जाएगा। शनिवार को आयोजित प्रमुख स्थलों के सौन्दर्यीकरण और कृषि में एआई के उपयोग को लेकर बैठक में डीएम साहिला ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा है। ताकि, बक्सर आने वाले पर्यटकों का ध्यान आकर्षित हो सके। सभी नगर निकाय में सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम हेतु स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लगातार विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा वैसे दुकानदार जिनके द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है वैसे दुकानदार को चिन्हित करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करेगा पार्क डीएम ने निर्देश दिया कि पार्क में हाईमास्ट लाईट, पर्याप्त रंगीन लाइट, दीवार लेखन, पौधरोपण आदि कराए जाएंगे। ताकि, पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इसके साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए नगर निकाय के सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पुराने कचरे की सफाई कराई जाए। इसके साथ ही वार्ड वार अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत नाली की साफ-सफाई हेतु योजना तैयार की जाएगी। कार्य की देख रेख एसडीएम व भूमि सुधार उप समाहर्ता करेंगे। निर्देश के बावजूद नहीं की गई काव नदी की साफ-सफाई काव नदी की सफाई भी कराई जाएगी। ताकि, नदी से गाद को निकाला जा सके तथा जल प्रदूषण नियंत्रण, पानी का बहाव ठीक ढंग से हो। पहले भी डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को काव नदी की सफाई कराने का निर्देश डीएम ने दिया था, लेकिन तय समय में सफाई नहीं कराई जा सकी। इस पर खेद प्रकट किया गया। नगर निकाय के सभी कार्यपालक पदाधिकारी को जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बाबा ब्रह्ममेश्वर नाथ मंदिर से होगी पानी निकासी की व्यवस्था बाबा ब्रह्ममेश्वर नाथ मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई कराई जाएगी। इसके साथ ही मंदिर के आस पास सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। डीएम ने नगर पंचायत ब्रह्मपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला में मंदिर परिसर के अंदर पानी की निकासी नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंदिर की समिति के साथ बैठक करते हुए पानी की निकासी से संबंधित आवश्यक कदम उठाएं। ताकि श्रावणी मेला के समय किसी भी श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा को लगा करंट, छत पर गेंद लेने गई 13 साल की अंजलि, अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में रविवार दोपहर करंट लगने से 13 वर्षीय अंजलि कुमारी की मौत हो गई। वह छत पर गिरी गेंद निकालने गई थी, तभी बिजली के तार की चपेट में आ गई। यह घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई। अंजलि अपने घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी, तभी उनकी गेंद छत पर चली गई। गेंद लेने के लिए अंजलि छत पर गई और इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। अंजलि की चीख सुनकर उसकी मां रीना देवी तुरंत छत पर पहुंचीं। उन्होंने अंजलि को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान उन्हें भी करंट का झटका लगा। हालांकि, रीना देवी को गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गईं। घटना के बाद अंजलि को तत्काल बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही अंजलि ने दम तोड़ दिया। मृतका अंजलि कुमारी जीतू महतो की पुत्री थी। वह गोपालपुर मिडिल स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा थी और अपने दो भाई तथा दो बहनों में सबसे बड़ी थी।

### पोखर में डूबने से बच्चे की मौत, 11 वर्षीय अनमोल दोस्तों के साथ खेलते हुए गहरे पानी में गया

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र के मथुरापुर गंज में एक 11 वर्षीय बच्चे की पोखर में डूबने से मौत हो गई। अनमोल कुमार नामक यह बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए पोखर के पास पहुंचा था और अचानक उसमें स्नान करने उतर गया। जानकारी के अनुसार, स्नान के दौरान अनमोल गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके साथ खेल रहे एक बच्चे ने तुरंत गांव वालों को इसकी सूचना दी। सूचना



मिलते ही ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद अनमोल के शव को पोखर से बाहर निकाला गया। मृतक अनमोल कुमार, अरुण कुमार का बेटा था। परिजनों ने बताया कि अनमोल के तीन भाई और एक बहन हैं। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### प्रेम-प्रसंग में विधवा की गला रेतकर हत्या, वैशाली में 4 साल पहले पति की मौत, पड़ोसी से चल रहा था अफेयर

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते विधवा महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की रात आरोपी ने महिला को अपने साथ चलने को कहा। लेकिन जब उसके साथ जाने से मना किया तो वो नाराज हो गया। वो जबरदस्ती उसे घर से बाहर ले गया और करीब 500 मीटर दूर चाकू से महिला के गला और पेट पर वार कर फरार हो गया। परिजन ने घायल महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना मगरहट्टा पोखर के पास देर शाम हुई। मृतका की पहचान हेला बाजार निवासी स्वर्गीय सकलदीप पासवान की पत्नी हेमंती देवी(32) के रूप में हुई है। उसके पति की चार साल पहले मौत हो गई थी। मृतका के चार बच्चे हैं, 2 बेटा और 2 बेटी। पति के मौत के बाद महिला आसपास के घरों में बर्तन धोकर अपना परिवार को चलाती थी। दरअसल, पति के मौत के बाद हेमंती का इंदल पासवान से संपर्क हुआ। कुछ दिन बाद ही पूरे गांव में दोनों के प्रेम-प्रसंग की बात फैल गई। हालांकि गांव के लोग इस संबंध का विरोध करते थे। उनका कहना था कि सारे बच्चे अब बड़े हो गए है। तुम यह सब छोड़ दो, बच्चो पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। लेकिन महिला ने गांव समाज की बात को नकार दिया था। इस संबंध में मृतका के पड़ोसी रामबाबू पासवान ने बताया कि इंदल पासवान ने महिला के पेट और गले पर चाकू से वार कर हत्या की है। इंदल को मना करते थे, उसके बावजूद वो लोग नहीं माने। प्रेम-प्रसंग का विरोध करने पर इंदल पासवान कई बार मारपीट भी किया था। हेमंती की बेटी बड़ी हो गई थी। वो जब भी मां को मना करती थी, तो वो नहीं बात करने की बात कहकर उसे डांट देती थी। रामबाबू पासवान ने बताया कि देर शाम इंदल पासवान हेमंती को घर से बुलाने आया था। महिला नहीं जा रही थी फिर भी वो महिला को घर से जबरन बुलाकर ले गया। इसके बाद चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, एसडीपीओ सदर-1 सुबोध कुमार और नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य जुटाना शुरू किया। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त की पहचान उसी मोहल्ले के इंदल पासवान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतका और अभियुक्त को घटना से पहले अक्सर साथ आते-जाते देखा गया था। प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस आरोपी इंदल पासवान की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी ने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है, हालांकि घटना के बाद इलाके में कुछ तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की गहनता से जांच के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### लीची के बगीचे में युवक का शव मिला, मां ने छेड़खानी विवाद में हत्या का आरोप लगाया

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक युवक का शव लीची के पेड़ से लटका मिला है। परिजनों ने मर्डर के बाद शव पेड़ से लटकाने की आशंका जताई है। मृतक की पहचान किशन कुमार(30) के तौर पर हुई है। शनिवार शाम से लापता था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से मोबाइल और चप्पल मिला है। जांच के लिए FSL कीटीम को भी बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ पैगम्बरपुर स्थित लक्ष्मी नगर की है। मृतक की मां अनिता देवी ने छेड़खानी के विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे की हत्या हुई है। पहले उसके साथ मारपीट की गई, फिर शव को पेड़ से लटका दिया है। वहीं, भाई कहना है कि नशे की बात को लेकर घर में किशन को डांट पड़ी थी। पुलिस जांच से ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। टाउन डीएसपी विनीता सिंह ने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण और शुरुआती साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि परिजनों ने मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### फूस के घर में लगी आग, जिंदा जलने से एक शख्स की मौत, 3 गाड़ियों ने पाया काबू, मां ने पिता पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के सरैया अनुमंडल क्षेत्र में घर में लगी आग से जिंदा जलने से एक शख्स की मौत हो गई। परिवार के लोग गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक फूस के घर में आग लग गई। देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि राकेश राय(45) को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। मौके पर जान चली गई। मृतक की मां ने पिता पर ही घर में आग लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि परिवार में संपत्ति का विवाद चल रहा था, इसी विवाद में आग लगाई गई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पूरा घर जलकर खाक हो चुका था। इस दर्दनाक हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के खैरा गांव(वार्ड संख्या-10) की है। पीड़ित परिवार ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए साजिश के तहत आग लगाए जाने की आशंका जताई है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि फूसनुमा घर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। कारणों की जांच की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई है। जैतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि देर रात आग लगने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये हादसा था या किसी साजिश का हिस्सा। जांच रिपोर्ट के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

# नीट 2026: बिहार में 1.60 लाख अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ छात्राओं की नोज पिन उतरवाई, मेटल डिटेक्टर से जांच, जूतों के बिना एंट्री, सेंटर्स पर लंबी कतार, बिहार के 1.6 लाख छात्र शामिल

**पटना।** आज रविवार को नीट यूजी-2026 परीक्षा हो रही है। बिहार के 35 जिलों में 150 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 1.60 लाख अभ्यर्थी एग्जाम में शामिल हो रहे हैं। वहीं, पूरे देश में लगभग 23 लाख छात्र इस परीक्षा में शामिल हैं। सेंटर्स पर छात्रों की एंट्री बंद हो गई है। कड़ी चेकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया गया। मुजफ्फरपुर में छात्राओं की नोज पिन उतरवाई गई है। वहीं छात्रों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई है। जूतों के बिना एंट्री दी गई। पानी की बोतल में लगे रैपर हटाकर अंदर ले जाने की अनुमति मिली। सेंटर के पास से अभिभावकों को हटाया दिया गया है।

परीक्षा का आयोजन भारत के 552 शहरों और विदेश के 14



शहरों में किया गया है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे तक चलेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस बार परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए हैं। NTA ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या आभूषण को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है।

**परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच:** नीट परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की सख्त जांच के लिए परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, हेडफोन, माइक्रोफोन, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, डिजिटल घड़ी, फिटनेस बैंड, स्पाई कैमरा, चिप आधारित गैजेट्स और किसी भी तरह के वायरलेस उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। यहां तक कि छोटे इलेक्ट्रॉनिक सर्किट या छिपे हुए डिवाइस की भी जांच की जा रही है।

**परीक्षार्थियों की ज्वेलरी उतरवाई गई:** नीट परीक्षा में इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम ने परीक्षार्थियों को चौंका दिया है। एग्जाम सेंटर पर प्रवेश से पहले छात्रों को सख्त चेकिंग से गुजरना पड़ रहा है। जूते तक उतरवाए जा रहे हैं, लड़कियों के जूड़े खुलवाकर जांच की जा रही है। नोज पिन, बैंड, घड़ी और अन्य एक्सेसरीज़ हटवाकर ही अंदर जाने की अनुमति मिल रही है। प्रशासन का दावा है कि नकल और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए ये कदम जरूरी हैं।

## बिहटा में रास्ते के विवाद पर 2 पक्षों में मारपीट, 3 लोग घायल

लाठी-डंडे और पत्थर भी चले, वीडियो आया सामने

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के बिहटा थानाक्षेत्र के बनवारीपुर गांव में रविवार को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर भी चले, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, बिहटा थानाक्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी लक्ष्मण चौबे और बुद्धेश्वर सिंह के परिवारों के बीच घर के रास्ते को लेकर पिछले एक साल से विवाद चल रहा है। कुछ महीने पहले स्थानीय अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद बताया था कि 14 डिसमिल जमीन आम रास्ता है और इसका उपयोग रास्ते के लिए किया जाएगा।

रविवार को जब लक्ष्मण चौबे अपने परिवार के साथ गाय का चारा लेकर उसी रास्ते से जा रहे थे, तभी बुद्धेश्वर सिंह के परिवार ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट



हुई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मारपीट होते दिख रही है। इस घटना में लक्ष्मण चौबे, उनके पुत्र रंजन कुमार और उनकी पत्नी सुखवंती देवी घायल हुए हैं। घटना के बाद लक्ष्मण चौबे ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लक्ष्मण चौबे ने बताया कि अंचलाधिकारी बिहटा ने दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट किया था कि 14 डिसमिल जमीन उनके पूर्वजों की थी और वह आम रास्ता है। इसके बावजूद, जब वे इस रास्ते का उपयोग करते हैं, तो बुद्धेश्वर सिंह और उनका परिवार मारपीट और गाली-गलौज करता है। चौबे ने आरोप लगाया कि बुद्धेश्वर सिंह इस जमीन पर कब्जा भी करना चाह रहे हैं, जिसके कारण आज भी यह मारपीट हुई।

## पटना में नहाने गए दो बच्चे गंगा नदी में डूबे, एक को सुरक्षित निकाला

8वीं के छात्र की मौत, स्थानीय लोगों ने दूसरे को सुरक्षित निकाला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में मंगलवार सुबह गंगा स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। बेली रोड के रहने वाले दो नाबालिग स्कूली बच्चे बिना घरवालों को बताए जनार्दन घाट पहुंच गए, जहां नहाने के दौरान दोनों डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने बच्चों को डूबता देख तुरंत बचाव शुरू किया और डायल 112 की टीम को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि दूसरा गहरे पानी में डूब गया।

**2 घंटे बाद मिला दूसरे बच्चे का शव:** सूचना मिलने पर गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद डूबे छात्र का शव बरामद कर लिया



गया। मृतक की पहचान 8वीं कक्षा के छात्र हर्ष के रूप में हुई है।

**छुट्टी के दिन पहुंचे थे घाट:** मृतक के दोस्त एमी ने बताया कि दोनों सुबह करीब 9:30 बजे घर से बिना बताए गंगा नहाने आए थे। 'आज छुट्टी थी, इसलिए हम लोग यहां आ गए। नहाने के दौरान हम दोनों डूबने लगे। हर्ष गहरे पानी में चला गया'। उसने बताया। एमी 9वीं कक्षा का छात्र है, जबकि मृतक हर्ष के पिता ड्राइवर बताए जा रहे हैं।

## मेट्रो टनल के 20 मीटर दायरे में निर्माण-बोरिंग पर रोक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

❒ पटना मेट्रो ऑफिस से लेना होगा एनओसी, टनल की सुरक्षा को लेकर आदेश जारी

**पटना।** पटना मेट्रो के अंडरग्राउंड टनल के निर्माण में तेजी लाई गई है। कॉरिडोर-2 में राजेंद्र नगर से पटना जंक्शन तक टनल निर्माण हो रहा है। इसके चलते मेट्रो के दोनों तरफ 20-20 मीटर के दायरे में मकान निर्माण, मकान के जीर्णोद्धार और बोरिंग कराने पर रोक लगा दी गई है। अब कोई भी काम कराने से पहले मेट्रो ऑफिस से अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) लेना जरूरी होगा। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इसकी मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। स्पष्ट किया गया है कि टनल को नुकसान से बचाने के लिए यह रोक लगाई गई है।

**कंपन से टनल के ठीक ऊपर या सटे मकानों को नुकसान होगा:** राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम और सैदपुर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में टनल जमीन से महज 16 से 25 मीटर की गहराई पर है। पटना में सामान्यतः पानी के लिए 350 फीट या उससे अधिक गहराई तक बोरिंग की जाती है। इतनी गहराई टनल के स्ट्रक्चर को सीधे तौर पर क्षतिग्रस्त कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, मेट्रो परिचालन के दौरान होने वाले कंपन से टनल के ठीक ऊपर या सटे निर्माणों को नुकसान पहुंच सकता है।



**मेट्रो इंजीनियरों की जांच के बाद ही मिलेगी NOC:** यदि कोई अपने पुराने मकान का जीर्णोद्धार या नया निर्माण करना चाहता है तो उसे मेट्रो इंजीनियरों की जांच के बाद ही NOC दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम को भी सूचित कर दिया गया है। राज्य या केंद्र सरकार के भवनों के निर्माण संबंधी निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय कमेटी लेगी।

**रेलवे से NOC मिलने के बाद टनल निर्माण हुआ शुरू:** मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच लगभग 800 मीटर तक टनल निर्माण के लिए खुदाई शुरू हो गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर 2025 से रुका हुआ निर्माण का काम गति पकड़ा है। दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के पहले तक लगभग 1800 मीटर लंबी टनल तैयार की जानी है। इस हिस्से में खुदाई के लिए पटना मेट्रो ने दो टनल बोरिंग मशीन (TBM) को लगाया था और काम तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसे रोकना पड़ा। राजेंद्र नगर टर्मिनल के पहले रेलवे लाइन के समीप टनल बनाने के लिए रेलवे की अनुमति आवश्यक थी। अब तीन महीने बाद मार्च से फिर काम को शुरू किया गया। राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पटना मेट्रो रेल का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। यहां 21 मीटर नीचे से मेट्रो रेल गुजरेगी। इसका कारण राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाला रेलवे ट्रैक है। यह एक विशेष मेट्रो स्टेशन होगा, क्योंकि यह रेलवे टर्मिनल से जुड़ा होगा। इस मेट्रो स्टेशन से लोग आसानी से राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल से ट्रेन भी पकड़ सकेंगे।

## पूर्व मंत्री आवास के बाहर मिली नाबालिग लड़की की लाश, हाथों पर लगी मेहंदी, गले पर निशान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ डॉग स्क्वायड ने 1 किलोमीटर किया सर्च

**पटना।** पटना में नाबालिग लड़की की लाश मिली है। लाश को देखने से अंदाजा लगाया जा रहा कि उसकी उम्र करीब 16 से 17 साल के बीच होगी। जहां शव पड़ा था उसके बगल की चहारदीवारी पूर्व मंत्री जमा खान के आवास की है। पुलिस के अनुसार लड़की के गले पर इंज्यूरी के निशान हैं। पुलिस को आशंका है कि लड़की की हत्या के बाद लाश को फेंका गया है। लड़की कौन है अभी क्लियर नहीं है। सुबह स्थानीय लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, तब उनकी लाश पर नजर पड़ी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। जांच के लिए डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची। डॉग स्क्वायड की टीम में लिली (खोजी कुत्ता) था। जिसने 1 किमी तक सर्च किया और फिर घटनास्थल पर वापस आ गया। मामला शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के ललित भवन के पीछे का है।



**डॉग स्क्वायड ने दो बार सर्च किया:** डॉग स्क्वायड की टीम जब मौके पर पहुंची तो खोजी कुत्ता लिली ने सर्च अभियान शुरू किया। शुरुआत में लिली मेन रोड के आसपास भटकता रहा। सड़क किनारे उसने सर्च किया। इसी दौरान एक गली में खोजी कुत्ता चला गया। गली के दोनों ओर झाड़ियां थी। डॉग स्क्वायड की टीम को लगा कि इसी गली में कुछ न कुछ जरूर मिलेगा, पर कुत्ता जिस रास्ते से गली में गया था, उसी रास्ते से घटनास्थल के पास पहुंच गया। टीम ने दो बार सर्च किया।

**कचरे के बीच लाश:** जहां लड़की की डेड बॉडी पड़ी थी, वहां कचरा पड़ा हुआ था। वहां पर बहुत सारे सूखे फूल पड़े थे और गिफ्ट के रैपर भी पड़े हैं। नाबालिग लड़की का आधा चेहरा फूलों के नीचे दबा है। नाबालिग के कपड़े देखकर लग रहा कि वो किसी अच्छे घर से है। कपड़े पर कुछ दाग भी दिख रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि उसे घसीटा गया है और फिर फेंक दिया गया हो।


**हत्या कर शव फेंकने की आशंका:** मौके पर पुलिस ने छाबीन की है। जिस जगह पर युवती की बॉडी मिली थी, उसे घेर दिया गया है। वहां पर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है। जब पुलिस छानबीन कर रही थी तब स्थानीय लोगों के बीच यही चर्चा हो रही थी कि लाश को किसने फेंका, लड़की कौन है? गली में रहने वाले युवक पंकज ने बताया कि, 'सुबह यहां पर भीड़ लगी थी तो मैं भी देखने आया। भीड़ के पास जाकर देखा तो एक लड़की की लाश पड़ी हुई थी।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए IGIMS लेकर गई है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। पास में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि लड़की किस दिशा से आई थी। पुलिस मृतका की पहचान करने की कोशिश में जुटी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## भतीजी के स्कूल के लड़के ने चाचा का किया मर्डर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में घर में घुसकर मो. नवाज आलम (30) की हत्या कर दी गई। इस घटना को अंजाम मृतक की भतीजी के स्कूल में पढ़ने वाला छात्र ने दिया है। आरोपी नाबालिग है जो समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय का रहने वाला है। पटना में पिता सिक्योरिटी गार्ड हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी के पिता ने बताया कि मेरा बेटा फरार है। उससे संपर्क नहीं हो पाया है। उसने जो किया उसके बारे में मुझे कुछ नहीं पता है। दूसरी तरफ पटना पुलिस दलसिंहसराय तक नाबालिग को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक के भाई नोखेज ने बताया कि आरोपी लड़का मेरी बेटी से जबरन दोस्ती करना चाहता था। वो बेटी को मानसिक टॉर्चर कर रहा था। मैंने अपनी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि मुझे डर था कि आप मेरी पढ़ाई न छुड़ा दें, इसलिए किसी को कुछ नहीं बताया। घटना पिरबहोर



इलाके के लालबाग की है।

**मेरे भाई की किसी से दुश्मनी नहीं थी:** मृतक के बड़े भाई नोखेज आलम सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट में काम करते हैं। उनका कहना है कि मेरा छोटे भाई (मृतक) का किसी से कोई मतलब नहीं था। हम एक ही बिल्डिंग में रहते हैं। बगल के प्लैट में घटना के समय सो रहे थे। मेरे कमरे का दरवाजा भी बंद था। सुबह साढ़े 6 बजे अचानक भाई की पत्नी चिल्लाई। हमलोग गए तो देखा स्थिति भयावह थी। मेरा भाई खून से लथपथ था। मेरा भाई रोज सुबह ड्यूटी जाता था और रात में 10 बजे आता था। हमलोगों की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।

## नीट छात्रा मौत-रेप केस, सीबीआई की धीमी जांच पर फटकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना की NEET छात्रा से रेप और मौत मामले के 5 महीने हो चुके हैं, लेकिन न तो पुलिस और ना ही CBI किसी नतीजे पर पहुंच पाई है। अब मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने CBI की धीमी कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने साफ कहा कि बच्चों से जुड़े अपराधों में जांच में देरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पीड़िता के परिवार को 2.5 लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि CBI को केस ट्रांसफर हुए 110 दिन से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अब तक जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। अदालत ने इसे बेहद गंभीर माना और एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसी की स्वतंत्रता का मतलब मनमानी नहीं है। "जांच चल रही है" जैसे सामान्य जवाब अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हर हाल में ठोस प्रगति दिखानी होगी। इस मामले की



अगली सुनवाई 15 मई 2026 को तय की गई है, जहां कोर्ट जांच की प्रगति की समीक्षा करेगा। 'ऐसा लगता है कि CBI ने आदेश के बावजूद जानबूझकर चार्जशीट फाइल नहीं की। 10 अप्रैल को समय सीमा के अंदर जांच पूरी करने या स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया था, जिसका पालन नहीं हुआ। यह कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन है।' कोर्ट ने यह टिप्पणी NEET छात्रा मामले में करते हुए आरोपी मनीष रंजन को जमानत दे दी थी।

## सड़क पर कचरा फेंकने पर एआई से कटेगा चालान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

❒ पटना स्मार्ट सिटी खरीदेगी 19 गाड़ियां, 110 डिग्री वाइड एंगल पर कैमरा करेगा रिकॉर्ड

**पटना।** पटना में खुले में कचरा फेंकना अब लोगों को महंगा पड़ सकता है, क्योंकि ट्रैफिक की तरह अब कचरे को लेकर भी चालान काटने की तैयारी में है। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड एक हाइटेक सिविक सर्विसेज सर्विलांस एंड मॉनिटरिंग प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। इसके तहत 19 इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर गाड़ियां खरीदी जाएगी, जो AI कैमरों से लैस होंगे। ये पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों में घूमेगी। इन गाड़ियों पर हाइ रेजोल्यूशन वाले 4K डैशकैम लगे होंगे, जो 110 डिग्री के वाइड एंगल पर रिकॉर्डिंग करेंगे। इन वाहनों का नाम नगर नेत्र रखा गया है।

**ICCC में गाड़ियों का चार्जिंग हब बनेगा:** इसके अलावा ये गाड़ियां सड़कों पर कचरा, खुले मैनहोल, खराब स्ट्रीट लाइट और अवैध कब्जों की पहचान कर तुरंत कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेंगी। कैमरों में जीपीएस लगा होगा, जिससे किसी भी समस्या की सटीक लोकेशन का पता चल सकेगा। ये गाड़ियां रोस्टर के आधार पर हर वार्ड की सभी सड़कों की स्क्रीनिंग करेंगी। इन इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर गाड़ियों को चार्ज करने के लिए आइसीसीसी (ICCC) या अन्य चिह्नित जगहों पर चार्जिंग हब भी बनाए




जाएंगे। सड़कों पर दौड़ने वाली इन गाड़ियों से मिलने वाले डेटा का विश्लेषण करने के लिए ICCC भवन में एक 'सेंट्रल सिविक सर्विसेज ऑपरेशंससेंटर' (C-SOC) बनाया जाएगा। यहां लगे स्मार्ट AI इंजन कचरे के ढेर, सड़क के गड्ढों, अवैध होर्डिंग्स और लावारिस पशुओं की पहचान करेगा। अगर कहीं एक मीटर से बड़ा कचरे का ढेर या 10 इंच से बड़ा गड्ढा मिलता है तो सिस्टम खुद उसका स्क्रीनशॉट लेकर रिपोर्ट तैयार कर देगा। यह सिस्टम इतना एडवांस होगा कि अवैध विज्ञापन मिलने पर संभावित चालान की राशि की गणना भी कर सकेगा। इससे नगर निगम के अधिकारियों को रियल टाइम डैशबोर्ड में समस्याओं के बारे में पता चलेगा। पटना स्मार्ट सिटी के मुताबिक, इस पूरे प्रोजेक्ट पर 8.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य तकनीक के जरिए नागरिक सुविधाओं को बेहतर करना है। हालांकि, प्रोजेक्ट के संचालन के लिए एक प्रोजेक्ट डायरेक्टर, 2 सिटी कोऑर्डिनेटर और 19 ड्राइवरों सहित कुल 27 लोगों की टीम तैनात रहेगी। इस प्रोजेक्ट को नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, एजेंसी को अगले 36 महीनों तक एजेंसी द्वारा संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी। डैशकैम से डेटा ट्रांसफर के लिए 5G सिम और वाई-फाई तकनीक का उपयोग होगा। इसके सफल होने के बाद दूसरे फेज में इसे ट्रैफिक पुलिस की गाड़ियों और नगर निगम के कचरा वाहनों से भी जोड़ने की योजना है। भविष्य में यह सिस्टम सड़क के किनारों के टूटे डिवाइडर, धुंधली पड़ चुकी रोड मार्किंग और टूटे हुए पेवर ब्लॉक की भी पहचान करेगा, ताकि नागरिक सुविधा में कोई कमी न आए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पांच गांवों की बैठक, धोचा पाहन बने राजा



**खूंटी।** प्रखंड के तुनेल गांव में रविवार को पारंपरिक पड़हा व्यवस्था के संरक्षण और सुदृढ़ संचालन को लेकर पांच गांवों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवचयनित पड़हा राजा धोचा पाहन ने की। बैठक में लोटा, गड़के, कोने, डुफू और तुनेल गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में छोटानागपुर की प्राचीन आदिवासी पड़हा व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करने और इसकी ऐतिहासिक परंपरा को सुरक्षित रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पांचों गांवों में प्रत्येक महीने क्रमवार बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे परंपराओं के संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। साथ ही सामाजिक सुधार के तहत डीजे बाजा, गांव-गांव ढुकु शादी और नशापान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। धोचा पाहन को पड़हा राजा चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में डुफू से सुशील पाहन, तुनेल से सुनीता धान, लोटा से एतवा मुंडा, गड़के से मंगल पाहन और कोने से मनोज मुंडा को जिम्मेदारी दी गई। सचिव पद पर हरीश मुंडा, सह सचिव के रूप में शांति होरो, कोषाध्यक्ष सुषमा मिंज तथा सह कोषाध्यक्ष लीली आईन्द का चयन किया गया। इसके अलावा 10 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक में कोटवार सुशील पाहन, राजन मुंडा, जयमंगल मुंडा, अजय खलखो, राजेंद्र मुंडा, फागू मुंडा, चंपा कच्छप, सिलानंद होरो, चैतन मुंडा, मनोज होरो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अवैध अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**खूंटी।** जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एनडीपीएस थाना, खूंटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को करीब एक किलो अवैध अफीम (लासा) के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सदर अस्पताल से ईंठे की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अवैध अफीम की बिक्री के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एनडीपीएस थाना की टीम गठित कर तत्काल छापेमारी की गई। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि मोटरसाइकिल स्टार्ट नहीं हो सकी, जिसके बाद वह वाहन छोड़कर भागने लगा। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद जब मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई, तो सीट के अंदर छिपाकर रखे गए काले पॉलीथिन में करीब एक किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है और किसी भी हाल में ऐसे अवैध धंधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बहरागोड़ा में 407 वाहन टैंकर से टकराया, चालक और सहचालक गंभीर



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक 407 मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे अज्ञात टैंकर से जा टकराया। यह दुर्घटना कालियाडिंगा फ्लाईओवर के समीप हुई, जहां टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक तथा सहचालक केबिन में ही फंस गए। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के कोलकाता से कोरियर का सामान लेकर टाटानगर की ओर जा रही 407 मालवाहक गाड़ी (संख्या डब्लूबी19के 1067) सुबह करीब अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान फ्लाईओवर के पास आगे चल रहे एक अज्ञात टैंकर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रही 407 गाड़ी का चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे टैंकर के पीछे जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक संजय राम और सहचालक जितेंद्र झा केबिन में बुरी तरह फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बहरागोड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घटना के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बहाल कराया। बहरागोड़ा थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नशीला पदार्थ खिलाकर चालक को किया बेहोश, कार लेकर फरार हुए अपराधी



**खूंटी।** ओडिशा जिले की अंगुल जिले के डेराजंगा, जरापाड़ा से भाड़े पर कार लेकर निकले दो अपराधी कार चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर कार लेकर चंपत हो गए। खूंटी थाना की पुलिस ने चुकरु मोड़ के पास बेहोश पड़े चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओड़िशा के अंगुल जिले के डेराजंगा, जरापाड़ा से दो व्यक्तियों ने एक ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से अर्टिका कार चालक दुश्मंता साहू की कार बुक की थी। उन्होंने चालक को बताया था कि उन्हें रांची से करीब 30 किलोमीटर आगे जाना है और वहां से अपने परिवार के कुछ सदस्यों को लेकर वापस ओड़िशा लौटना है। चालक उन्हें लेकर रांची पहुंचा। रिंग रोड स्थित दलादिली चौक के पास एक होटल से मीट-भात पैक कराया गया और दूसरी दुकान से मिठाइयां खरीदी गईं। इसके बाद तीनों चुकरू मोड़ के पास पहुंचे, जहां पेड़ के नीचे बैठकर तीनों लोगों ने खाना खाया। खाना खाने के बाद जैसे ही चालक दुश्मंता साहू कार में बैठा, वह अचानक बेहोश हो गया। इसके बाद की घटना उसे याद नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने बेहोशी की हालत में उसकी पिटाई की और उसे मृत समझकर मौके पर छोड़ दिया तथा उसकी कार लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े चालक दुश्मंता साहू को उठाकर खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड राज्य ड्राइवर संघ ने इसे गंभीरता से लिया है। संघ के अध्यक्ष के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम खूंटी पहुंची है, जिसमें आकाश सिंह, अजय सिंह, सुनील प्रजापति और सूरज मुंडा शामिल हैं। टीम अस्पताल में घायल चालक का हालचाल लेने के साथ पुलिस से भी संपर्क कर मामले की जानकारी जुटा रही है। खूंटी के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने रविवार को घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि घायल कार चालक की स्थिति खतरे से बाहर है। पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पीएम आवास के लाभार्थियों ने छह मई को गृहप्रवेश का किया ऐलान

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



बिरसानगर में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के सैकड़ों लाभार्थियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। रविवार सुबह 200 से अधिक लाभार्थी जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर स्थित आवास पहुंचे और अपनी परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पूरी राशि जमा करने के बावजूद उन्हें अब तक अपने घर की चाबी नहीं मिली है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लाभार्थियों ने कहा कि वे मजबूरी में किराये के मकानों में रह रहे हैं, जबकि दूसरी ओर बैंक से लिए गए कर्ज की किस्तें भी लगातार चुकानी पड़ रही हैं। दोहरी मार झेल रहे इन परिवारों का कहना है कि अब उनके पास इंतजार करने की गुंजाइश नहीं बची है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सरयू राय ने बताया कि बिरसानगर में कुल 21 ब्लॉक बनने थे, लेकिन अब तक केवल दो ब्लॉक ही तैयार हो सके हैं। इन ब्लॉकों में आवंटन भी हो चुका है और कई लाभार्थियों ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी दे दिया है, फिर भी उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिल रही है। उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उप नगर आयुक्त ने उन्हें बताया है कि अभी तक जुडको ने आवासों को जेएनएसी को हैंडओवर ही नहीं किया है। वहीं, विभागीय मंत्री ने इस देरी को सामान्य बताते हुए इसे सरकारी कामकाज का हिस्सा बताया, जिस पर सरयू राय ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि यह मामूली नहीं बल्कि अत्यधिक विलंब है। इस बीच लाभार्थियों ने 6 मई को शुभ मुहूर्त मानते हुए उसी दिन अपने घरों में गृहप्रवेश करने का निर्णय लिया है। सरयू राय ने भी उनका समर्थन करते हुए कहा कि यदि सरकार की ओर से कोई पहल नहीं होती है, तो वे खुद लाभार्थियों के लिए पूजा-पाठ, पंडित, शामियाना, कुर्सी-टेबल और पूजन सामग्री की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास करेंगे और आग्रह करेंगे कि जल्द से जल्द औपचारिकता पूरी कर ऑनलाइन उद्घाटन कर दिया जाए, ताकि लोग अपने घरों में प्रवेश कर सकें। सरयू राय ने यह भी आरोप लगाया कि जिन मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है, उनमें भी कई जगह गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं और कुछ जगहों पर दीवारें क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अन्य राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति बेहतर है, लेकिन झारखंड में इस तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं।

## टाटा स्टील क्वार्टर में गैस सिलेंडर में लगी आग



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

साकची थाना क्षेत्र स्थित कब्रिस्तान के समीप टाटा स्टील के एक क्वार्टर में रविवार को गैस सिलेंडर में आग लगने की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना के दौरान गैस रिसाव के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना में किचन के अंदर रखे सारे सामान जल गए और एक बिल्ली बच्चे की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्वार्टर के अंदर रखे गैस सिलेंडर के नोजल के पास अचानक रिसाव शुरू हो गया, जिसके बाद आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत इसकी सूचना टाटा स्टील फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही टाटा स्टील फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायरमैनों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना के दौरान गैस के प्रभाव और आग की चपेट में आने से एक बिल्ली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। किचन के अंदर रखे सारे सामान जल गए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## तमाड़ के जंगल से 7 क्विंटल डोडा बरामद, तस्कर फरार

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में डोडा (अफीम) बरामद किया है। यह कार्रवाई कदमडीह के पास स्थित घने जंगल में की गई, जहां तस्करों ने बड़ी चालाकी से नशीले पदार्थ को छिपाकर रखा था। पुलिस के अनुसार, मौके से कुल 21 बोरे डोडा के जब्त किए गए हैं, जिनका कुल वजन करीब सात क्विंटल बताया जा रहा है। बरामद डोडा की बाजार कीमत लाखों रुपये आंकी गई है, जिससे इस अवैध कारोबार के बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है। बुंडू के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर जंगल का इस्तेमाल कर भारी मात्रा में डोडा का भंडारण कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सर्च अभियान के दौरान पुलिस को डोडा जमीन में गड्ढा खोदकर छिपाया हुआ मिला। सभी 21 बोरे बरामद कर जब्त कर लिए गए। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए और किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस फरार तस्करों की पहचान करने में जुटी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर अहम सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता है और जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।

## झारखंड में 4–5 मई को बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का अलर्ट, 60 किमी/घंटा तक चलेंगी तेज हवाएं

**एजेंसी। रांची**




झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने 4 और 5 मई को राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 4 मई को रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान और वज्रपात की संभावना है। वहीं 5 मई को राजधानी रांची समेत खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिलों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। तापमान की बात करें तो रांची में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 35.1 और न्यूनतम 23.7 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.6 और न्यूनतम 22.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33.2 और न्यूनतम 22.5 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने और सुरक्षित जगहों पर शरण लेने को कहा गया है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने खूंटी में लगाए आठ अमृत धारा प्याऊ




**एजेंसी। खूंटी**

भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर एक साथ 8 अस्थाई "अमृत धारा" प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इन प्याऊ का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी एवं महावीर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। शहर के मेन रोड, कर्रा रोड, तोरपा रोड, बाजार टांड़, चाईबासा रोड और रांची रोड सहित कुल आठ स्थानों पर प्याऊ की स्थापना की गई है, जहां राहगीरों को निःशुल्क ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस तरह का सेवा कार्य बेहद सराहनीय है। उन्होंने मारवाड़ी समाज और मंच के सदस्यों को जनसेवा के इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यों से जुड़े रहने की अपील की। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, सचिव गौरव जैन, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, संजय अग्रवाल, अखिल सरावगी, निवर्तमान अध्यक्ष अंकित जैन, अमृत धारा संयोजक तन्मय जैन, मुकुल पीपुरिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बाबूलाल मरांडी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से समय नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात का समय नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर चर्चा के लिए लगातार समय मांगती रही, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। रविवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की योजना मुख्यमंत्री से मिलकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर विशेष सत्र बुलाने और प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह करने की थी। इसके लिए 30 अप्रैल से ही पार्टी के महामंत्री अमर कुमार बाउरी लगातार प्रयास कर रहे थे, ताकि 3 मई को मुलाकात का समय मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय को विषय की पूरी जानकारी भी दी गई थी, इसके बावजूद न तो समय दिया गया और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला। ऐसे में पार्टी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपनी बात रखने का निर्णय लिया और उन्हें इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। मरांडी ने कहा कि 16, 17 और 18 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' सदन में प्रस्तुत किया गया था, जिससे देश की आधी आबादी में उम्मीद जगी। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने झारखंड के संदर्भ में कहा कि यदि यह अधिनियम लागू होता, तो राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या 14 से बढ़कर 21 हो जातीं, जिनमें 7 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं। वहीं, विधानसभा की सीटें 81 से बढ़कर 121 हो जातीं, जिनमें 41 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं। इससे महिलाओं सहित अन्य वर्गों को भी अधिक प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस विधेयक के खिलाफ मतदान किया, जबकि उनसे समर्थन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि इस मुद्दे पर राज्यपाल की सहमति से विशेष सत्र बुलाया जाए और प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए, ताकि इस विधेयक को दोबारा लाया जा सके। प्रेस वार्ता के दौरान मरांडी ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र की प्रति भी साझा की। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद रहीं।

## टाटानगर स्टेशन पर मोबाइल चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



टाटानगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान और खासकर मोबाइल फोन की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुरक्षा बलों को शनिवार रात एक अहम सफलता हाथ लगी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर मोबाइल चोर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बागबेड़ा के गांधीनगर निवासी सोनू कुमार राव उर्फ गडजला के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ और जांच में सामने आया कि यह मोबाइल महाराष्ट्र निवासी यात्री ऋषिकेश अशोक घोराड़े का है, जिसे आरोपित ने स्टेशन परिसर या ट्रेन के भीतर मौका पाकर चुरा लिया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सोनू कुमार राव का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। वह पूर्व में भी चोरी और रेल से जुड़े अन्य अपराधों में संलिप्त रह चुका है। उसकी गिरफ्तारी को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इससे ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) चक्रधरपुर और रेल पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार जमशेदपुर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर स्टेशन परिसर में निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखते हुए आरोपी को धर दबोचा। चक्रधरपुर रेल थाना प्रभारी अवधेश कुमार के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आरोपित को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर रेल थाना टाटानगर के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किसी संगठित गिरोह का हिस्सा है या अकेले ही वारदात को अंजाम देता था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उसने पहले किन-किन यात्रियों को अपना शिकार बनाया है।

## सीएनआई मंडली के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक



**एजेंसी। खूंटी**

रनिया प्रखंड के ताम्बा पेरिस अंतर्गत हालोम सी.एन.आई. मंडली के स्थापना दिवस के 21वें वर्षगांठ समारोह में शनिवार को विधायक सुदीप गुड़िया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मंडली के सभी श्रद्धालुओं, पादरी एवं प्रचारकों के बीच उपस्थित होकर आत्मीय स्वागत और सम्मान पाकर हृदय भावविभोर हो गया। विधायक ने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, दरअसल विश्वास, सेवा, प्रेम और समाज के प्रति समर्पण की निरंतर यात्रा का प्रतीक है। प्रभु की कृपा से यह मंडली आगे भी समाज में शांति, सद्भाव और मानव सेवा का संदेश देती रहे, यही कामना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरेन कंडुलना, पेरिस कौंसिल ताम्बा एवं हालोम मंडली के पादरी, प्रचारक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा से गंगा एक्सप्रेसवे तक सीधी कनेक्टिविटी, हापुड़ बाईपास से आसान होगा सफर; बनेगी 105 मीटर चौड़ी सड़क

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** मेरठ से प्रयागराज की राह सुलभ करने वाले गंगा एक्सप्रेसवे से ग्रेटर नोएडा को भी सीधे जोड़ा जाएगा। परीचौक शुरू होकर ग्रेटर नोएडा फेज दो होते हुए हापुड़ बाईपास तक 105 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। इस सड़क के बनने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा के लोग हापुड़ बाइपास होकर सीधे गंगा एक्सप्रेसवे तक 30 से 45 मिनट में आवाजाही कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा बोर्ड की 143 वीं बोर्ड बैठक में 105 मीटर चौड़ी सड़क के अलावा मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब से डब्ल्यूडीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर) के समानांतर 6 लेन एलिवेटेड रोड बनाने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 2011-12 में ग्रेटर नोएडा से हापुड़ को जोड़ने के लिए 37 किमी लंबी 105 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण की योजना तैयार की थी। इस सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण पर प्राधिकरण ने 1200 करोड़ रुपये भी खर्च कर दिए, लेकिन जमीनी विवाद के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। परीचौक से जुनपत गांव तक करीब छह किमी सड़क के बाद आगे परियोजना अधर में फंस गई। प्राधिकरण एक बार फिर इस परियोजना को जीवित करने जा रहा है। 105 मीटर चौड़ी सड़क का हापुड़ बाईपास तक निर्माण किया जाएगा। बाईपास में यह सड़क एनएच नौ में मिल जाएगी। एनएच नौ होते हुए सिंभावली तक 15 किमी दूरी है। जहां से गंगा एक्सप्रेसवे पर पहुंचा जा सकेगा। 105 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण से दादरी फेज दो के अलावा ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल, एनएच 34 की सीधे कनेक्टिविटी के साथ हापुड़ के लिए नया मार्ग तैयार हो जाएगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लोग सीधे गंगा एक्सप्रेस वे पहुंच सकेंगे। मुरादाबाद, बरेली जाने वालों को भी फायदा होगा।



दिल्ली हावड़ा रेलवे मार्ग पर 194 करोड़ की लागत से छह लेन का आरओबी का निर्माण हो रहा है। इसे जोड़ते हुए 105 मीटर सड़क फेज दो में प्रवेश करेगी।

**छह लेन एलिवेटेड रोड एयरपोर्ट की राह करेगा आसान:** ग्रेटर नोएडा में मल्टी मॉडल लाजिस्टक हब से डब्ल्यूडीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर) के समानांतर 6 लेन एलिवेटेड रोड बनाई जाएगी। इसके जरिये उद्योगों का मॉल नोएडा एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक आसानी से पहुंच सकेगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि इन दोनों मार्गों के बन जाने से निवासियों से लेकर उद्यमियों को बहुत सुविधा हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल चुनाव: 4 मई को सिर्फ 293 सीटों पर ही होगी वोटों की गिनती



**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सोमवार (4 मई) को वोटों की गिनती होनी है। इन चुनावों में दो चरणों में वोट डाले गए थे और अब इनके नतीजों से यह तय होगा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस की वापसी होगी या फिर भाजपा को पहली बार जीत मिलेगी। हालांकि, एक सीट पर चुनावी प्रक्रिया अभी भी जारी रहेगी। यह सीट है 'फालता'। दरअसल, 29 अप्रैल को हुए चुनावों के दौरान यहां गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने के आरोप लगे थे। तो ऐसे में 294 में से 293 सीटों पर कल काउंटिंग की जाएगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को आदेश दिया कि दक्षिण 24 परगना जिले के फलता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर 21 मई को दोबारा मतदान कराया जाए। यह मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा, ताकि यह प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके। इस विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती 24 मई को होगी। शनिवार को, पश्चिम मगराहाट और डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर पुनर्मतदान हुआ। फालता में टीएमसी के जहांगीर खान का मुकाबला भाजपा के देबांग्शु पांडा और कांग्रेस के अब्दुर रज्जाक मोल्ला से है। सीपीआई (एम) के शंभू नाथ कुर्मी भी चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट में मतदाताओं को डराने-धमकाने, बूथों के भीतर अनाधिकृत मौजूदगी और संभावित छेड़छाड़ के आरोपों का जिक्र किया गया है।

### सोशल मीडिया पर पत्नी ने प्रेमी संग डाली फोटो, जयपुर की कोर्ट ने माना मानसिक क्रूरता



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर की एक फैमिली कोर्ट ने वैवाहिक संबंधों और सोशल मीडिया व्यवहार को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर किया गया आचरण वैवाहिक रिश्तों की नींव को प्रभावित कर सकता है। पारिवारिक न्यायालय क्रम संख्या (एक) की न्यायाधीश आरती भारद्वाज ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यदि कोई विवाहित महिला किसी अन्य पुरुष के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें खिंचवाती है और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा करती है, तो यह पति के प्रति 'मानसिक क्रूरता' की श्रेणी में आता है। पति के वकील डीएस शेखावत ने शनिवार को 17 अप्रैल के इस आदेश की जानकारी देते हुए बताया कि यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि सोशल मीडिया पर की गई गतिविधियां और ऑनलाइन व्यवहार अब वैवाहिक विवादों में प्रासंगिक सबूत माने जा सकते हैं, खासकर जब इनसे पति या पत्नी को अपमान या भावनात्मक आघात पहुंचता हो। पति ने अदालत में अपनी पत्नी पर दुर्व्यवहार, अपशब्दों का प्रयोग और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने का आरोप लगाया। साथ ही उसने यह भी कहा कि पत्नी उसे अपने माता-पिता से अलग होने के लिए लगातार दबाव डालती थी।

# एक और ऐतिहासिक दस्तावेज में उल्लेख, भोजशाला वास्तव में सरस्वती मंदिर

**धार, एजेंसी।** ऐतिहासिक भोजशाला के धार्मिक स्वरूप के निर्धारण के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में नियमित सुनवाई के बीच एक और ऐतिहासिक दस्तावेज सामने आया है, जिसने इस स्थल की प्रकृति का उल्लेख है। ब्रिटिश काल के अधिकारी और इतिहास लेखक सीई लुआर्ड ने अपनी पुस्तक- 'धार एंड मांडू' (अ स्केच फॉर द साइट-सीअर) में लिखा है कि भोजशाला मूलतः हिंदू मंदिर था, जो संभवतः सरस्वती को समर्पित था। बाद में इस मंदिर के अवशेषों का उपयोग कर मस्जिद का निर्माण किया गया। 1912 में प्रकाशित इस पुस्तक में भी भोजशाला को राजा भोज का विद्यालय बताते हुए लिखा गया है कि मौजूदा ढांचा भले मस्जिद के रूप में दिखाई देता हो, लेकिन इसकी उत्पत्ति 11वीं-12वीं सदी के हिंदू मंदिर से जुड़ी है। लुआर्ड ने इस भवन का केवल एक धार्मिक स्थल के रूप में ही उल्लेख नहीं किया है, बल्कि इसका ऐतिहासिक रूपांतरण भी किया है।

**इमारत के भीतर मौजूद साक्ष्य:** उन्होंने लिखा है कि राजा भोज का विद्यालय नाम प्रचलित जरूर है, लेकिन इमारत के भीतर मौजूद साक्ष्य इसके मूल स्वरूप की कहानी स्वयं बयान करते हैं। मंदिर के अवशेषों का उपयोग करके निर्मित ढांचा उस काल के राजनीतिक और सांस्कृतिक बदलावों को दर्शाता है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में प्रकाशित इस पुस्तक का मुद्रण स्टैंडर्ड प्रेस में विशम्भर नाथ भार्गव द्वारा किया गया। पत्थरों में दर्ज है पढ़ाई का इतिहास-लुआर्ड के अनुसार, भोजशाला के भीतर मिले संस्कृत व्याकरण से जुड़े शिलालेख इस स्थल की विशिष्ट पहचान बनाते हैं। पत्थरों पर उकेरी गई वर्णमाला, संज्ञा और क्रिया के रूप इस बात का संकेत देते हैं कि यहां व्यवस्थित शिक्षा दी जाती थी। दो स्तंभों पर सर्पाकार शैली में अंकित विभक्ति प्रत्यय इस स्थान को साधारण धार्मिक स्थल से अलग करते हैं और इसे विद्या और शिल्प का अनोखा संगम दर्शाते हैं।



नाट्य, साहित्य, गीत, शिल्प और परंपरा का संगम

लुआर्ड ने परमारकालीन संदर्भों का उल्लेख करते हुए बताया है कि अर्जुन वर्मा के समय के संस्कृत नाटक में इस स्थल को धारानगरी के चौरासी चौराहों का आभूषण कहा गया है। यह उल्लेख दर्शाता है कि भोजशाला केवल पूजा का केंद्र नहीं, बल्कि उस समय के सांस्कृतिक जीवन का प्रमुख केंद्र भी थी। भवन के भीतर शिलापट्टों में मुद्रित प्राकृत और संस्कृत दोनों भाषाओं के प्रमाण मिलते हैं। इनमें से एक को राजा भोज से जोड़ा जाता है, जो इस स्थल को परमारकालीन विद्या परंपरा से जोड़ता है। शिल्पकला की दृष्टि से भी ये अवशेष उस युग की उत्कृष्टता को सामने लाते हैं। ब्रिटिश इतिहासकारों की किताबों में दर्ज तथ्य स्पष्ट करते हैं कि भोजशाला मूलतः सरस्वती मंदिर और विद्या का केंद्र था। संस्कृत शिलालेख, प्राकृत लेख और परमारकालीन संदर्भ इस बात के मजबूत प्रमाण हैं। ऐसे ऐतिहासिक दस्तावेज यह दिखाते हैं कि बाद में इस संरचना का स्वरूप बदला गया, जिससे मंदिर होने के पक्ष को और मजबूती मिलती है।

## गाजियाबाद में आउटर रिंग रोड की सूरत बदलेगी, 15 करोड़ से चमकेगा साढ़े सात किमी मार्ग

**गाजियाबाद, एजेंसी।** शहर के प्रमुख आउटर रिंग रोड पर जल्द ही रात के समय दूधिया रोशनी बिखरेगी। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से सिटी फॉरेस्ट से एनपीआर को क्रॉस करते हुए लगभग साढ़े सात किलोमीटर लंबे मार्ग की प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक किया जाएगा। इस परियोजना के तहत न केवल सड़क के दोनों ओर बल्कि सेंट्रल वर्ज पर भी आकर्षक और ऊर्जा-सक्षम डिजाइनर एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। योजना के अनुसार प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की एरोसिटी, हरनंदीपुरम और आउटर रिंग रोड के प्रमुख हिस्सों में विशेष लाइटिंग की जाएगी। इससे एक ओर जहां रात में वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता मिलेगी, वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। साथ ही क्षेत्र का सुंदरीकरण होने से यह मार्ग शहर की पहचान के रूप में विकसित होगा। अधिकारियों के अनुसार, लाइटिंग के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे बिजली की खपत कम होगी और रखरखाव भी आसान रहेगा। परियोजना को इस तरह तैयार किया गया है कि भविष्य में मार्ग पर यातायात बढ़ने के बावजूद रोशनी की गुणवत्ता प्रभावित न हो। आउटर रिंग रोड शहर का महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां आधुनिक रूप से प्रकाश व्यवस्था विकसित करने से यातायात सुरक्षा बढ़ने के साथ ही पूरे क्षेत्र का स्वरूप भी बदलेगा। परियोजना को प्राथमिकता पर लिया गया है और स्वीकृति के बाद कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा।



## फरीदाबाद में पत्नी से कहासुनी के बाद डॉक्टर ने नहर में लगाई छलांग, तीन घंटे तक नहीं पहुंचे गोताखोर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सेक्टर-17 पुल पर देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दंत चिकित्सक ने पत्नी से कहासुनी के बाद आगरा नहर में छलांग लगा दी। घटना के बाद स्वजन में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बावजूद करीब तीन घंटे तक गोताखोर मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे नाराज स्वजन और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार बल्लभगढ़ मोहन रोड निवासी दंत चिकित्सक डॉक्टर सचिन देर रात अपनी पत्नी और बच्चों के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर सेक्टर-17 पुल से गुजर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि डॉक्टर सचिन ने अचानक पुल पर कार रोक दी और तेजी से दौड़ते हुए आगरा नहर में छलांग लगा दी। घटना के बाद पत्नी और बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पुलिस को दी गई। स्वजन का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद लंबे समय तक गोताखोर मौके पर नहीं पहुंचे। इससे नाराज लोगों ने रात में सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नहर में डॉक्टर सचिन की तलाश शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अब मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास पढ़ेंगे छात्र, एमएसयू ने शुरू किया नया कोर्स

**वडोदरा, एजेंसी।** गुजरात के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर आधारित ''मोदी तत्व'' नामक एक मॉड्यूल और आरएसएस के इतिहास को समाजशास्त्र पाठ्यक्रम में शामिल किया है, ताकि समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया जा सके। विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एमए के दो वर्षीय पाठ्यक्रम में ''देशभक्ति का समाजशास्त्र'' नाम से नया कोर्स शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ''मोदी तत्व'' और सामाजिक सुधारों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज तथा सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय के कार्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा कि चाहे आपको पसंद हो या न हो, राजनीतिक क्षेत्र और नेतृत्व की भूमिका में प्रधानमंत्री मोदी पर चर्चा करनी ही होगी। वह एक ऐसा तत्व हैं, जो लंबे समय तक मौजूद रहेंगे। हम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के करिश्माई नेतृत्व का अध्ययन करना चाहते थे। ऐसा व्यक्तित्व महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग में भी देखा गया था। पीएम मोदी में भी उसी तरह का करिश्माई नेतृत्व दिखाई देता है। यह एक वैज्ञानिक विषय है, जिसकी पड़ताल आवश्यक है।डा. सिंह नीति आयोग की सार्वजनिक परियोजनाओं के निगरानी कार्यक्रम से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''मोदी तत्व'' में मीडिया और डिजिटल राष्ट्रवाद, नागरिकता और असहमति तथा वैश्वीकरण और पहचान की राजनीति जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन तीनों भागों में ''मोदी तत्व'' की अवधारणा का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा और इस बात पर चर्चा की जाएगी कि वह इतने प्रसिद्ध क्यों हो रहे हैं, उनकी स्वीकार्यता इतनी व्यापक कैसे है और भारत में सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के पीछे उनमें ऐसी क्या खास बात है। जैसे- नोटबंदी, डिजिटल क्रांति, फास्टैग, जल शक्ति मंत्रालय आदि दर्शाती हैं कि वह जनता की इच्छाओं को कितनी अच्छी तरह समझते हैं। शायद यही कारण है कि उन्हें जनता का इतना समर्थन प्राप्त है। डॉ सिंह ने बताया कि इस मॉड्यूल का विचार तब आया, जब समाजशास्त्र विभाग के एमए के छात्र नीति आयोग की सार्वजनिक नीतियों के निगरानी कार्यक्रम के तहत गांवों में सर्वेक्षण कर रहे थे।



## ग्रेटर नोएडा में सपनों का घर बनाने के लिए जेब करनी होगी ढीली, कीमतों में हुई 3.58% तक बढ़ोतरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। प्राधिकरण की शनिवार को हुई 143वीं बोर्ड बैठक में सभी श्रेणी की संपत्ति में 3.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। इस वृद्धि से ग्रेटर नोएडा में घर बनाना और उद्योग लगाना सभी महंगा हो गया है। प्राधिकरण बोर्ड ने अहम निर्णय लेते हुए शहर की 105 मीटर रोड को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके जरिये गंगा एक्सप्रेसवे और ग्रेटर नोएडा आपस में सीधे जुड़ जाएंगे। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6048 करोड़ के बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी है। जमीन अधिग्रहण पर 1150 करोड़ व संरचनात्मक विकास पर 2176 करोड़ खर्च होंगे। चालू वित्त वर्ष के लिए प्राधिकरण ने जल की दरों में कोई बढ़ोतरी न करने का निर्णय लिया था। जल के बकायेदारों के लिए एक मुश्त समाधान योजना को भी बोर्ड ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। हाइराइज इमारतों में आग की घटनाओं से निपटने के लिए सौ करोड़ से हाइड्रोलिक प्लेटफार्म खरीदा जाएगा।

# हिमाचल में मई में सामान्य से अधिक वर्षा, तीन दिन आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मई में सामान्य से अधिक वर्षा और सामान्य से अधिक गर्मी के दिन रहने का अनुमान है। जबकि अप्रैल माह में 1901 से लेकर अब तक 47वीं सबसे अधिक 66.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गइ है। जो सामान्य से चार प्रतिशत अधिक है। 1908 में आज तक की सबसे अधिक 181.7 मिलीमीटर वर्षा अप्रैल माह में दर्ज की गई है। अप्रैल माह में किन्नौर कुल्लू व लाहुल स्पीति में 10 से 47 प्रतिशत तक कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी तीन दिनों 3,4 व 5 मई को चंबा,कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और शिमला में 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात और निचले क्षेत्रों में व्यापक वर्षा की संभावना जताई गई है।


धर्मशाला में 6.3, मंडी में पांच मिलीमीटर वर्षा

शनिवार को प्रदेश की ऊंची चोटियों रोहतांग, बारालाचा और शिंकुला में हल्का हिमपात हुआ। जबकि शिमला शहर के अलावा कुफरी, मशोबरा में शाम के समय आंधी के साथ अंधेरा छा गया और ओलावृष्टि हुई। धर्मशाला में 6.3, मंडी में पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री का अंतर आया है। ऊना में दिन के तापमान में 2.2 डिग्री की वृद्धि के साथ अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक रह। धर्मशाला में 2 डिग्री अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। जबकि बाकी स्थानों पर करीब एक डिग्री की गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता 7 मई तक रहने का अनुमान है।



## गुरुग्राम में सनकी व्यक्ति ने पत्नी और 4 बच्चों को जहर देकर मार डाला; अपने हाथ की काटी नस

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के गांव वजीरपुर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यह एक सनकी व्यक्ति ने अपनी पत्नी ही नहीं बल्कि चार बच्चों को जहर देकर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने अपने हाथ की नस काट कर खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी शनिवार रात उस वक्त हुई, जब व्यक्ति का भाई घर आया और सभी को बेसुध हालत में पाया। व्यक्ति के हाथ से खून निकलता देख भाई सभी को अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने महिला व उसके चार बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से मुरादाबाद का रहने वाला नाजिम वजीरपुर क्षेत्र में सैलून चलाता है। वह अपनी पत्नी नजमा और चार बच्चों के साथ गांव में ही रहता है। शनिवार रात उसने अपनी 35 वर्षीय पत्नी सहित चार बच्चों को जहरीला पदार्थ दे दिया और खुद भी आत्महत्या करने के लिए अपने हाथ की नस काट ली। बच्चों की उम्र 8 से 14 साल के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सहित एसीपी स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, घायल को इलाज के बाद हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल इस घटनाक्रम के पीछे के कारण स्पष्ट रूप से पता नहीं लग पाया है। एसीपी नवीन की माने तो प्रारंभिक तौर की जांच में सामने आया है कि आरोपी के घर में कोई अंदरूनी कलह चल रही थी, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल थाना पुलिस के साथ-साथ अपराध शाखा की टीमों को भी जांच लगाया गया है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इसमें अपनी पत्नी व बच्चों को जहर दिया है।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया के संकट ने भारत की औद्योगिक रफ्तार को झटका दिया

आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुआ संकट कब तक हल हो पाएगा, इस संबंध में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पिछले वर्ष विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन की जो लुभावनी तस्वीर दिखाई दे रही थी, वह इस साल पश्चिम एशिया में उपजे संकट की वजह से फीकी पड़ गई है। सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 फीसद पर आ गई। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन को माना जा रहा है, जिसके पीछे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष से उपजे हालात भी एक बड़ी वजह है।होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से जहां तेल और गैस आपूर्ति की वैश्विक श्रृंखला बाधित हुई है, वहीं देश का निर्यात भी प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ा है। गौरतलब है कि समग्र औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी है और इसमें गिरावट देश के आर्थिक विकास की रफ्तार के लिए चिंताजनक है। अगर पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने में ज्यादा समय लगा, तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ सकती है।आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। देश में एक ओर बढ़ती महंगाई की चुनौतियां हैं, तो दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और अनिश्चितता के माहौल का असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है। यह स्वाभाविक है कि अगर देश में उत्पादन घटेगा, तो विकास की रफ्तार कमजोर पड़ती जाएगी।इससे पहले अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क की वजह से औद्योगिक क्षेत्र प्रभावित हुआ था। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुआ संकट कब तक हल हो पाएगा, इस संबंध में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, इसलिए इसका असर दूरगामी न हो और देश में विकास की गति धीमी न पड़े, इसके लिए सरकार को वैकल्पिक उपायों पर ध्यान केंद्रित कर नए रास्ते तलाशने होंगे। अगर समय रहते इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जो हालात पैदा होंगे, उनसे निपटना आसान नहीं होगा।

### ओपेक से दूरी, आई2यू2 की मजबूती, क्या मध्य पूर्व में बन रहा है नया वैश्विक शक्ति समीकरण

मध्य पूर्व की सबसे प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था संयुक्त अरब अमीरात का लक्ष्य 'वी द यूएई- 2031' योजना के तहत सतत विकास और एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है।दुनिया में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की वास्तविकता यह है कि यहां न तो कोई स्थायी दोस्त होता है, न स्थायी दुश्मन और न ही कोई स्थायी गठबंधन। राष्ट्रीय हितों के संवर्धन के लिए समय, परिस्थिति और रणनीतिक लाभ के अनुसार दोस्त एवं दुश्मन बदलते रहते हैं। इसी तरह तेल के कारोबार के दो मजबूत साथी माने जाने वाले सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास्ते अब अलग-अलग हो गए हैं। सऊदी अरब नियंत्रण और संतुलन के यथार्थ को स्वीकार करके पाकिस्तान के प्रभाव में चीन की ओर जाने को तैयार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने 'ओपेक' से अलग होने की घोषणा कर रणनीतिक स्वायत्तता का संदेश दे दिया है। दरअसल, तेल की दुनिया में मजबूत हैसियत रखने वाले संयुक्त अरब अमीरात का यह निर्णय आर्थिक साधनों का रणनीतिक उपयोग बेहतर तरीके से करके अपने भू-राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने की कोशिश नजर आता है।मध्य पूर्व की सबसे प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था संयुक्त अरब अमीरात का लक्ष्य 'वी द यूएई- 2031' योजना के तहत सतत विकास और एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। वह मध्य पूर्व की धार्मिक और सामरिक प्रतिद्वंद्विता के शिकंजे से बाहर निकलकर तथा तेल पर निर्भरता कम करके पर्यटन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और 'एअरोस्पेस' पर आधारित विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भू-अर्थशास्त्र आज की विश्व व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण आधार बन चुका है।

*ईरान दुनिया को यह संदेश देने में भी सफल होता दिखाई दे रहा है कि इजराइल और अमेरिका की ओर से उसके ऊपर किए गए हमले गैरजरूरी और उसकी संप्रभुता को खत्म करने की कोशिश हैं। यही वजह है कि नाटो देश इस युद्ध में अमेरिका का साथ देने को तैयार नहीं हुए। अब ईरान खुद को एक तरह से इस संघर्ष का विजेता मान रहा है।*

## युद्ध की आग में आर्थिक अवसर, ईरान की आक्रामक रणनीति

**(अखिलेश आर्येंदु)**

मौजूदा परिदृश्य में ईरान का रुख बिल्कुल साफ है कि अमेरिका और इजराइल के आगे वह झुकने वाला नहीं है। उसका इरादा उसके इस एलान में भी साफ नजर आता है कि युद्ध अमेरिका और इजराइल ने शुरू किया था, लेकिन खत्म ईरान की इच्छा से ही होगा। हाल ही में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। यह घोषणा अमेरिका की ओर से की गई, लेकिन ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को अभी भी अवरुद्ध कर रखा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान को बंद पड़े इस समुद्री मार्ग को न खोलने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है, दूसरी तरफ ईरान इसे कमाई के अवसर के रूप में देख रहा है। दरअसल, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग में अपने लिए 'एक सुरक्षित कॉरिडोर' तैयार किया है, जो लार्क द्वीप के आसपास से होकर गुजरता है। इस नई व्यवस्था के जरिए संघर्ष की स्थिति में भी ईरान कमाई के साधन बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है। मीडिया रपटों के मुताबिक, अमेरिका की धमकियों से ईरान दबाव में आने के बजाय बेखौफ होकर अपनी रणनीति और कूटनीति के साथ सधे कदमों से काम कर रहा है। ईरान के एक सांसद के मुताबिक, होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले तेल के चुनिंदा जहाजों पर ईरान की ओर से लगभग दो मिलियन डालर का शुल्क लगाया जा रहा है। हालांकि, जब से अमेरिका ने समुद्र में नाकेबंदी शुरू की है, तब से इस कार्य में ईरान के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि होर्मुज जलमार्ग को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो उसके ऊर्जा संयंत्रों को नष्ट कर दिया जाएगा। मगर इससे दबाव में आने के बजाय ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि अमेरिका की ओर से हमले की कार्रवाई की गई, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इन बयानों से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा और शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। ईरान की कूटनीति और रणनीति अब भी आक्रामक प्रतिक्रिया वाली है। वह अमेरिका की चेतावनियों और धमकियों का जवाब उसी अंदाज में दे रहा है। ऐसे में यह कहना बहुत मुश्किल है कि दोनों पक्षों के बीच युद्ध कब तक थमा रहेगा। इस युद्ध में ईरान में अब तक हताहतों की तादाद इजराइल से भले ज्यादा हो, लेकिन वह एक कदम भी पीछे हटने का संकेत नहीं दे रहा है, उल्टे इस संघर्ष में वह कमाई करने का मौका देख रहा है। यही वजह है कि ईरान बेहद सधी रणनीति से आगे बढ़ते हुए अपने ध्वस्त ढांचों को फिर से खड़ा करने और संघर्ष में धन की कमी को पूरा करने के लिए तेल को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। मौजूदा परिदृश्य में ईरान का रुख बिल्कुल साफ है कि अमेरिका और इजराइल के आगे वह झुकने वाला नहीं है। उसका इरादा उसके इस एलान में भी साफ नजर आता है कि युद्ध अमेरिका और इजराइल ने शुरू किया था, लेकिन खत्म ईरान की इच्छा से ही होगा, यानी उसने अमेरिका और इजराइल को स्पष्ट तौर पर यह संदेश दिया है कि उसे धमकियों से डराया नहीं जा सकता। ईरान सोची-समझी रणनीति के तहत अमेरिका समर्थित अरब देशों को निशाना बना रहा है। यहां तक कि दुबई पर भी हमले कर रहा है, जहां दुनिया के करीब दो सौ देशों के लोग रहते हैं। सवाल है कि दुबई पर हमला करके ईरान को क्या फायदा मिल रहा है या भविष्य में मिल सकता है? इसके लिए दुबई की 'धनकुबेर' वाली छवि को समझना होगा और यह भी जानना होगा कि दुबई पर ईरान के हमलों के पीछे की रणनीति या कूटनीति किस तरह की है? ईरान इस संघर्ष को ऐसे अवसर के रूप में देख रहा है, जो आगे चलकर उसकी अर्थव्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दुबई पर उसका हमला इसी दूरदृष्टि का परिणाम है। ईरान जानता है कि अमेरिकी दोस्त दुबई की धनकुबेर वाली छवि को खराब करने के लिए उस पर हमला करना जरूरी है। लोग घबराकर दुबई को छोड़ कर एक सुरक्षित जगह की तलाश करेंगे, जिसका असर उसकी अर्थव्यवस्था पर तो पड़ेगा ही, उसकी धनकुबेर वाली छवि भी खराब हो सकती है। ईरान के हमलों से वहां के कारोबार और पर्यटन पर गहरा असर पड़ेगा, जिससे उसकी आमदनी भी प्रभावित होगी। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल दुबई में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए थे, जिससे उसकी बड़े पैमाने पर आमदनी हुई। ईरान के हमलों से दुबई जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका अप्रत्यक्ष रूप से उसे फायदा होगा। पश्चिम एशिया में जब से संघर्ष की शुरुआत हुई है, तब से तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। इसका फायदा उठाकर ईरान अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। दूसरी तरफ होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा है। विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की वजह से ईरान को ढांचागत क्षति के साथ अतिरिक्त प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ सकता है, लेकिन तत्काल ऊर्जा की कीमतें उसके लिए एक आर्थिक हथियार के रूप में काम कर रही हैं। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत सहित दुनिया के कई देशों से कह चुके हैं कि रूस से तेल ज्यादा से ज्यादा खरीदा जाना चाहिए, जिससे दुनिया में ऊर्जा का कोई गंभीर संकट न पैदा हो। इससे रूस को फायदा हो रहा है और इसके परिणामस्वरूप ईरान को अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिल रही है। चूंकि रूस और चीन के साथ ईरान के संबंध बेहतर हैं, इसलिए उसे इन देशों से आर्थिक और कूटनीतिक सुरक्षा मिल रही है। यह सच है कि ईरान की अर्थव्यवस्था तेल और प्राकृतिक गैस के निर्यात पर टिकी है, जो दुनिया के सबसे बड़े जीवाश्म ईंधन भंडारों में से एक है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार और चौथा तेल भंडार ईरान के पास है। वह होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर अमेरिका को यह संदेश देना चाहता है कि उसके मूलभूत ढांचों और संयंत्रों पर हमला करने से महज उसका ही नुकसान नहीं होगा, बल्कि दुनिया के तमाम देशों पर इसका प्रत्यक्ष असर पड़ेगा। ईरान का कहना है कि अमेरिका को अब यह समझ में आ रहा है कि प्रतिबंधों और हमलों से उसे वह सब हासिल नहीं हो पाया है, जिसके लिए उसने इजराइल के साथ मिलकर हमले किए थे। ईरान दुनिया को यह संदेश देने में भी सफल होता दिखाई दे रहा है कि इजराइल और अमेरिका की ओर से उसके ऊपर किए गए हमले गैरजरूरी और उसकी संप्रभुता को खत्म करने की कोशिश हैं। यही वजह है कि नाटो देश इस युद्ध में अमेरिका का साथ देने को तैयार नहीं हुए। अब ईरान खुद को एक तरह से इस संघर्ष का विजेता मान रहा है, क्योंकि तेल और गैस की आपूर्ति को रोककर उसने वैश्विक संकट खड़ा कर दिया है और अमेरिका इसे सुलझाने में अब तक विफल रहा। जो भी हो, इस युद्ध से अभी तक अमेरिका और इजराइल को वह हासिल होता हुआ नजर नहीं आ रहा है, जिसके लिए युद्ध को एकमात्र विकल्प बताया गया था।

## शिक्षा सत्र में जल्दबाजी, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उत्साह पर भारी पड़ता बदलाव

**(राजेंद्र जोशी)**

शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र को जल्दी शुरू करना शायद सीखने की अवधि में ज्यादा अंतराल को कम करने का प्रयास है, लेकिन व्यवहारिकता गायब है। बच्चे परीक्षा की थकान अभी ठीक से उतार नहीं पाए थे कि नई किताबें थमा दी गईं।बच्चों के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले इस बार नया शिक्षा सत्र भी समय से पहले प्रारंभ हो गया है। अब गर्मी की छुट्टियां सत्र की शुरुआत के डेढ़ माह बाद होने की स्थिति बन रही है। दरअसल, परिणाम के तुरंत बाद नए सत्र में बच्चों को नई कक्षा में प्रवेश मिल गया। इस बीच परीक्षा में पास होने की खुशी से उपजे आनंद को महसूस करने, उमंग में थोड़ा झूमने का समय बच्चों को बिल्कुल नहीं मिला। बच्चे अभी परिणाम की मिठास चख ही पाए थे कि स्कूल की कक्षाओं की घंटियां बज गईं। ऐसा लगता है कि कुछ मजा नहीं आ रहा, नए सत्र का एहसास भी नहीं हो पा रहा। डेढ़-दो दशक पहले अगली कक्षा में जाने की जबरदस्त खुशी का वातावरण घर-परिवार के साथ-साथ दोस्तों के बीच छा जाता था। कई दिनों तक दोस्तों के साथ मस्ती, ननिहाल में हंसी-ठिठोली का माहौल बना रहता। रंग-बिरंगे गुब्बारे, मिठाइयां बांटना, नए कपड़े पहनना- सब कुछ उत्सव की तरह होता। मगर इस बार न मस्ती है, न ही अगली और बड़ी कक्षा में प्रवेश का उत्साह। नए सत्र की तैयारी, जो घर-घर में त्योहार की तरह होती थी, इस बार वह भी अधर में लटक गई। शिक्षा सत्र को लेकर तैयारी का समय ही नहीं मिला और अगले ही दिन कक्षा बदल गई। अध्ययन का समय बढ़ाना और सत्र के कैलेंडर में वर्ष भर परिवर्तन करने को लेकर शायद ही किसी को कोई आपत्ति होगी, लेकिन परिणाम के ठीक अगले दिन स्कूल फिर शुरू हो जाना और डेढ़ माह बाद छुट्टियों की शुरुआत की व्यवस्था व्यावहारिक रूप से जंच नहीं रही। यह समझना मुश्किल है कि ऐसा क्यों किया गया। क्या इसमें बच्चों की रुचि रही है या उनकी क्षमता विकसित करने का कोई बड़ा इरादा है! स्कूलों को भी नए शिक्षा सत्र के स्वागत की तैयारी के लिए समय नहीं मिला। कक्षाएं सजाने, शिक्षकों का प्रशिक्षण, नई किताबों का वितरण- सब कुछ जल्दबाजी में हो गया। नतीजा यह हुआ है कि बच्चे थके-मांदे से लग रहे हैं, उत्साह की जगह ऊब और बोरियत ने ले ली है। सवाल है कि बच्चों के साथ ऐसा होने का लाभ किसे मिलने वाला है? पुराने समय में गर्मी की छुट्टियां डेढ़ माह लंबी होती थीं। स्कूल बंद होते ही सत्र की समाप्ति को लेकर खुशी देखी जाती। फिर उसके बाद नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होती। आमतौर पर छुट्टियों के अंतिम दस दिन विशेष तैयारी के होते। मां-पिता कपड़े संभालते, धोते-रंगते। स्कूल का नया परिधान सिलवाया जाता, पुराने परिधान को संभाल कर रखा जाता। यह सब करना रोमांच से भरा होता था।

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और उन्नति के संकेत दे रहा है। नौकरी में सकारात्मक माहौल रहेगा, लेकिन उच्च अधिकारियों से विवाद की संभावना है, इसलिए वाणी और क्रोध पर संयम आवश्यक है। प्रेम संबंधों में दूरी आ सकती है। पेट से जुड़ी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। श्री सूक्त का पाठ और अन्न दान लाभकारी रहेगा। हरा और लाल रंग शुभ रहेगा।

### वृष
आज का दिन सफलता और प्रगति का संकेत लेकर आया है। चन्द्रमा तुला में और सूर्य मीन में होने से छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। करियर में आ रही बाधाओं को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। व्यापार में वृद्धि के संकेत हैं, जबकि युवा वर्ग को प्रेम संबंधों में भावुकता से बचने की सलाह है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### मिथुन
आज का दिन पारिवारिक और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ा रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की संभावना है। व्यवसाय में अभी धैर्य रखने की आवश्यकता है, सफलता थोड़ी देर से मिलेगी। रियल एस्टेट, सोना या शेयर बाजार में निवेश भविष्य में लाभ देगा।

### तुला
आज दिन अत्यंत शुभ है। सूर्य और शनि का सप्तम गोचर व्यापार में सफलता दिलाएगा। चन्द्रमा का द्वितीय और गुरु का दशम भाव में होना आर्थिक और पारिवारिक सुख प्रदान करेगा। अचानक धन लाभ की संभावना है। छात्रों को विशेष सफलता मिलेगी। प्रेम जीवन भी सुखद रहेगा। हनुमान चालीसा का 07 बार पाठ करें।

### वृश्चिक
आज तुला जातकों के लिए चन्द्रमा का स्वयं की राशि में गोचर मानसिक संतुलन और आकर्षण बढ़ाएगा। आईटी, बैंकिंग और मीडिया क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। प्रेम जीवन में यात्रा सुखद अनुभव देगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है, विशेषकर साइनस रोगियों के लिए। हनुमान जी की उपासना करें। धार्मिक पुस्तकों का दान करें। प्रेम जीवन सुखद रहेगा।

### धनु
आज का दिन विशेष रूप से आईटी और बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए लाभकारी रहेगा। चन्द्रमा का पंचम भाव में गोचर छात्रों को सफलता दिलाएगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और रुके हुए सरकारी कार्य पूरे होंगे। प्रेम जीवन में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन स्वास्थ्य विशेषकर रक्तचाप को लेकर सतर्क रहना होगा। भगवान शिव की उपासना और गुड़ का दान शुभ फल देगा।

### कर्क
आज चन्द्रमा का भाग्य भाव में होना प्रगति के संकेत दे रहा है। छात्र अपने करियर में सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा और व्यवसाय में सुधार आएगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। श्री विष्णुसहस्रनाम का पाठ करें। सूर्य उपासना करें।पिता का आशीर्वाद लें।

### सिंह
आज सूर्य और शनि का गोचर आत्मबल को बढ़ाएगा, लेकिन चन्द्रमा का अष्टम भाव में होना स्वास्थ्य के प्रति सावधानी की आवश्यकता दर्शाता है। नौकरी में उन्नति होगी और बैंकिंग क्षेत्र में विशेष लाभ मिलेगा। प्रेम जीवन सुखद रहेगा। छात्र अपने करियर को नई दिशा देने में सफल होंगे। भगवान बिष्णु जी की उपासना करें व चने की दाल का दान करें।

### कन्या
आज का दिन थोड़ी चुनौतियां ला सकता है, लेकिन चन्द्रमा का तृतीय गोचर प्रयासों में सफलता दिलाएगा। नए व्यवसायिक प्रोजेक्ट में सफलता मिलेगी और अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को समय का सही उपयोग करना चाहिए। प्रेम जीवन में कुछ तनाव संभव है।

### मकर
आज चन्द्रमा का द्वादश गोचर कुछ मानसिक तनाव ला सकता है, लेकिन शुक्र और मंगल रियल एस्टेट में लाभ देंगे। परिवार में चल रहे विवादों का समाधान मिलेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। भगवान विष्णु जी के मंदिर जाएं व उनकी चार परिक्रमा करने से सभी समस्याएं समाप्त होती हैं।

### कुंभ
आज चन्द्रमा का कर्म भाव में गोचर कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाएगा। शनि का सहयोग मिलने से प्रदर्शन बेहतर होगा। व्यापार में लाभ होगा और प्रेम जीवन में सकारात्मक दिशा मिलेगी। विवाह संबंधी चर्चाएं आगे बढ़ सकती हैं। वाहन खरीदने का विचार बन सकता है। श्री सूक्त का पाठ करें।तिल व गुड़ का दान सहायक है। श्री गणेश जी की उपासना करें। गुड़ व मूंग का दान करें।

### मीन
आज सूर्य और शनि का चतुर्थ भाव में होना पारिवारिक सुख और स्थिरता प्रदान करेगा। गुरु और चन्द्रमा का शुभ गोचर नौकरी और करियर में सफलता देगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और प्रेम जीवन आनंदमय रहेगा। सायंकाल यात्रा के योग बन रहे हैं। श्री कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। सात अन्न का दान लाभदायक है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6081

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 6081



संकेत: बाएं से दाएं
1. 1893 को अमेरिका में यहां विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मो मे निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया था (3)
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में एक द्वीप समूह जिसकी राजधानी माले है (4)
6. यह वृक्ष सबसे अधिक आक्सीजन देता है (3)
8. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
9. लगातार चलते रहने का क्रम (2)
11. भेजा गया, प्रस्थित (3)
12. एक प्रसिद्ध वाद्य जो शंकर भगवान को प्रिय था (3)
14. मुझे (मराठी )(2)
15. पालने वाला (3)
17. ग्राम, खेड़ा, छोटी बस्ती (2)
18. गुजरात के एक प्रधान नगरी जो हिंदू धर्म मानने वालों के चार धामों में से एक है (3)
21. काजल, अंजन (4)
22. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
23. पराग के कण, गर्द, धूल (2)

संकेत: ऊपर से नीचे
१. शिव का प्रलय नाच (5)
2. ग्वालिन, गोपिका, छिपने वाला (2)
3. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला (5)
4. दयनीय अवस्था, गरीब, दरिद्र (2)
5. वह माला जो वधू द्वारा वर को गले में पहनाई जाए (4)
7. पंख, किंतु, लेकिन, डैना (2)
10. मनोविकार, दोष, परेशान, व्याकुल (2)
13. टीवी धारावाहिक महाभारत में द्रोपदी की भूमिका निभाने वाली लोकप्रिय कलाकार (5)
14. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना गया है (5)
16. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी) (2)
18. इसे वैश्य युग कहा गया है (3)
19. कार्य, काम, बटन का घर (2)
20. वातग्रस्त से व्यक्ति, लंगड़ा, शक्तिहीन (2)

### वर्ग पहेली 6080 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | विं | द | व | ल्ल | भ | पं | त |
| द | | वा | र | | ला | ग | त |
| सू | ना | | द | म | | त | |
| नी | म | | क्षि | ति | ज | | जा |
| र | | गु | णा | | ल | कु | ट |
| ह | ला | ल | | आ | दे | श | |
| जा | | जा | वा | | व | | लौ |
| ना | ह | र | | सु | ता | र | |


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# रेसलर विनेश फोगाट बोलीं-बृजभूषण के शोषण की मैं भी विक्टिम

## गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा, वहां मेरे साथ गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार

**पानीपत (एजेंसी)।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। मैं और मेरी टीम कॉम्पिटीशन लड़ेगी, अगर किसी के साथ कुछ गलत होता है तो इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है।



**पिछले डेढ़ साल से मैट से दूर थी** - विनेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेस्लिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेसलिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं।

जैसे मैंने पहले देश के लिए मेडल जीते, परमात्मा के आशीर्वाद से, आप सबके सहयोग से फिर से रेसलिंग मैट पर जाऊं और देश के लिए ढेर सारे मेडल जीतूं और देश के तिरंगे का मान बनाए रखूं।

**एक महीने पहले कॉम्पिटीशन अनाउंस हुआ** - विनेश ने आगे कहा कि मैं आप सबके साथ वीडियो के माध्यम से कुछ बातें साझा करना चाहती हूं। आज से करीब एक महीना पहले रेसलिंग फेडरेशन ने एक कॉम्पिटीशन का अनाउंसमेंट किया गया। यह टूर्नामेंट जहां पर ऑर्गनाइज करवाया जा रहा है, वो गोंडा यूपी है। जहां बृजभूषण का घर है।

वहां उसका प्राइवेट कॉलेज है। वहां पर मेहनत करने वाले हर खिलाड़ी को उसका हक मिलेगा, यह बड़ा नामुमकिन और बहुत इम्पॉसिबल चीज है।

**सरकार ने सब बृजभूषण के सहारे छोड़ा** - विनेश ने कहा, कौन रेफरी, किसके मैच में जाएगा। कौन रेफरी कितने पॉइंट देगा, कौन मैच चेयरमैन कहां पर बैठेगा, किसको जितवाना है, किसको हरवाना है। ये सब बृजभूषण और उसके लोगों द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। सरकार और हमारा खेल मंत्रालय मूक दर्शक बनकर इस चीज को देख रहा है।

कोई खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे नहीं आ रहा, मानो बृजभूषण को फ्री हैंड दिया हुआ है कि तुम जो मर्जी करो। चाहे तुम महिला पहलवानों के साथ कुछ करो या तुम कुश्ती जगत के साथ कुछ भी करो। हम तुम्हारे साथ में खड़े हैं। सभी मेहनती खिलाड़ियों का वजन सही से चेक किया जाएगा, उनकी मेहनत का असल रिजल्ट मैट पर निकलकर आएगा, ऐसा मुझे नहीं लगता।

**केस कोर्ट में पेंडिंग है** - विनेश ने कहा कि आज से तीन साल पहले हमने सेक्सुअल हैरेसमेंट के खिलाफ भी आवाज उठाई थी। उससे संबंधित केस कोर्ट में पेंडिंग है। 6 महिला खिलाड़ियों ने उसमें शिकायत और गवाही दी थी, उस केस में गवाहियां चल रही है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि किसी भी पीड़ित की पहचान को सार्वजनिक न किया जाए, क्योंकि उनकी गरिमा और मान सम्मान की बात होती है।

# थॉमस कप के सेमीफाइनल में भारत फ्रांस से हारा

## चोट की वजह से लक्ष्य सेन नहीं खेले, श्रीकांत और प्रणय भी हारे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस से हारकर बाहर हो गई। 2022 की चैंपियन भारतीय टीम 3-0 से हारी। इस मुकाबले में भारत का कोई खिलाड़ी मैच नहीं जीत सका। मैच से पहले ही लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण बाहर बैठना पड़ा, जो टीम के लिए बड़ा झटका था। फ्रांस ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ग्रुप स्टेज में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को हराने के बाद भारत को भी एकतरफा मुकाबले में हराया।



**लक्ष्य सेन कोहनी की चोट के कारण बाहर रहे** - क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान लक्ष्य सेन को दाहिनी कोहनी में चोट लग गई थी। मैच के दौरान कई बार डाइव लगाने की वजह से उनकी कोहनी में सूजन आ गई थी। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने बताया कि मेडिकल स्टाफ की सलाह पर एहतियात के तौर पर उन्हें आराम दिया गया ताकि वे गंभीर चोट से बच सकें। उनकी गैरमौजूदगी में भारत की चुनौती कमजोर पड़ गई।

**आयुष शेट्टी को क्रिस्टो पोपोव ने 39 मिनट में हराया** - मुकाबले की शुरुआत में आयुष शेट्टी का सामना क्रिस्टो पोपोव से हुआ। पोपोव ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बनाए रखा और नेट पर शानदार खेल दिखाया।

# टी20 मुंबई लीग में नीलामी, अर्जुन पर लगी भारी भरकम बोली

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इससे पूर्व पहली महिला लीग की नीलामी की सफलता के बाद पुरुषों की फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बोली की मेज पर जोरदार मुकाबला किया, जिसमें उन्होंने जाने-माने अंतरराष्ट्रीय सितारों और शहर की सबसे होनहार उभरती प्रतिभाओं का मेल बिठाया।



सीजन 4 की नीलामी में बोलियों की जोरदार जंग देखने को मिली जिसमें ऑलराउंडर आकाश पारकर सबसे कीमती खिलाड़ियों में से एक बने। उन्हें सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 12 लाख रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रसाद पवार (11.50 लाख रुपए) और हरफनमौला मुशीर खान (11 लाख रुपए) को आर्क्स अँधेरी ने अपने इरादे साफ करते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले लीग ने आइकॉन खिलाड़ियों की एक जबरदस्त सूची की पुष्टि की थी, जो अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की अगुवाई करेंगे। इस सूची में भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मुंबई के दिग्गज शामिल हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव (ट्रंफ नाइट्स मुंबई नार्थ ईस्ट), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फालकन्स), अजिंक्य रहाणे (नार्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (आर्क्स अंधेरी), यशस्वी जायसवाल (बांद्रा ब्लास्टर्स), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान (आकाश टाइगर्स) और तुषार देशपांडे (रूस्ष्ट मराठा रॉयल्स) शामिल हैं। इस नीलामी ने भविष्य के सितारों के लिए एक लॉन्चपैड के तौर पर लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

अर्जुन तेंदुलकर आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे; उन्हें आर्क्स अंधेरी ने 10 लाख रुपए में खरीदा। दूसरी ओर, युवा सनसनी आयुष म्हात्रे और सूर्यांश शेडगे को ट्रंफ नाइट्स ने अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों के तौर पर बरकरार रखा। रूस्ष्ट के प्रेसिडेंट, अजिंक्य नाइक ने कहा, 'टी20 मुंबई लीग देश के सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 प्लेटफॉर्म्स में से एक के तौर पर लगातार आगे बढ़ रही है। ऑक्शन में हमने जो ज़बरदस्त जोश देखा, वह मुंबई में मौजूद टैलेंट की गहराई और इस इकोसिस्टम पर फ्रेंचाइज़ियों के भरोसे, दोनों को दिखाता है। अब जब खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर तैयार हो चुका है, तो हम एक ऐसे सीजन के लिए तैयार हैं जो क्रिकेट की क्वालिटी, मुकाबले और कुल मिलाकर स्टैंडर्ड के मामले में एक नया बेंचमार्क सेट करेगा।' लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन, राजदीप गुप्ता ने आगे कहा, 'ऑक्शन ने एक बार फिर मुंबई की क्रिकेटिंग पाइपलाइन की ताक़त को उजागर किया है। फ्रेंचाइज़ियों ने अपनी अप्रोच में काफी सोच-समझकर फैसले लिए हैं और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते हुए टैलेंट का एक संतुलित मिश्रण तैयार किया है। यह कॉम्बिनेशन एक हाई-परफॉर्मेंस वाला माहौल बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है, और हमें उम्मीद है कि सीजन 4 में हमें बेहद प्रतिस्पर्धी और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।' यह टूर्नामेंट जून में शुरू होने वाला है, और इसकी तारीखें और जगहें जल्द ही बता दी जाएंगी। इससे पहले टी20 मुंबई वीमेन्स लीग का पहला ऑक्शन हुआ, जिसमें टीनएज सेंसेशन इरा जाधव ने सुर्खियां बटोरीं, जब आकाश टाइगर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए 10 लाख रुपये खर्च किए।

# विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित हरलीन देओल को नहीं मिला मौका

**मुंबई, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय महिला टीम घोषित हो गई। मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक के बाद टीम का एलान कर दिया गया। भारतीय टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर की अगुआई में खेलने उतरेगी। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था और अब टीम की नजरें अपने पहले टी20 विश्व कप खिताब पर होंगी। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।




### टीम में क्या खास?

टी20 विश्व कप के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनकैप्ड नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया है। प्रतिका रावल को टीम से बाहर कर दिया गया जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाईं। नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

### भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित

टी20 विश्व कप के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भी टीम का एलान किया गया है। इसमें प्रतिका रावल को मौका मिला है। यह मुकाबला 10 से 13 जुलाई के बीट लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।

**टेस्ट मुकाबले के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।

### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

### हरमनप्रीत कौर पांचवीं बार करेंगी कप्तानी

भारतीय टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जो इस ग्लोबल टूर्नामेंट में पांचवीं बार टीम की अगुवाई करेंगी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह भारत की शीर्ष स्कोरर रही थीं। उपकप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना को सौंपी गई है। भारतीय टीम ने अपने स्पिन विभाग को मजबूत किया है, जिसमें दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी और राधा यादव शामिल हैं। ये सभी गेंदबाज हालिया दक्षिण अफ्रीका सीरीज में प्रभावी रहे थीं। भारत का हालिया टी20 प्रदर्शन ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहा है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम ने 21 में से 13 मैच जीते हैं, लेकिन इस साल 8 में से सिर्फ 3 मुकाबले ही जीत पाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में भारत को 5 में से 4 मैचों में हार झेलनी पड़ी।

# उसे बच्चा ही रहने दो

## आरसीबी के स्टार ने वैभव को लेकर की खास अपील, अपने पुराने बयान पर दिखे कायम

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से धमाल मचा रखा है। 15 साल का ये बल्लेबाज कई लोगों का चहेता है और उनमें से ही एक हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा। जितेश ने कुछ दिन पहले वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ था। जितेश ने अब इस पर दोबारा बात की है और कहा है कि वैभव अभी भी बच्चा है और उसे ऐसा ही रहने दो।



जितेश ने आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। अपने इस बयान को लेकर जितेश ने सफाई दी है।

### ये है सच्चाई

जितेश ने एक पॉडकास्ट में बताया कि डिविलियर्स ने उनसे भारत के भविष्य के बारे में पूछा था और उन्होंने जवाब में वैभव का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। हम दोनों काफी करीब हैं। मैं उसे कुछ भी कह सकता हूं। एबी ने मुझसे पूछा था कि आपको क्या लगता है कि कौन-सा खिलाड़ी भारत के लिए स्टार बनेगा? मैंने तुरंत वैभव का नाम लिया। जब उन्होंने पूछा कि क्यों? तो मैंने उसकी तकनीक, मानसिकता और मेहनत के बारे में बताया। मैंने कहा कि वैभव तीनों फॉर्मेट में धमाल मचा सकता है और वह मैदान पर काफी प्रोफेशनल दिखता है लेकिन मैदान के बाहर ऐसा नहीं है। '

### वैभव सूर्यवंशी को आईसक्रीम पसंद है

अपने और वैभव की दोस्ती के बारे में बात करते हुए जितेश ने कहा, 'वह 15 साल का बच्चा है जिसे आईसक्रीम खाना पसंद है। वह मेरे कमरे में आता है और खाता है। मैं नहीं खाता वो खाता है। एक बच्चा अगर आईसक्रीम नहीं खाएगा तो क्या करेगा? वह मेरे घर आता है, मेरी पत्नी से बात करता है। यूट्यूब पर वीडियो देखता है। वह मेरे छोटे भाई की तरह है।' जितेश ने कहा कि लोग क्या कहते हैं उससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, 'मुझे फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहते हैं। उनसे काफी सारे प्रोफेशनलिज्म की उम्मीदें हैं क्योंकि उसे इस लेवल पर प्रदर्शन करना है, लेकिन वह अभी भी 15 साल का है। एक बच्चे को बच्चा रहने दो।'

# मित्तल परिवार ने 15,660 करोड़ में खरीदी राजस्थान रॉयल्स

## आईपीएल फ्रेंचाइजी में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी; अदार पूनावाला भी पार्टनर

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स को उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल और आदित्य मित्तल ने खरीद लिया है। अदार पूनावाला के साथ पार्टनरशिप में फ्रेंचाइजी को खरीदने का समझौता किया है। इस डील की अनुमानित एंटरप्राइज वैल्यू करीब 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 15,660 करोड़ रुपए) बताई जा रही है। जो इसे आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी निवेश डील्स में शामिल करती है।



डील पूरी होने के बाद मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स की लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि अदार पूनावाला करीब 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ साझेदार बने रहेंगे। वहीं, बाकी 7 प्रतिशत हिस्सेदारी मनोज बडाले और अन्य मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी। मनोज बडाले फ्रेंचाइजी से जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव के जरिए टीम को मार्गदर्शन देते रहेंगे, जिससे पुराने और नए मैनेजमेंट के बीच संतुलन बना रहेगा।

**सौदा सितंबर 2026 तक पूरा होगा** - राजस्थान रॉयल्स अब केवल आईपीएल टीम तक सीमित नहीं रही है, बल्कि एक ग्लोबल क्रिकेट ब्रांड बन चुकी है। इस सौदे में केवल आईपीएल टीम ही नहीं, राजस्थान रॉयल्स के मालिकाना हक वाली दक्षिण अफ्रीका की 'पार्ल रॉयल्स' और कैरेबियन लीग की 'बारबाडोस रॉयल्स' भी शामिल हैं। हालांकि यह डील अभी नियामक मंजूरियों पर निर्भर है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ,आईपीएल गवर्निंग काउंसिल और अन्य संबंधित संस्थाओं की स्वीकृति के बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। अनुमान है कि सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद यह सौदा सितंबर 2026 तक पूरा हो सकता है। नए मालिकाना स्ट्रक्चर में लक्ष्मी एन. मित्तल, आदित्य मित्तल, वनिशा मित्तल-भाटिया, अदार पूनावाला और मनोज बडाले बोर्ड में शामिल होंगे। इससे पहले अमेरिकी बिजनेसमैन काल सोमानी और उनके कंसोर्टियम ने 1.63 बिलियन डॉलर (करीब 15,289 करोड़ रुपए) की रिकॉर्ड बोली लगाकर फ्रेंचाइजी को खरीदा। उसे एक्सक्लूसिविटी मिल भी गई थी, लेकिन बाद में यह सौदा नहीं हो सका।

आईपीएल 2026 का गणित-

# चेन्नई की उम्मीदें कायम, मुंबई मुश्किल में

## सभी मैच जीतने ही होंगे



**मुंबई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हराया। टीम ने इंडियंस को सीजन में दूसरी बार पटखनी दी है। इस जीत से चेन्नई ने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी है। वहीं, मुंबई इंडियंस की राह बहुत ही ज्यादा मुश्किल हो गई है।

### पॉइंट्स टेबल की मौजूदा सिचुएशन

**चेन्नई ने दिल्ली को पीछे छोड़ा, छठे नंबर पर आई** - मुंबई को हराने के बाद चेन्नई ने मौजूदा सीजन की पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स को पीछे छोड़ दिया है।ऋतुराज गायकवाड की टीम ने सीजन में 9 मैच खेल लिए हैं। टीम ने चौथी जीत हासिल की है। टीम 8 अंक के साथ एक स्थान के फायदे के साथ छठे नंबर पर आ गई है। मुंबई को 7वीं हार का सामना करना पड़ा है। टीम 9 में से 2 मैच ही जीत सकी है। मुंबई यहां से सभी मैच जीतती है तो उसके 14 अंक होंगे। पिछले चार आईपीएल सीजन में सिर्फ एक बार कोई टीम महज 14 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंची है। ऐसा पिछले ही सीजन में हुआ था। 2022, 2023 और 2024 में चौथे प्ले-ऑफ की सभी टीमों ने कम से कम 16 पॉइंट्स हासिल किए थे।

**कोलकाता वापसी की राह पर** - कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम वापसी की राह पर है। टीम पिछले दो मैच जीतकर आ रही है। उसके पास आज जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। टीम ने अब तक 8 में से 2 मैच ही जीत सकी है। ऐसे में उसे अब बचे हुए 6 मैचों में जीत हासिल करनी होगी। एक भी मैच हारने पर उसे दूसरी टीमों के भरोसे रहना होगा।

**सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ की दहलीज पर** - हैदराबाद की टीम प्लेऑफ की दहलीज पर है। टीम ने 9 में से 6 मैच जीत लिए हैं और 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। पैट कमिंस की टीम के पास आज पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचने का मौका है।

**गुजरात टॉप-4 की रेस में कायम-** गुजरात की टीम भी प्लेऑफ की रेस में कायम है। टीम ने 9 में से 5 मैच जीते हैं। वह 10 अंक के साथ 5वें स्थान पर है। आज गुजरात के पास जीत के साथ शीर्ष-4 में स्थान हासिल करने का मौका है। हालांकि, प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे 6 में से कम से कम 3 मैच जीतने होंगे।

**पंजाब प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे** - टेबल टॉप पंजाब की टीम प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे है। टीम 8 में से 6 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। एक नो रिजल्ट मैच के सहारे उसके पास 13 अंक हैं। श्रेयस अय्यर की टीम की टीम आज जीत से प्लेऑफ के और करीब पहुंच जाएगी।

## न्यूज बाइट्स

### हर चौक-चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और मद्यनिषेध कानून को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में विशेष रूप से जांच की गई, जहां वाहनों की तलाशी लेकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस टीमों ने अभियान के तहत वाहनों के कागजात, चालकों की पहचान और अवैध वस्तुओं की जांच की। साथ ही शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खास सतर्कता बरती गई। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के नियमित अभियान से न केवल अपराधियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें और सुरक्षित एवं अपराधमुक्त औरंगाबाद बनाने में सहयोग करें।

### समाजसेवी-पत्रकार शिवकुमार सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक के समीप अवस्थित स्थानीय सिद्धपीठ पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. शिवकुमार सिंह की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साहित्यिक संस्था 'समकालीन जवाबदेही परिवार' एवं औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्व. शिवकुमार सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें एक समर्पित समाजसेवी और निष्पक्ष पत्रकार के रूप में याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शिवकुमार सिंह ने अपने जीवनकाल में समाज सेवा को सर्वोपरि रखा। वे कई बार पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए और इस पद के माध्यम से आम जनता की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने निष्पक्षता और ईमानदारी को अपना मूल सिद्धांत बनाया। समकालीन जवाबदेही के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र एवं प्रोफेसर शिवपूजन सिंह ने कहा कि स्व. शिवकुमार सिंह ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम मानते हुए सदैव सत्य और निष्पक्षता का साथ दिया।

# कमरे में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, पति गिरफ्तार, इलाके में सनसनी



- मायके पक्ष ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

जिले के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। कमरे में फंदे से लटकी हुई युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मंटू भुइयां की पत्नी अंजलि कुमारी (20) के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर कहासुनी और झगड़ा होता रहता था। शनिवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद अंजलि ने कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के समय ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार पाए गए, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। मृतका की मां, गया जिले के डुमरिया निवासी अशवा देवी ने अंबा थाना में दर्ज कराए गए बयान में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पति मंटू भुइयां अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता था और मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करता था। इसी से परेशान होकर अंजलि ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

इधर, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई है। मृतका की मां के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## लापता युवक का शव मिलने से सनसनी परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर क्षेत्र में चार दिनों से लापता युवक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास खेत में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है। मृतक की पहचान दिग्घी निवासी पीयूष कुमार (20) के रूप में हुई है, जो घर से शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन फिर वापस नहीं लौटा।

परिजनों के अनुसार, पीयूष 28 अप्रैल की रात करीब 9 बजे अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकला था। ग्रामीणों ने भी उसे शादी समारोह में देखा था, लेकिन रातभर घर नहीं लौटने पर परिवार को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो 29 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की, लेकिन लगातार तीन दिनों तक कोई सफलता नहीं मिली। इसी बीच चौथे दिन शनिवार की शाम सूचना मिली कि नवीनगर रेलवे स्टेशन के समीप 25 नंबर केबिन के पास खेत में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान पीयूष कुमार के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि शव की स्थिति अत्यंत भयावह थी। शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षत-विक्षत मिला, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। परिजनों का आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। मृतक के बहनोई विवेक रंजन सिंह का कहना है कि पीयूष की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंका गया है, ताकि इसे हादसा या आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पीयूष अपने घर का इकलौता बेटा था और हाल ही में इंटरमीडिएट परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर आगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसकी असामयिक मौत से परिवार की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना 2027 : 'हाउस लिस्टिंग' कार्य में तेजी, घर-घर सर्वे शुरू



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग' का कार्य तेज़ी से संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में प्रगणक अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं। इस चरण के अंतर्गत जिले के प्रत्येक घर का विवरण दर्ज किया जा रहा है और सभी आवासों पर हाउसहोल्ड नंबर अंकित किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया जनगणना की आधारशिला मानी जाती है, क्योंकि इसी से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की योजना, क्रियान्वयन और निगरानी सुनिश्चित की जाती है।

प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार, हाउस नंबरिंग एवं हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) का नज़री नक्शा तैयार करने का कार्य सभी प्रगणकों द्वारा 4 मई 2026 तक पूरा किया जाना है। इसके लिए सभी प्रगणकों को निर्धारित समयसीमा में अपने-अपने क्षेत्र में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में 2 मई से 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।

जनगणना कार्य में लगे प्रगणक और पर्यवेक्षक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी संकलित कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन, औरंगाबाद ने आम जनता से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहयोग करें। प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जिले के समग्र विकास की योजनाएं सटीक आंकड़ों के आधार पर तैयार की जा सकें।

## औरंगाबाद में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य प्रतिदिन 6791 सिलेंडर की हो रही डिलीवरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। 3 मई 2026 की अद्यतन समीक्षा के अनुसार जिले की विभिन्न गैस एजेंसियां औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की आपूर्ति कर रही हैं और लंबित बुकिंग का निष्पादन भी लगातार किया जा रहा है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6951 सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग 6791 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि आपूर्ति व्यवस्था संतुलित बनी हुई है। वहीं जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त बताई गई है।

देव प्रखंड स्थित आकांक्षा एचपी गैस एजेंसी में लगातार निगरानी के परिणामस्वरूप बैकलॉग शून्य हो गया है और सभी उपभोक्ताओं की मांगों को समय पर पूरा किया जा रहा है। यह जिले के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने और वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

प्रखंड स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार भी जारी है। 2 मई 2026 तक कुल 238 नए पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जबकि 7 व्यावसायिक संस्थानों ने भी पीएनजी कनेक्शन लिया है। इनमें शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क और होटल स्काई व्यू जैसे प्रतिष्ठान शामिल हैं। आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्याः 06186-295027) सक्रिय है। 2 मई को प्राप्त कुल 4 शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया है। जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## 240 लीटर स्प्रिट बरामद, दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। स्पिरिट लदी एक बोलेरो गाड़ी को जब्त किया है। इस दौरान गाड़ी पर सवार दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर आज एनएच-139 पथ स्थित एरका चेकपोस्ट के पास की गई। एसआई किशन कुमार और एएसआई सूर्यदेव कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड के छतरपुर क्षेत्र से एक बोलेरो गाड़ी में स्पिरिट लादकर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने एरका चेकपोस्ट के पास सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। दक्षिण दिशा से आ रहे सभी चार पहिया वाहनों की बारीकी से तलाशी ली जा रही थी। इसी क्रम में एक संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी के अंदर छिपाकर रखे गए छह प्लास्टिक के गैलनों से कुल 240 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। इसके बाद मौके पर ही गाड़ी सवार दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान झारखंड के छतरपुर बाजार निवासी प्रेम कुमार चौधरी और रोहतास जिले के दरिहट निवासी शंकर राम के रूप में की गई है।

## 19 मई को पंचायत स्तर पर लगेगा सहयोग शिविर, शिकायतों का होगा त्वरित निवारण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुख्य सचिव, बिहार, पटना के निर्देश पर औरंगाबाद जिले में आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार यह शिविर 19 मई 2026 (मई माह का तृतीय मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से शुरू होंगे। जिले के विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत औरंगाबाद प्रखंड के फेसर एवं खैरा मिर्जा, बारुण के धमनी, देव के हसौली, मदनपुर के सलेया, कुटुम्बा के रिसियप, नवीनगर के टण्डवा, ओबरा के डिहरी, दाउदनगर के तरारी, गोह के डिहुरी, हसपुरा के अहियापुर तथा रफीगंज के मेटनिया पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे।

इन शिविरों में आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किया जाएगा और यथासंभव तत्काल निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उनके लिए अधिकतम 30 दिनों के भीतर निवारण की समयसीमा तय की गई है। जिला प्रशासन ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविर स्थलों पर आमजनों की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन, औरंगाबाद ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने-अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ भी उठाएं, जिससे शासन की योजनाएं सीधे आम लोगों तक पहुंच सकें।

## कायस्थ समाज की सक्रिय सदस्य उषा सिन्हा का निधन



**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** जिले के बिराटपुर निवासी स्वर्गीय अजय कुमार सिन्हा की पत्नी उषा सिन्हा का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उषा सिन्हा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जानी जाती थीं और कायस्थ समाज में उनकी एक सम्मानित पहचान थी। उनके पुत्र आलोक कुमार सिन्हा जहां एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, वहीं कायस्थ महासभा बिराटपुर के वरीय पदाधिकारी के रूप में भी कार्यरत हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उनके भतीजे सूर्यकांत ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस, औरंगाबाद के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं। उषा सिन्हा के निधन पर विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक स्तर के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, कायस्थ महासभा बिराटपुर शाखा के अध्यक्ष सह लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत, दीपक बलजोरी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं।

## औरंगाबाद की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला पानीपत में उजागर, जीरो एफआईआर दर्ज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिले की रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के गर्भवती होने का मामला हरियाणा के पानीपत में सामने आया है, जिससे सनसनी फैल गई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोरी को पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पीड़िता ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, किशोरी अपनी मां के साथ पानीपत स्थित अपनी मौसी के घर आ रही थी। रेलवे स्टेशन से घर जाते समय उसे अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल सिविल अस्पताल ले गए। चिकित्सकीय जांच के दौरान गर्भवती होने की जानकारी सामने आते ही परिवार स्तब्ध रह गया।

मामले की सूचना मिलते ही "नारी तू नारायणी उत्थान समिति" की अध्यक्ष सविता आर्या अस्पताल पहुंचीं और पीड़िता व उसकी मां से पूरी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क कर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि करीब तीन महीने पहले, फरवरी 2026 में, उनके गांव में पड़ोस में रहने वाला युवक रामू झा घर में अकेले होने का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसे डराकर-धमकाकर कई बार इस कृत्य को दोहराया। यह सभी घटनाएं बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में हुईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पानीपत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 'जीरो एफआईआर' दर्ज की है। चूंकि घटना बिहार में हुई थी, इसलिए केस को संबंधित थाना क्षेत्र में ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(1) और पोस्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया है।

## मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में शराब व उपकरण बरामद





निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रतवार बिगहा गांव के पश्चिम स्थित एक तालाब के पास बनी झोपड़ी में चल रही मिनी शराब फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब के साथ-साथ शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण और सामग्री बरामद की गई है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही इस धंधे में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि जिले में मद्य निषेध कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की शाम उनके नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई कुणाल कुमार, सुशील कुमार सिंह, संजय ठाकुर, अहमद हुसैन सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने रतवार बिगहा से लगभग 500 मीटर पश्चिम स्थित झोपड़ी को घेरकर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान वहां से शराब निर्माण और पैकेजिंग का पूरा सेटअप बरामद हुआ, जिससे स्पष्ट है कि यहां बड़े पैमाने पर अवैध शराब तैयार कर उसकी सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने मौके से शराब के साथ-साथ ड्रम, बोतल, केमिकल और अन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस ने इस मामले में ओबरा थाना कांड संख्या 171/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छापेमारी : 70 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले में शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ओबरा थाना पुलिस ने लबदना स्थित सोन दियारा क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 70 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने सुनसान इलाके में दबिश दी, जहां एक व्यक्ति अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त पाया गया। मौके से भारी मात्रा में तैयार देसी महुआ शराब बरामद की गई, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में तस्करी के लिए ले जाने की तैयारी थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पडूरी गांव निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम गुरु चौधरी बताया गया है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान शराब तस्करी से जुड़े बड़े नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।



## यज्ञ आयोजन की धूम, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बना आकर्षण का केंद्र

निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)



बारूण प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत बरौली गांव इन दिनों धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। यहां आयोजित श्री राम-लखन-जानकी प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ने गांव के माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया है। चारों ओर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा वाचन, भजन-कीर्तन और विधिवत पूजा-अर्चना के माध्यम से श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं। वातावरण में गूंजते भक्ति गीत और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आ रहा है। गांव की सड़कों, मंदिर परिसर और घरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा बरौली किसी धार्मिक उत्सव स्थल में तब्दील हो गया है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही है।